राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 202 • नई दिल्ली, सोमवार 30 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




12 महायज्ञ के अंतिम दिन निवासचार्य महाराज ने ...

# प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर वोकल फॉर लोकल पर दिया जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## स्वदेशी सामान से जगमगाएं दिवाली



वोकल फॉर लोकल अभियान को और बढ़ाने की अपील करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस बार भी दिवाली के त्योहार पर घरेलू कारीगरों के उत्पाद खरीदें और स्वदेशी सामान से दिवाली मनाएं। इस आशय की बात प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 106वें एपिसोड के दौरान कही। राष्ट्र के साथ अपने विचार साझा कर रहे प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल अभियान को और आगे बढ़ाने की अपील देशवासियों से की। उन्होंने लोगों को दिवाली के त्योहार पर घरेलू कारीगरों के उत्पाद खरीदने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने गांधी जयंती पर कनॉट प्लेस में खादी स्टोर पर एक दिन में हुई रिकॉर्ड बिक्री का हवाला भी दिया। श्री मोदी ने कहा कि आज जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं, जहां हमें नारी शक्ति का सामर्थ्य देखने को नहीं मिल रहा हो। आज इस दौर में, जब हर तरफ उनकी उपलब्धियों को सराहा जा रहा है, तो हमें भक्ति की शक्ति को दिखाने वाली एक ऐसी महिला संत को भी याद रखना है, जिसका नाम इतिहास के सुनहरे पन्नो में दर्ज है। देश इस वर्ष महान संत मीराबाई की 525वीं जन्म-जयंती मना रहा है। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने तीर्थक्षेत्र अंबाजी मंदिर को याद किया और कहा कि आप सभी ने गुजरात के तीर्थक्षेत्र अंबाजी मंदिर के बारे में तो अवश्य ही सुना होगा। यहां गब्बर पर्वत के रास्ते में आपको विभिन्न प्रकार की योग मुद्राओं और आसनों की मूर्तियां नजर आएंगी। क्या आप जानते हैं कि इन प्रतिमाओं की खास बात क्या है? दरअसल ये कबाड़ से बनाई गईं मूर्तियां हैं, जो बेहद अद्‌भुत हैं। उन्होंने कहा कि अंबाजी शक्ति पीठ पर देवी मां के दर्शन के साथ-साथ ये प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं का आकर्षण केंद्र होती हैं।

## अमृत वाटिका का निर्माण होगा

यही नहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी के थिरु ए. के. पेरूमल, तमिल की प्रसिद्ध लेखिका बहन शिवशंकरी को भी याद किया। श्री मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है। यह भी सरदार साहब की जन्मजयन्ती के दिन है। इस संगठन का नाम है – मेरा युवा भारत, यानी माय भारत, माय भारत। उन्होंने कहा कि यह संगठन भारत के युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों देश के हर गांव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था। फिर अमृत कलश यात्राएं निकाली गईं। ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुंच रही हैं। यहां दिल्ली में उस मिट्टी को एक विशाल भारत कलश में डाला और इस पवित्र मिट्टी से दिल्ली में 'अमृत वाटिका'का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए खास है, क्योंकि इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हर बार की तरह, इस बार भी, हमारे त्योहारों में, हमारी प्राथमिकता हो 'वोकल फॉर लोकल'की। हम मिलकर उस सपने को पूरा करें, हमारा सपना है 'आत्मनिर्भर भारत'। उन्होंने कहा कि खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है इसका फायदा शहर से लेकर गाँव तक में अलग-अलग वर्गों तक पहुंचता है। गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है।

# बिहार में गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद कांग्रेस को नीतीश से ज्यादा भरोसा लालू पर

**जागृति संवाददाता। पटना**



बिहार में भले ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद), जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और कांग्रेस सहित कई दल मिलकर सरकार चला रहे हों, लेकिन कांग्रेस अभी भी लालू प्रसाद को ही भरोसेमंद मानती है। हाल के दिनों में प्रदेश की सियासत में कई तस्वीर ऐसी सामने आई हैं, जिससे इस बात को बल मिलता है कि राजद और कांग्रेस नीतीश कुमार पर आंख बन्द कर विश्वास करने की स्थिति में नहीं है। इधर, जदयू ने भी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतार कर यह साफ कर दिया है कि उनकी रणनीति बदलती रहती है। ऐसे में कांग्रेस को जदयू पर संशय बरकरार है। वैसे, कहा यह भी जा रहा है कि नीतीश कुमार ने जिस तरह मोतिहारी के महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाजपा की तारीफ करते हुए बयान दिया था, उसके बाद कांग्रेस और राजद सतर्क हो गई है। इसके बाद जब जदयू ने मध्य प्रदेश चुनाव में 10 प्रत्याशियों को उतारकर अपनी रणनीति के संकेत दिए तो राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पहले मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह की जयंती समारोह में शामिल होकर नीतीश कुमार की पार्टी को समझाने में देरी नहीं की। इसमें कोई शक नहीं कि दशकों से अधिक समय तक राजद और कांग्रेस बिहार ही नहीं केंद्र की राजनीति में भी एक साथ कदमताल करती रही है।

कांग्रेस और राजद की नजदीकी का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि विपक्षी दलों को एकजुट करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई, लेकिन लालू प्रसाद ने कांग्रेस के राहुल गांधी को 'दुल्हा' और सभी को बराती बनने की बातकर विपक्षी दलों के गठबंधन के नेता बनाए जाने के संकेत दे दिए। जदयू के नेता भी मानते हैं कि राजद और कांग्रेस के बीच अच्छी समझ को नकारा नहीं जा सकता। बिहार के मंत्री और जदयू के नेता अशोक चौधरी से जब आठ साल बाद लालू प्रसाद के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय जाने और श्री कृष्ण सिंह की जयंती समारोह में भाग लेने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा कि राजद और कांग्रेस में अच्छी अंडरस्टैंडिंग है। दोनों दल मिलकर लंबे समय से काम कर रहे हैं। इधर, कहा जाता है कि जदयू की मध्य प्रदेश में भले पकड़ नहीं हो, लेकिन जदयू ने जिन 10 क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है उसमे वे कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकते हैं। राजद के एक नेता ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर कहा कि 2015 में जिस तरह नीतीश कुमार ने राजद से मिलकर सरकार बनाई और फिर अलग हो गए, उसे राजद नहीं भूल सकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौनाहा के बेलसंडी में सुपर ब्रिक्स उद्योग के कैम्पस में चंपारण ईट निर्माता संघ की बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अज़मेर आलम गौनाहा**/रविवार को प्रखंड के बेलसंडी में सुपर ब्रिक्स उद्योग के कैंपस में चंपारण ईट निर्माता संघ का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में संघ क़ी मजबूती पर चर्चा की गई। वही बैठक को संबोधित करते हुए चंपारण ईट निर्माता संघ के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि संघे शक्ति कलि युगे, इस युग में संघ में ही शक्ति है इसलिए हम सब संगठित होकर रहे। संगठन ही हमारी ताकत है। हमें एकता की सूत्र में बंधना होगा। जब तक हम संगठित नहीं होंगे हमारी शोषण होती रहेगी। वही ईट निर्माता संघ के प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव ने अपने संबोधन में बताया कि 4 नवंबर को हम सभी ईंट निर्माताओ को नानोसती चलना है और वहां से एकत्रित होकर वहीं से पटना के लिए रवाना होना है। वही शमशाद आलम ने बताया कि गौनाहा प्रखंड में कूल 19 ईंट निर्माता हैं लेकिन संगठित नहीं होने के कारण हमें लाभ कम नुकसान ज्यादा हो रहा है। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह,असलम खान हकी, अंगूर आलम, उमाशंकर प्रसाद चौहान, अजय कुमार, कन्हैया लाल सागर, बृजलाल प्रसाद, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद तहियात, अशोक कुमार गुप्ता, शेख समसुद्दीन, फैजान आदिल, प्रहलाद महतों आदि ईट निर्माता संघ उपस्थित रहे।

### पतिलार पंचायत में आयोजित जन संवाद की तैयारियां पूर्ण, आज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत में होने वाले जन संवाद कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर है। जनसंवाद कार्यक्रम अनुमंडल पदाधिकारी के मौजूदगी में होगा जिसमे प्रखंड और पंचायत स्तरीय सभी सरकारी कर्मी मौजुद रहेंगे। साथ ही 2022 में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत चुने गए पंचायत में पतिलार का भी चुनाव हुआ था, अन्य पंचायतों की अपेक्षा पतिलार पंचायत में स्वच्छता कर्मियों की बहाली कचरा भवन का निर्माण डस्टबिन का वितरण ठेला गाड़ी की खरीद आदि का कार्य तेज गति से हुआ। जिससे परिणाम स्वरूप लोहिया स्वच्छता अभियान को हरी झंडी दिखाई जाएगी। पंचायत की मुखिया पायल मिश्रा ने बताया कि पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम के होने से हम सभी को बहुत खुशी है ऐसे जनसंवाद होने से जनता जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के बीच समस्याओं और सुझावो के आदान-प्रदान करने का निष्पक्ष रूप से पूरा-पूरा मौका मिलता है। तैयारी का जायजा लेने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा,प्रखंड समन्वयक (लोहिया) कनीय अभियंता (मनरेगा) सांख्यिकी पदाधिकारी, आवास सहायक, पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक के साथ वार्ड सदस्य और तमाम लोग मौजूद रहे।

# जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर की पदयात्रा पहुंची मधवापुर, लोगों ने अभूतपूर्व किया स्वागत

**मधवापुर**। जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर की पदयात्रा जगत्जननी आदि शक्ति माता सीता की जन्मभूमि सीतामढ़ी जिले से निकलकर मिथिला की पावन भूमि मधुबनी जिले में प्रवेश कर गई है। कोकिल विद्यापति, अयाचि मिश्र, शंकर,मण्डन मिश्र, भारती देवी जैसे महान व्यक्तित्वों की इस मिथिला भूमि पर आज यह यात्रा सीतामढ़ी के चोरौत प्रखण्ड के साहरघाट दक्षिणी क्षेत्र के बसवरिया चौक के रास्ते मधुबनी जिले के मधवापुर प्रखण्ड के उत्तरा गांव में पहुंच गई है। जिला में प्रवेश के दौरान मधुबनी वासियों ने प्रशांत किशोर का अभूतपूर्व स्वागत किया। भीड़ ऐसी की सूई ससरने की जगह नहीं। क्या नेता, क्या कार्यकर्ता, क्या आम जनता। सभी उत्साह से भरे नारेबाजी करने में मशगूल थे। रास्ते में दर्जनों तोड़नद्वार बने थे तो जगह- जगह बैंड बाजा पर थिरकते युवाओं का उत्साहित हूजम। मानों हमारा उद्धारक इस भूमि पर आया हो। महिला - पुरुष, युवा - युवती, छात्र - छात्रा, बूढ़े - बुजुर्ग, हिन्दू - मुस्लिम, गरीब - अमीर, नेता - समाजसेवी, जनप्रतिनिधि यानी समाज का सभी वर्गों की भीड़ पदयात्रा के मार्ग पर फूल- मालाओं, चंदन - तिलक और आरती की थालियों से प्रशांत किशोर का अभिनन्दन करते दिख रहे थे।मिथिला का प्रसिद्ध पाग और चादर ओढ़ाकर कर इस महात्मा का सम्मान करते नहीं थक रहे थे। कोकिल विद्यापति , अयाचि मिश्र, मण्डन मिश्र, भारती देवी, शंकर जैसे सरस्वती पुत्रों की इस ऐतिहासिक पवित्र धरती पर प्रशांत किशोर का आगमन सचमुच इतिहास रच गया।लोगों के प्यार, सम्मान और समर्थन से अभिभूत प्रशांत किशोर ने मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखण्ड के उत्तरा गांव के हाईस्कूल के मैदान में महती जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस धरती के स्पर्श से ही मैं अभिभूत हूं। इस पावन भूमि को बारंबार नमन करता हूं। इस धरती ने दुनिया को धर्म,वेद,न्याय और संस्कृति का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने मिथिला वासियों का आभार जताया और कहा कि आज आपके स्वागत से धन्य हूं। अपने संबोधन में प्रशांत किशोर ने कहा कि जबतक बिहार की बौराई सत्ता को आप जनता मालिकों के सहयोग से उखाड़ कर फेंक नहीं दूंगा तब-तक चैन की नींद नहीं सोऊंगा। मैं आप सभी जनता का आशीर्वाद लेने और आपकी समस्याओं को अपनी नज़र से देखने के लिए गांव गांव पैदल-पैदल चल रहा हूं। पिछले बत्तीस वर्षों से बिहार की सत्ता पर काबिज राजद-जदयू और भाजपा की सरकारों ने बिहार को रसातल में पहुंचा दिया है। इन सरकारों ने जानबूझकर शिक्षा व्यवस्था को धराशाई कर दिया है ताकि न कोई पढ़ें और न ही आगे बढ़े। बिहारियों को जात-धर्म में बांट दिया है और आप सभी को इसी बहकावे में लाकर बार बार वोट लेकर सत्ता में काबिज होता रहा है। बिहारियों को मजदूरी करने के लिए पलायन कर देश के दूसरे प्रदेशों में में रोज़ जाना पड़ रहा है। यहां उन सरकारों ने कोई फैक्ट्री तो नहीं खोली अलबत्ता बिहार को मजदूर बनाने की फैक्ट्री जरुर बना दिया है। उक्त जानकारी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर की इस महती जन सभा का स्थानीय मैथिली भाषा में संचालन अभिषेक नरेंद्र सिंह ने किया।

# मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति से की बात, फिलिस्तीन-इजराइल मुद्दे पर भारत का रुख दोहराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देर रात मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और क्षेत्र तथा दुनिया पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन के नुकसान पर अपनी साझा चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की दीर्घकालिक और सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। प्रधान मंत्री ने फिलिस्तीन के लोगों के लिए भारत की विकास साझेदारी और मानवीय सहायता पर प्रकाश डाला। दोनों नेता शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली और मानवीय सहायता की सुविधा की आवश्यकता पर सहमत हुए।

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की कवायेद शुरू



**मो सदरे आलम नोमानी सीतामढी** । भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण– 2024 के क्रम में 28 एवं 29 अक्टूबर को विशेष अभियान दिवस के रूप में सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा अपने-अपने मतदान केदो पर उपस्थित रहकर 01–01–2024 के आधार पर अहर्ता प्राप्त व्यक्तियों के नाम जोड़ने/ संशोधन आदि के लिए आवेदन प्राप्त किया गया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण– 2024 के क्रम में नाम जोड़ने, संशोधन स्थानांतरण एवं विलोपन से संबंधित दावा एवं आपत्ति 19–12–2023 तक प्राप्त किया जाएगा। दिनांक 28 एवं 29 अक्टूबर को आयोजित विशेष संक्षिप्त अभियान दिवस में नाम जोड़ने हेतु कुल 2781 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 18 से 19 आयु वर्ग के 1893 आवेदन हैं तथा 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 888 आवेदन हैं। संशोधन एवं स्थानांतरण हेतु कुल 1295 आवेदन तथा विलोपन हेतु कुल1473 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि18 से 19 आयु वर्ग के युवाओं एवं महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में कुल मतदाता (18 से19 आयु वर्ग) एवं महिला मतदाताओं की संख्या मतदाता सूची में कम है। साथ ही सभी विधानसभा में मतदान केंद्र वार जेंडर रेशियो एवं 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं एवं 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं का सत्यापन करने,मृत/ स्थानांतरित निर्वाचकों के नाम को मतदाता सूची से हटाने का निर्देश सभी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को दिए गए हैं। मतदान केंद्रों पर उक्त कार्य में लापरवाही की स्थिति में गंभीरता से लेते हुए वैसे संबंधित बीएलओ,AERO,EROs पर कार्रवाई की जाएगी। सभी AERO/ERO को निर्देशित किया गया कि वे BLO के कार्यों का मतदान केंद्र वार समीक्षा करें और लापरवाही बरतने वाले BLO पर कार्रवाई भी करें। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दिल्ली की हवा में घुला जहर, AQI 309 पर पहुंचा, नोएडा और गुरुग्राम में भी हालात बदतर

**नई दिल्ली**। दिल्ली-NCR में हवा में प्रदूषण की गुणवत्ता बढ़ती जा रही है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (SAFAR)-इंडिया के मुताबिक दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को 'बहुत खराब' श्रेणी में गिर गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 309 पर पहुंच गया है। नोएडा में भी हवा की गुणवत्ता 372 AQI के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में है। वहीं गुरुग्राम में हवा की गुणवत्ता 221 AQI के साथ 'खराब' श्रेणी में है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान की कटाई के सीजन के शुरू होने के साथ ही हर बार की तरह इस साल भी कई जगहों पर पराली जलाने की घटनाएं सामने आई हैं। पराली जलाने के साथ ही वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण को भी दिल्ली-एनसीआर की हवा को जहरीला बनाने का जिम्मेदार माना जाता है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता पिछले एक हफ्ते से ज्यादा समय से लगातार खराब चल रही है। निगरानी एजेंसियों ने बात कहा है कि फिलहाल इसमें जल्द किसी सुधार की संभावना भी नहीं दिखाई दे रही है। केंद्र की दिल्ली वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली के मुताबिक शहर की वायु गुणवत्ता अगले कुछ दिनों के दौरान 'खराब' से 'बहुत खराब' के बीच रहने की संभावना है।

# केरल की रैली में हमास नेता की मौजूदगी पर बवाल

**तिरुवनंतपुरम** । इजरायल-हमास युद्ध को तीन सप्ताह से अधिक का समय हो गया है, लेकिन इस युद्ध के थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इस बीच केरल में फलस्तीन के समर्थन में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में हमास नेता भी वर्चुअली रूप से शामिल हुए। भाजपा की केरल उपाध्यक्ष ने इस पर सवाल खड़े किए हैं। हमास नेता खालिद मशाल के रैली में वर्चुल शामिल होने पर केरल की भाजपा उपाध्यक्ष वीटी रेमा ने हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि हमास नेता खालिद मशल का रैली में वर्चुअल तौर पर शामिल होना इस्लामिक आतंकवादियों के एक समूह ने भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में अपनी असली मानसिकता दिखाई है। वहीं, केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने भी हमास नेता के कार्यक्रम में शिरकत पर सवाल उठाए थे। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा था कि इस तरह के आयोजन अस्वीकार्य हैं। बता दें कि केरल में जमात-ए-इस्लामी की युवा शाखा सॉलिडैरिटी यूथ मूवमेंट ने फलस्तीन के समर्थन में एक सभा का आयोजन किया था।

**सम्मेलन** सशक्त लोकतन्त्र और संविधान की रक्षा के लिए जनांदोलनों तेज करने का समय आ गया है - मेधा पाटेकर

# ए पी एम का दो दिवसीय सम्मेलन नागेपुर में हुआ सम्पन्न

एन



**मिर्जामुराद**। नर्मदा बचाओ आंदोलन की प्रमुख नेत्री मेधा पाटेकर ने देश के संसाधनों पर कार्पोरेट के हावी होने, तेजी से बढ़ते कम्पनीकरण पर चिंता व्यक्त की,श्रम कानूनों में बीजेपी सरकार ने मनमर्जी बदलाव किए हैं।अपनी अपनी जगह से लोकतंत्र बचाने की लड़ाई तेज़ करने का उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान किया। इस दौरान इजरायल फिलिस्तीन रूस यूक्रेन युद्ध से लेकर अपने देश भारत मे भी मणिपुर जैसे राज्य जातीय हिंसा के चपेट में हैं। इंसानियत लहूलुहान है। विश्व शांति के कामना से सद्भावना शांति प्रस्ताव पास करते हुए शांति की अपील की गई। एन ए पी एम का दो दिवसीय सम्मेलन प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में ' देश बचाओ - देश बनाओ शीर्षक से जनांदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय ( NAPM ) का दो दिवसीय सम्मेलन नागेपुर बनारस में सम्पन्न हुआ।महिला नेतृत्व की दिशा और दशा पर रंजू सिंह ने कहा आज महिलाओं को समझ कम होने का आरोप लगाकर नेतृत्व लेने से वंचित किया जा रहा है। गैर बराबरी खत्म करने के लिए महिला आरक्षण को हर पायदान पर ईमानदारी से लागू करने की जरूरत है। फ़ादर आनंद ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक आर्थिक स्थिति पर अपनी बात रखते हुये कहा मिलजुल कर रहने से ही नफरत का माहौल खत्म हो सकता है। हमे लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था बनाए रखने की जरूरत है। जातीय, धार्मिक और वर्गीय पहचान के समूहों में संवाद बनाने की जरूरत है।लोकतंत्र सेनानी सूबेदार यादव ,ग्राम प्रधान हौशिला यादव, संजय, रेनू आदि ने किसानों मजदूरों की बात उठाते हुए सम्मेलन को संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन - मजदूर अधिकार नेता अरविंद मूर्ति और स्वागत लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने किया। अध्यक्षीय सम्बोधन करते हुए प्रो0 महेश विक्रम सिंह ने कहा ' बड़े परिवर्तन के लिये जनांदोलनों के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। धन्यवाद रामबचन ने किया। सम्मेलन में NAPM की राज्य कार्यकारिणी के लिये राजीव यादव, रेनू पटेल, सुरेश राठौर,अरविंद मूर्ति, महेंद्र राठौर, रुबीना,रामबचन, रामबेटी, ऋचा सिंह,अरुंधति सिंह,प्रेम,अशोक प्रकाश, डॉ आर पी गौतम, नंदलाल मास्टर, पूनम और नीति निर्वाचित हुए।सम्मेलन में संजय मंगों,लोक समिति के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,आदिवासी समुदाय की सेवा कर रहे महेंद्र राठौर,सोनभद्र के समाजसेवी नमो नारायण, संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता तेजिंदर सिंह,खिरियाबाद आजमगढ़ आंदोलन की किसान नेता नीलम,पसमांदा मुस्लिम समाज के रफीक अंसारी,वरिष्ठ पत्रकार व लेखिका भाषा सिंह, नासिर भाई, राजीव यादव, नीलम,वल्लभ पाण्डेय,उर्मिला श्रमिक,नसीरुद्दीन,रामधीरज भाई,डॉक्टरआर.पी.गौतम,राजीव यादव आदि ने अपने विचार रखे,प्रेरणा कला मंच के साथ ही आशा सामाजिक विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## ख़ास ख़बर

### वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता आज से शुरू, डीएम करेगी उद्घाटन




**अररिया।** वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 दिनांक 30.10.2023 से 01.11.2023 तक जिला स्तर पर आयोजित किया जायेगा। विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में U-14, 17, 19 बालक/बालिका का भाग लेंगे। जानकारी देते हुए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा अररिया, श्री आकीफ वक्कास ने बताया कि वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 अब जिला स्तर पर 30.10.2023 से 01.11.2023 तक निर्धारित है। इस हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्हेंने बताया कि वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता जिला मुख्यालय स्थित अररिया कॉलेज स्टेडियम अररिया, इंडोर स्टेडियम अररिया, खेल भवन सह व्यायामशाला अररिया एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम अररिया में संपन्न कराया जायेगा। जिससे संबंधित खेल का आयोजन स्थल एवं आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी करेंगी।

### राजभवन में कुलपतियों की बैठक 31 को



**मधेपुरा ।** राजभवन, पटना में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक 31 अक्टूबर को राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में सुनिश्चित है। इसमें बीएनएमयू के कुलपति प्रो. राजनाथ यादव शामिल होंगे। उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के संचालन, लंबित स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा, डिग्री वितरण, अवकाश प्राप्त शिक्षकों एवं कर्मियों को मिलने वाले सेवांत लाभ और तरंग एवं एकलव्य प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा होगी।

### मंदिर कमिटी के अध्यक्ष बने डॉ. प्रहलाद शरण वर्मा तो महासचिव का ताज रामाकांत जायसवाल को



**अररिया।** चित्रगुप्त नगर वार्ड- 21, अररिया के श्री लक्ष्मीनारायण श्री चित्रगुप्त मंदिर में सर्वसम्मति से बैठक कर मंदिर कमिटी के विस्तार किया गया वहीं सर्वसम्मति से पूजा कमिटी गठित कर सालों भर पूजा अर्चना की बागडोर सौपी गई। मंदिर कमिटी के लिये अध्यक्ष श्री डॉ प्रहलाद शरण वर्मा व महासचिव श्री रामाकांत जायसवाल बनाये गये। पूजा कमिटि के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर श्री मनीष कुमार रॉय व सचिव पद के लिए श्री विजय जैन का चयन किया गया।

### शुक्ल पिपरा गांव के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां (कैमुर)।** थाना क्षेत्र के शुक्ल पिपरा गांव स्थित हनुमान मंदिर में पंडित राजमोहन शुक्ल के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।इस मौके शुभ मुहूर्त में विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई।इस मौके पर सोनू शुक्ला समेत अनेकों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# एआईएफ कसबा ने सिपाही टोला क्रिकेट क्लब को हराया



**पूर्णियां।** पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण का मैच जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान में चल रही है। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का द्वितीय चरण दिनांक 02 नवंबर से ससमय खेली जाएगी। दिनांक 30 अक्टूबर को अपराह्न 2: 00 बजे ड्रॉ के माध्यम से टाईसीट बनाई जाएगी। सभी प्रथम चरण के विजेता क्लबों की बैठक बुलाई गई है। दुसरे चरण में प्रवेश किए सभी विजेता क्लबों को पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव 'सर' ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। ए आई एफ कसबा बनाम सिपाही टोला क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिपाही टोला क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 06 ओवर में 4 विकेट खोकर 25 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें निसार ने 15 गेंदों में 10 रन का योगदान दिया। ए आई एफ कसबा की ओर से गेंदबाजी करते हुए परिमल एवं सुधीर ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ए आई एफ कसबा ने बिना कोई विकेट खोए 27 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत दुसरे चरण में प्रवेश किया। जिसमें बिट्टू नाबाद ने 7 गेंदों में 11 रन एवं गौरव ने नाबाद 11 गेंदों में 9 रन बनाए। रंगभूमि वॉरियर्स बनाम जिला स्कूल खेल मैदान क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। रंगभूमि वॉरियर्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवर में 9 विकेट खोकर 28 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें सरवन ने 2 गेंदों में 6 रन एवं सन्नी ने 7 गेंदों में 5 रन का योगदान दिया। जिला स्कूल खेल मैदान परिसर क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए नियायत अली ने 2 विकेट एवं अनीश 2 विकेट प्राप्त किया। जिला स्कूल खेल मैदान परिसर क्रिकेट क्लब ने जीत के लिए 29 रनों का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 31 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत कर दुसरे चरण में प्रवेश किया। इस जीत में शंकर बर्मन 12 गेद में 17 रन एवं विट्टू नाबाद 10 गेंदों में 6 रन का योगदान दिया। रंगभूमि मैदान क्रिकेट क्लब में पी एस के खीरु चौक को वाक ओवर दिया। जिला स्कूल कॉलेज की टीम को लकी ड्रा के माध्यम से विजेता घोषित किया गया। फायर क्रिकेट क्लब बनमनखी बनाम हरिओम स्पोर्ट्स के बीच मुकाबला खेला गया। फायर क्रिकेट क्लब बनमनखी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 में 1 विकेट खोकर 67 रन बनाए। जिसमें पंकज कुमार ने 28 गेंदों 52 रन का बेहतरीन पारी खेली। हरिओम स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवम् राज ने 1 विकेट प्राप्त किया। हरिओम स्पोर्ट्स जीत के लिए 68 रनों का पीछा करते हुए 6 विकेट खोकर 37 रन बनाए। जिसमें सिद्धार्थ ने 18 गेंदों में 19 रन की पारी खेली। फायर क्रिकेट क्लब बनमनखी की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौतम ने 2 विकेट एवं शिवम् ने 1 विकेट प्राप्त किया। दिनांक 30 अक्टूबर अपराह्न 2:00 बजे जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर में प्रथम चरण के विजेता क्लबों के बीच ड्रा के माध्यम से टाईसीट बनाई जाएगी। दुसरे चरण का मैच टाईसीट बने के उपरांत पुनः मैच दिनांक 02 नवंबर से ससमय प्रारंभ होगी। मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहेः- सैयद जब्बार हुसैन, बिमल मुकेश, आदित्य कुमार सिंह एवं अनमोल कुमार सिन्हा। स्कोरर प्रिंस एवं उद्घोषक की भूमिका निभा रहे हैं अमित कुमार झा। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय , मो मंजर मोहशिम, एस एस प्रसाद पिंटू, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, दिग्विजय सिंह,वेदांत, शिवम्, कुंदन कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

कुप्पाघाट आश्रम से आए प्रवचन देने स्वामी प्रमोद बाबा

### खजुरी गांव में दिवंगत सत्संगी रमेश बाबू के श्रद्धांजलि समारोह में सत्संग कार्यक्रम



**भारगामा।** भरगामा के खजुरी गांव निवासी सह एम एल डी पी के यादव डिग्री कॉलेज के सचिव प्रो. उपेंद्र प्रसाद यादव व प्रिंसिपल प्रो. इन्दु कुमार सिन्हा के अनुज रमण कुमार रवि उर्फ रमेश बाबू के देहावसान के पश्चात उनके गांव में जहां कार्यक्रम के दौरान सत्संग कार्यक्रम चलता रहा वहीं संपिंडन के मौके पर अयोजित श्रद्धांजलि सह शांति भोज में सीमांचल के कई गांवों के लोग शरीक होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए और रमेश बाबू के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवम पुष्पांजलि कार्यक्रम अयोजित किया गया। प्रवचन के दौरान पूज्य बाबा एवम वक्ताओं ने मुक्ति पर, नर तन की उपादेयता पर प्रकाश डाला। बता दें कि रमेश बाबू इस आसार संसार को छोड़ परमधाम चले गए। घर में छोटे रहने के बाबजूद परिवार के मुखिया के रूप में रहने वाले युवा समाजसेवी एवम संतमत के प्रचारक का पूर्व में हार्ट का एक दशक पूर्व ऑपरेशन हुआ था। एक माह से वे बीमार चल रहे थे। अब हम लोगो के बीच वे नहीं रहे। उनकी निधन की सूचना पर क्षेत्र वासी जहां गमगीन रहे वहीं परिजन, कुटुम्ब जन, मित्रगण उनकी इहलीला समाप्ति पर दुखित हैं। शोक संवेदना जताने उनके पैतृक गांव में लोगों का आवाजाही जारी है।गुरुमहाराज उनकी आत्मा को शांति दें और परिजन को बल प्रदान करें।

### परिषद के 69 वें राष्ट्रीय अधिवेशन पर विस्तार पूर्वक चर्चा को लेकर बैठक



**अररिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई तथा अररिया कॉलेज इकाई का संयुक्त बैठक स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में मुख्य रूप से दिसंबर माह में दिल्ली में आयोजित होने वाले परिषद के 69 वें राष्ट्रीय अधिवेशन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए परिषद की पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष परिषद के राष्ट्रीय इकाई द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जाता है जिसमें राष्ट्र के समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर चिंतन किया जाता है. उन्होंने परिषद कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 31 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन किसी आकस्मिक कारण से स्थगित कर दिया गया. अब परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक डी. डी.ए. मैदान, निरंकारी सरोवर के पास बुराड़ी नई दिल्ली में होगा. उन्होंने कहा कि अधिवेशन की निमित्त आगामी 27 अक्टूबर को संपूर्ण वैदिक विधि विधान से भूमि पूजन का शुभ कार्य संपन्न हुआ. अधिवेशन को लेकर अररिया जिला के परिषद कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है. अररिया जिला से भी दर्जनों परिषद कार्यकर्ता 5 दिसंबर को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे. बैठक में शुभम कुमार, पंकज कुमार, गोविंद कुमार मंडल, अंकित सिंहा, अंकित यादव , प्राची सिंहा, मधु कुमारी, पूर्वा पटेल, रूपा, राजनंदनी, दीपशिखा, मेनका आदि उपस्थित थे .

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत, महिला घायल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया मोड के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गया,स्थल से उपस्थित लोगों के द्वारा घटना की सूचना दुर्गावती पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को पीएचसी दुर्गावती पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि महिला को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक शिवजी कुमार गुप्ता कैमूर जिले के कुदरा का बताया जा रहा है। दुर्गावती पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआं भेज दिया गया। वहीं घटना की सूचना पुलिस के द्वारा परिजनों को भी दे दी गई।

### आलमनगर में जन अधिकार पार्टी (लो.)की बैठक आयोजित



**पुरैनी।** आलमनगर मुख्यालय में जन अधिकार पार्टी की बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श की गई।मिली जानकारी के अनुसार मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के आवाहन पर आगामी 5 नवंबर को मधेपुरा में एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसकी सफलता को लेकर लगातार जाप के कार्यकर्ता बैठक आयोजित कर रहे हैं। इसी क्रम में आलमनगर मुख्यालय स्थित पूर्व विधायक प्रत्याशी सह वर्तमान चेयरमैन प्रतिनिधि सर्वेश्वर प्रसाद सिंह के निवास स्थान पर आयोजित बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहन मंडल सहित कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहे। इस दौरान सर्वेश्वर प्रसाद सिंह ने आलमनगर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि बी एन मंडल स्टेडियम में पांच नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी से भारी संख्या में अवश्य पहुंचे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और संगठन के विस्तार को लेकर काफी चर्चा की गई। मौके पर जन अधिकार पार्टी के जिला नेता राम कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार, देवाशीष पासवान, यशार्थ प्रसाद सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सिंह, विशाल पटेल, गगन पंडित सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### मंत्री जी के गांव बटराहा में दो दिवसीय माही मनीषा म्यूजिकल नाईट प्रोग्राम 30 और 31 अक्टूबर को



**कुर्साकांटा ।** मंत्री जी के नाम से मशहूर सूबे के पूर्व राज्य मंत्री सह सिकटी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय कुमार मंडल के अवतरण डीह बटराहा की धरती पर अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मी पूजा के पावन मौके पर दिनांक 30 और 31अक्टूबर 2023 को लक्ष्मी पूजनोत्सव के अवसर पर दो रात्रि भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।विधायक जी के सुपुत्र सह युवा भाजपा नेता जोशी मंडल ने बताया कि जय मां लक्ष्मी सांस्कृतिक मंच बटराहा के तत्वावधान में माही मनीषा म्यूजिकल नाईट प्रोग्राम मे पधार रही है सुप्रसिद्ध स्टेज डांसर माही और मनीषा। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय सासंद प्रदीप कुमार सिंह एवम विधायक विजय कुमार मंडल के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। जोशी नेता ने सबों से सांस्कृतिक कार्यक्रम में आने का आह्वान किया और कहा कि बटराहा गांव के पुजा समिति आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता है । बता दें कि लक्ष्मी पूजा समापन के बाद मां लक्ष्मी और देवी मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित यहां किया जाता है।

समारोह — टी पी कॉलेज के मैदान में अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# एमएलटी कॉलेज ने टीपी कॉलेज को दो-एक से किया पराजित



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा की क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में रविवार को अंतर महाविद्यालय फुटबाल (पुरुष) प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के मैदान पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने की। उन्होंने कहा कि खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।खेल के क्षेत्र में कैरियर की भी अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि बीएनएमयू में खेल गतिविधियां बढ़ी हैं। स्पोर्टस कैलेण्डर के अनुसार नियमित रूप से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी बढ़चढ़ कर खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। आगे अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखकर ठोस रणनीति के साथ कार्य करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा परिषद् के उपसचिव डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि प्रतियोगिता में फाइनल में पहुँची दोनों टीमें एक से बढ़कर एक थीं। आगे दोनों के चुनिंदा खिलाड़ियों को मिलाकर विश्वविद्यालय की टीम बनाई जाएगी, जो अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में भाग लेगी। सम्मानित अतिथि अर्थपाल डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन ने फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में कोच डॉ. रामकृष्ण यादव और पीटीआई द्वय नंदन कुमार भारती एवं प्रियरंजन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**विजेताः** प्रतियोगिता के फर्स्ट हाफ में एमएलटी कॉलेज ने टीपी कॉलेज पर दो गोल दागा। प्रतियोगिता के सेकेंड हाफ में टीपी कॉलेज ने एमएलटी कॉलेज पर एक गोल दागा। अंतिम रूप में एमएलटी कॉलेज ने टीपी कॉलेज को दो-एक से पराजित किया। विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को आकर्षक ट्रॉफी और सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया। टीपी कॉलेज के कप्तान चंद्रकिशोर कुमार और एमएलटी कॉलेज के कप्तान अरमान थे। रेफरी की भूमिका में दिनेश रजक, राजकुमार, विवेक कुमार एवं दिनेश कुमार थे।

# मोटरसाईकल पर भारत से नेपाल ले जा रहा भारी मात्रा में दवाइयों के साथ एक तस्कर कों किया गिरफ्तार



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी मध्वापुर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर, श्री संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट के निर्देशनुसार समवाय प्रभारी मधवापुर श्री महोद मनीष देवानन्द (सहायक कमांडेंट) 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सहायक उप निरीक्षक तारा दत्ता शर्मा की अगुवाई में विशेष गस्ति दल के द्वारा की गयी कार्यवाही मे सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 295 से लगभग 100 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ मोटरसाईकल पर भारत से नेपाल ले जायी जा रही भारी मात्रा में दवाइयों के साथ एक तस्कर मनोज महतो (उम्र 22 वर्ष) सपुत्र रामकिशुन महतो, गाँव मुखियापट्टी मुशर्निया, जिला धनुषा (नेपाल) को गिरफ्तार किया। जब्त की गयी दवाइयों, मोटरसाईकल और गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोन के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा श्री संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस द्वारा नशे में हंगामा कर रहे एक युवक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली पुलिस ने नगर के वार्ड 8 से शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक पियक्कड़ को शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि नगर के वार्ड 12 निवासी सुनील कुमार मंडल शराब के नशे में हो हंगामा कर रहा था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि ब्रेथ एनिलाइजार एवं मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है।

### तीन नीलगाय का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर,सुपौल।** जिले में छातापुर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर खूंटी पंचायत वार्ड संख्या छह में गैडा नदी किनारे रविवार की सुबह तीन नील का शव पाया गया, एकसाथ तीन नीलगाय के शव दिखने से इलाके में सनसनी फैल गई, ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया को दी गई, मुखिया किशोर कुमार मुन्ना स्थल पर पहूंचे और वन विभाग एवं पशु चिकित्सा पदाधिकारी को मामले से अवगत कराया, सुचना के बाद वनरक्षी मिथिलेश कुमार एवं पशु चिकित्सालय के कर्मी मो जाहिद इकबाल स्थल पर पहूंचे और आवश्यक पडताल की, तत्पश्चात तीनों ही शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे दफनाने की प्रक्रिया में जूट गये, ग्रामीणों ने बताया कि नील गायों की मौत कहीं और हुई होगी, आशंका जताया कि देररात ही तीनों शव को अज्ञात जगह से ट्रेक्टर पर लादकर यहां लाया गया और नदी किनारे फेंक दिया गया है, मुखिया श्री मुन्ना सहित ग्रामीणों ने एकसाथ तीन नील गायों की मौत पर दुख जताया, वहीं प्रशासन से मौत के कारणों को ज्ञात करने तथा इसके दोषियों का पता लगाकर उसके विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने की मांग की।

### पुलिस द्वारा अवैध शराब के छापेमारी में जांच के दौरान गृहस्वामी से बकझक पर हुई प्राथमिक दर्ज, भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल।** जिले के नदी थाना पुलिस ने शनिवार को ललमनिया पंचायत वार्ड 12 से दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।जानकारी देते हुए नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने बताया की पटना ई टी नंबर को शिकायत मिली थी की ललमनिया गांव वार्ड 12 में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।शिकायत के मिलने पर शनिवार को नदी थाना पुलिस ने अपने दल बल के साथ ललमनिया गांव पहुंची। जांच के दौरान गृहस्वामी कुछ लोगो के साथ मिलकर पुलिस के साथ गाली गलौज के साथ साथ ईट पत्थर से पथराव करने लगे जिसमे आधा दर्जन पुलिस चोटिल हो गए चोटिल सभी पुलिस कर्मी को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराया गया। मारपीट गाली गलौज के मामले में कुल 10 लोगो को नाम जद करते हुए।नदी थाना में केस दर्ज कर ललमनिया गांव वार्ड 12 निवासी रामु कामत ,सुनील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### चोरी के साइकल के साथ एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के किया हवाले




**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत नदी थाना क्षेत्र के मौवाही गांव से रविवार को एक साइकिल चोर को चोरी के साइकिल के साथ पकड़ कर लोगो ने निर्मली पुलिस के हवाले कर दिया। नगर के वार्ड 7 स्थित एक किराए के मकान में नदी थाना क्षेत्र के मैवाही गांव निवासी गुड्डू कुमार अपने साथियों के साथ शनिवार की शाम पंखा लगा रहा था। इतने में बाहर खड़े उसके रेंजर साइकिल चोरी हो गई। जब वह बाहर निकाला तो देखा कि साइकिल नहीं है। काफी खोजबीन करने के बाद भी साइकिल नहीं मिला। रविवार की सुबह उसे गांव से फोन आया कि इसके पड़ोस के जितेंद्र कुमार के घर में उसकी साइकिल रखा हुआ है। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और साइकिल बरामद करते हुए जितेंद्र कुमार को पकड़ कर निर्मली थाना को सपुर्द कर दिया। वह साइकिल चोरी होने का आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि चोरी की साइकिल के साथ एक युवक को ग्रामीण के द्वारा थाना को सपुर्द की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# पोखर में डूबने से 11 वर्षीय लड़की की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलापट्टी पंचायत स्थित लालपट्टी वार्ड नंबर 2 मे शनिवार की दोपहर एक 11 वर्षीय लड़की की पोखर मे डूबने से मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेश मंडल की पुत्री आरती कुमारी गांव के ही पोखर मे लोगों द्वारा मछली मार रहे स्थल पर पहुंची जहाँ वे कुछ देर रुकने के बाद पोखर के दूसरे किनारे पहुंच कर पैर धोने लगी तथा इसी बीच मछली मारने वाले लोगों की नजर से दूर हो गई क्योंकि पोखर बहुत बरा है तथा पोखर मे बरा बरा कुम्भी है इसी दोरान आरती डूब गई इधर मछली मारने वाले लोग मछली मारने मे व्यस्त था। जब शाम हो गया तो उनके माता-पिता अपने बेटी का खोजबीन करने लगा काफी खोज बिन करने के बाद नहीं मिला तो मछली मारने वाले लोगों ने बताया कि एक बार आरती को पोखर पर देखे थे फिर उनके बाद पोखर पर जाकर काफी देर तक कुम्भी को हटाकर देखा तो वे कुम्भी के अंदर फंसी हुई थी। तब तक काफी देर हो गई थी और उनकी मौत हो गई थी। इधर घटना की सूचना पिपरा पुलिस को दी गई हालांकि देर रात हो जाने के बाद पुलिस ने रविवार की सुबह पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुपौल ले गया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही आरती की शव घर पहुंची स्वजनों मे कोहराम मच गया। माता रुक्मणि देवी, भाई राहुल कुमार तथा दादा दादी का हाल रो- रो कर बेहाल था बार बार वे बेहोश हो जाती थी।

### कोसी के समस्या को लेकर कोसी प्रभावितों ने मौजहा पूल पर किया महाबैठक



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मौजहा पूल पर कोसी प्रभावित 9 पंचायत के बाढ़ प्रभावितों ने रविवार को महाबैठक कर समस्या के समाधान पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। जिसकी अध्यक्षता प्रिय कुमार ने किया। जहां बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील कुमार यादव ने कहा कि कोसी महासेतु पूल के पूर्वी भाग में बने गाईड बांध के बगल से निकलने वाली नदी को पूर्वी गाईड बांध से एक किलोमीटर बढ़ाकर पुर्वी नदी को बंद किया जाए। इसके साथ हीं तत्काल कट रहे घरों को बचाने के लिए पीलर पाइलिंग की व्यवस्था की जाए। कोसी मुक्ति संघर्ष समिति के प्रवक्ता जयकृष्ण कुमार यादव ने अपने सम्बोधन के बाद कहा कि पुनः अगला महाबैठक ठीक उसी जगह यानी मौजहा पुल पर 12 नवम्बर रोज रविवार को पुनः होगा। जहां कोसी के समस्या के समाधान पर चर्चा होगा। प्रीतम यादव ने कहा कि अगर सरकार व जिला प्रशासन इस बात पर अमल नहीं करेंगे तो गुस्साए कोसी के ग्रामीण कोसी महासेतु पूल को जाम कर सरकार व जिला प्रशासन के विरुद्ध धरना करेंगे। वहीं 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव का हम सभी कोसी पीड़ित वोट का बहिष्कार करेंगे। इसके साथ हीं अन्य वक्ताओं ने अपनी अपनी बातें रखी। बैठक में जीवन प्रकाश, सौरभ सुमन, जिला परिषद सदस्य हसनैन नोमानी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य ने बैठक को संबोधित किया।

### पोखर में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश से इलाके में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के पथरा दक्षिण पंचायत वार्ड नंबर 3 स्तिथ एक पोखर में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया रविवार की दोपहर धान काटने गये किसान को पानी में एक शव दिखाई दिया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस सहित आस पास के लोगों को दी। मौके पर पुलिस पहुंच गई और काफी संख्या में भीड़ भी जमा हो गई। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला जो काफी बदबू दे रहा था। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया पर पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताया जा रहा है जो श्यामवरन बूल्लू जिंस चेक शर्ट और जूते पहने हुए हैं शव कई दिन पुराना है जो बुरी तरह से सड़ व गल चुका है। चेहरा को भी मछलियों ने नोच दिया है जिस कारण शव का पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर मौजूद लोग तरह तरह-तरह बात कर रहे थे लोगों ने अंदेशा जताया है कि युवक की हत्या कर शव को पचाने के लिए बीच बाध में बना गहरा पोखर में फेका गया है जो ग्रामीण सड़क से 500 मीटर दूर है। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव करीब तीन से चार दिन पुराना हो सकता है। अज्ञात शव की सूचना आस पास के सभी थाना प्रभारियों को भेज दी है।शव का शिनाख्त होते है हत्या के कारण का पता चल जाऐगा।

# बंदना कुमारी ने 67 वी बिहार लोक सेवा आयोग में मारी बाजी



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड के मैहासिमर पंचायत अंतर्गत सिगियावन गांव के वार्ड नंबर 3 निवासी सेवा निवृत शिक्षक कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्री एवम पूर्व जिला अध्यक्ष होमगार्ड कमलेश्वरी प्रसाद यादव के इकलौती पुत्री एवं राजद नेता सूर्य नारायण यादव के भतीजी वंदना कुमारी के द्वारा 67 वी बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता ,पिता, दादा,चाचा,सहित पंचायत , एवम प्रखंड का नाम रोशन किया है । इसको लेकर पंचायत एवं प्रखंड के लोगों द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी है। बंदना कुमारी के पिता कामदेव प्रसाद यादव एवं माता देवयानी देवी के द्वारा बताया गया कि उसे एक मात्र पुत्री वंदना कुमारी है। जिसे दोनों माता पिता का शुरू से ही जिज्ञासा था कि उनके बेटी पढ़ लिखकर कोई अच्छा पदाधिकारी बने । माता-पिता का अपने बेटी के प्रति उनके व्यवहार एवं पढ़ाई से काफी खुश रहते थे । वंदना कुमारी का उम्र 24 वर्ष बताया गया। बंदना कहती थी मां जब तक अपने पैर पर खड़ा नहीं हो जाऊंगा तब तक शादी मत करना । बंदना की पढ़ाई सर्वप्रथम जरेला गांव निवासी उनके नाना सीताराम यादव शिक्षक के यहां रहकर आठवां क्लास तक गांव के ही विद्यालय में पढ़ाई की । उसके बाद सुपौल के बालिका उच्च विद्यालय में मैट्रिक पास की । उसके बाद डिग्री कॉलेज सुपौल से आई ए करने के बाद उसी कॉलेज से B.A पास कर पटना बीपीएससी की तैयारी करने के लिए चली गई । 2 साल तक पटना में रहकर बी पी सी की तैयारी कर इस बार 67 वी बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है । इसको लेकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार यादव ,एवं महिला राजद जिला अध्यक्ष सोनी कुमारी, पत्रकार अजय कुमार यादव, पंचायत अध्यक्ष मनोहर यादव, मोहन यादव, पूर्व मुखिया गंगा राम यादव ,सहित बड़ी संख्या में लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए वंदना कुमारी को सहित उनके परिवार को बधाई दी है।

### प्रशासन द्वारा नशे में धुत्त तीन शराबीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर ( कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहो से चैनपुर थाना प्रशासन द्वारा शराब के नशे में धुत्त तीन शराबीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। चैनपुर पुलिस के द्वारा बिहार सरकार द्वारा जारी मद्य निषेध कानूनों को ससंकल्पित रुप से पालन करते हुए शराब व शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर निवासी सत्येंद्र सिंह पिता स्वर्गीय भगवान सिंह,प्रभु बिंद पिता बैजू बिंद ग्राम सेमरिया व रवि राय पिता राजधानी राय ग्राम सोनाबो थाना चैनपुर कैमूर को शराब के नशे में धुत्त हो, हंगामा करने के जुर्म में, गिरफ्तार कर चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच के उपरांत, शराब पीने के पुष्टि होने के उपरांत भभुआं न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पुलिस ने 5 लीटर देशी महुआ वाली शराब के साथ एक धंधे बाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के चोर लोहारा गांव से गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रशासन द्वारा एक शराब विक्रेता को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों लगातार पालन किया जा रहा है जिस क्रम में, थाना क्षेत्र के चोर लोहारा गांव से गुप्त सूचना मिला की एक व्यक्ति शराब लाकर घर में बिक्री करता है। जीसकी पुष्टि के लिए तत्काल गश्ती दल को एसआई रामजी प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। जहां गस्ती दल में गए पुलिस बलों ने चोर लोहारा गांव पहुंचकर, धंधे बाज के घर में छापेमारी किया गया तो 5 लीटर के गैलन में देसी महुआ शराब बरामद हुआ। जहां पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर धंधे बाज को चैनपुर थाना लाया गया। जहां से चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच करा कर भभुआं न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### 16 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक धंधेबाज को भरखर गांव से गिरफ्तार कर अनुमंडलीय अस्पताल में मेडिकल जांच के उपरांत भेजा न्यायिक हिरासत भभुआं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मोहनियां पुलिस को सूचना मिली कि भरखर गांव में गोदाम व गुमटी से एक धंधेबाज अवैध शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना पर पहुंची मोहनियां थाना की पुलिस ने रेडिको एट पीएम 180 एमएल का 91पीस जिसकी कुल मात्रा 16.38 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जिसके बाद धंधे बाजों का अनुमंडलीय अस्पताल मोहनियां में मेडिकल जांच के बाद, न्यायीक हिरासत भभुआं भेज दिया गया गिरफ्तार तस्कर भरखर निवासी फूलचंद बिंद का पुत्र विदेशी बिंद बताया जाता है।

### कोजागरा ब्राह्मण मिलन समारोह में शामिल हुए "सन ऑफ मिथिला संजीव मिश्रा"



**छातापुर ।** मिथिलांचल का पारंपरिक पर्व शरद पूर्णिमा कोजगरा के मौके पर छातापुर के मधुबनी में पिन्टू झा जी के यहां आयोजित कोजागरा ब्राह्मण मिलन समारोह में पनोरोमा ग्रुप के एमडी सह "सन ऑफ मिथिला" के नाम से विभूषित संजीव मिश्रा को इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस मौके उन्होंने सभी को संबोधित भी किया. इस दौरान श्री मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता व भाईचारगी का संदेश जाता हैं,साथियों द्वारा मिले अथाह प्रेम के लिए सबों का आभार।

**उत्सव** मौके पर शिवाजी प्रभात शाखा के स्वयंसेवक सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता सामिल हुए

# भाजपा नेता ललितेश्वर पाण्डे के आवास पर शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया



**एक संवाददाता, दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक सह भाजपा नेता ललितेश्वर पांडेय के मुख्यालय बाजार स्थित आवास पर शनिवार की देर संध्या शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया, इस मौके पर शिवाजी प्रभात शाखा के स्वयंसेवक सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता सामिल हुए, इस अवसर पर स्वयंसेवक कंचन जी के संचालन में शाखा लगाकर एक दुसरे का परिचय हुआ और वरिष्ठ स्वयंसेवकों के द्वारा शरद पूर्णिमां के महत्व को बताया गया, वहीं राष्ट्रभक्ति सर्वोपरी की व्याख्या करते सनातन धर्म की रक्षा को लेकर सबों को हिंदुत्व का बोध कराया गया, तत्पश्चात भगवा ध्वज के सामने पंक्तिबद्ध होकर प्रार्थणा की गई, अंत में खुले आसमां के नीचे रखे गये खीर को सबों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया, उद्बोधन के दौरान वरिष्ठ स्वयंसेवक शालिग्राम पांडेय ने कहा कि बीते कालखंड में सनातन विरोधी विदेशी शक्तियों ने अखंड भारत को खंड खंड कर दिया, भारतीय सभ्यता व संस्कृति के जनक सनातन धर्म को खत्म करने की कई असफल कोशिशे हुई, परंतु भारतवर्ष की सभ्यता व संस्कृति की जडें इतनी मजबूत है कि सनातन धर्म को मिटाने वाली ताकतें खुद मिट गई, कहा कि एकबार फिर से राष्ट्र विरोधी ताकतें विदेशी साजिश के तहत अनर्गल बयान देकर सनातन धर्म पर कुठाराघात कर रही है, सनातन विरोधी ताकतों को एकबार फिर से कुचलने का वक्त आ गया है, सुशील प्रसाद कर्ण ने कहा कि वर्तमान कालखंड भारतवासियों के लिए स्वर्णिमकाल साबित हो रहा है, देशवासी सोने की चिड़ियां वाला अखंड भारत का सपना फिर से देखने लगे हैं, देश में सभ्यता व संस्कृति की जडों को मजबूती प्रदान कर धरोहरों को सजाया संवारा जा रहा है, विश्व विख्यात धार्मिक स्थलों, मठ व मंदिरों को पुनर्स्थापित करने का कार्य जोरशोर से चल रहा है, प्रत्येक भारतीय को इन यैतिहासिक कार्यो में तन मन धन से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की जरूरत है, मौके पर शालिग्राम पांडेय, ललितेश्वर पांडेय, भाजपा दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार हजारी, उपाध्यक्ष ललितेश्वर पांडेय, अरविंद राय, संजय कुमार पप्पू, मिडिया प्रभारी रामटहल भगत, रजनीकांत रवि, सोनू भगत, जयप्रकाश, अर्नव, अंश, देवांश, गौरव आदि थे।

# सेवानिवृत शिक्षक के पुत्र इंद्रजीत कुमार को बीपीएससी में 188 वां रैंक, नागरिकों में हर्ष



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर,निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के वार्ड न0- 7 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बेचू पासवान के 33 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत कुमार ने बीपीएससी की परीक्षा में परचम लहराया है। 188 वां रैंक लाकर एसडीएम पद के लिए चयन होने से इंद्रजीत के घर बधाई देने वाले लोगों का आना-जाना जारी है। रविवार को निर्मली आगमन पर इंद्रजीत के पिता व परिवार के सदस्यों ने उसका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इंद्रजीत की मां के आंखों में खुशी के आंसू छलक रहे थे। बेहतर पढ़ाई-लिखाई व हर जरूरतमंद मांग पूरी कराने वाले उसके पिता श्री पासवान भी बार-बार भावुक हो जा रहे थे। मेडिकल की तैयारी कर रही इंद्रजीत की पत्नी भी काफी खुश और उत्साहित थीं। बता दें कि इंद्रजीत का छोटा भाई नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय कोसी कॉलोनी में बतौर सहायक शिक्षक है। जबकि इंद्रजीत की मां गृहणी है। इंद्रजीत शहर के मेन रोड स्थित कन्या मध्य विद्यालय निर्मली से पढ़ाई पूरी करने के बाद उच्च विद्यालय निर्मली से माध्यमिक स्तर से पढ़ाई की। इसके बाद गुहाटी से आईआईटी में सफल होने के बाद उसे झारखंड के टाटानगर स्थित एक बड़े कंपनी में जॉब मिली। झारखंड में जॉब के साथ-साथ उसने बीपीएससी की तैयारी शुरू की और पहली प्रयास में ही जसे सफलता मिल गई। उधर, नपं के वार्ड 7 के विकास झा को 380 रैंक मिला है। इसे लेकर निर्मली शहर में दोहरे खुशी का माहौल है। इंद्रजीत और विकास झा की इस सफलता पर उत्साहित नगर पंचायत निर्मली के मुख्य पार्षद दुलारी देवी, पूर्व उपमुख्य पार्षद गौतम शेखर, विनीत शेखर, वार्ड पार्षद रंजीत नायक, विवेकानंद, पिंकू पंसारी, जगरनाथ कामत सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी।

## ख़ास ख़बर

### बीपीएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को पूर्व विधायक ने दी बधाई

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने सूर्यपुरा प्रखंड के अंधार गांव की प्रियंका रंजन और दिनारा प्रखंड के भुआवल निवासी वरीय पत्रकार डॉ ओमप्रकाश तिवारी के द्वितीय सुपुत्र ऋषिकेश तिवारी को बीपीएससी परीक्षा में सफल होने पर शुभकामनाएं व बधाई दी है । पूर्व विधायक श्री राज ने कहा कि सूर्यपुरा प्रखंड की अंधार गांव की प्रियंका रंजन ने बीपीएससी परीक्षा में 247 वां रैंक और दिनारा प्रखंड के भुआवल निवासी ऋषिकेश तिवारी ने बीपीएससी परीक्षा में 71 वां रैंक लाकर गांव सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया है , जो काबिले तारीफ है । श्री राज ने प्रियंका रंजन को राज्य सहायक आयकर आयुक्त और ऋषिकेश तिवारी को एसडीएम बनने पर बधाई दी है । साथ ही साथ दोनों सफल अभ्यर्थियों के माता-पिता और गुरुजनों को भी बधाई दी है । साथ ही विधायक ने दोनों अभ्यर्थियों को मार्ग में निरंतर आगे बढ़ते रहने का आशिर्वाद भी दिया है ।

### लूट कांड के एक अपराधकर्मी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** विगत दिनों रोहतास में एक मोटरसाइकिल पर सवार 03 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा अगरेर थाना क्षेत्र के मोकर पुल के पास अवैध हथियार का भय दिखाकर मोटरसाईकिल एवं मोबाइल लूट-पाट करने की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में वादी के लिखित आवेदन के आधार पर अगरेर थाना काण्ड सं0-18 / 23, दिनांक 21.02.2023 धारा-392 भा0द0वि० दर्ज किया गया। जिसके बाद रोहतास पुलिस द्वारा इस घटना को काफी गंभीरता से लिया गया तथा पुलिस अधीक्षक, रोहतास के निर्देश में उक्त घटना में शामिल अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष अगरेर एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों का एक विशेष टीम गठित किया गया एवं अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा जगह-जगह लगातार छापेमारी किया जा रहा था। लेकिन रोहतास पुलिस के गिरफ्तारी के भय से अपराधकर्मी भागे फिर रहे थे। इसी क्रम में विशेष टीम को उक्त घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को काराकट थाना क्षेत्र के चाँदी पट्टी गाँव में छुपे होने का सूचना मिला। विशेष टीम को सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु काराकट थाना क्षेत्र के चाँदी पट्टी गाँव में छापेमारी हेतु भेजा गया। जहाँ उक्त काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मी सोनु शर्मा उर्फ शेरा, पे० - स्व० विनोद शर्मा, सा० - चोंदी पट्टी गाँव से गिरफ्तार किया गया। लुटी गयी मोटरसाईकिल एवं मोबाईल को अनुसंधान के क्रम में ही बरामद कर लिया गया है। उक्त अपराधकर्मी के द्वारा इस काण्ड में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया है। विदित हो कि पूर्व में भी इस कांड में 02 अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में भेजा जा चुका है।

### अग्निशमन विभाग ने नुक्कड़ नाटक कर आग से बचाव के दिए सुझाव

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** दावथ प्रखड अंतर्गत अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आग से बचाव के लिए पुर्वाभ्यास कराया गया एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने गर्मी के आइल समइया गे मईया.., हवा पछुआ बहेला गे.., खाना बने तो पानी रखो पास सहित अन्य गीत व नाटक के जरिए जागरूक किया गया। इसके अलावा फायर स्टेशन के अधिकारी व कर्मियों द्वारा सिलेंडर में आग लगने पर उसपर काबू पाने के तरीकों को बताया गया। मवेशियों के लिए आग से सुरक्षा के उपाय, खलिहान में अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने वाली बातों व घर में आग लगने से बचाव की भी जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग के अग्निक चालक सुनील कुमार पासवान ने कहा कि खाना पकाते समय सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें। घर में हमेशा ड्रम में पानी व छोटी बाल्टी में बालू भरकर रखें। जिला समादेष्टा ने बताया कि गैस सिलेंडर से आग की लपटें निकलते समय सूती कपड़े को पानी में भिगोकर लपटों को बंद कर देना चाहिए। मौके पर अग्निचालक सुनील कुमार पासवान, अग्निक अनिल कुमार, अंकज कुमार, बिनोद मंडल, गृह रक्षक जनेश्वर पांन्डे, भारतीय कला मंच सासाराम के तबला वादक भीमबली यादव, हारमोनियम वादक राजू प्रसाद, सेमरी पंचायत सरपंच अनिता देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### रोहतास जिलापरिषद उपाध्यक्ष के देवर पर सदस्यों सहित कर्मचारियों ने कार्यालय में राजनीत और कार्य मे बाधा डालने का लगा रहे आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** जिला के जिलापरिषद कार्यालय से एक ऐसी खबर सामने निकल कर सामने आ रही है जो खुली किताब की तरह सब कुछ बयान कर रही है।मतलब साथ है कि आज के सत्ता दौर में "जिसकी लाठी उसकी भेष "वाला कहावत बिल्कुल मैच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिला के जिलापरिषद के उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राज के देवर ई०प्रभात कुमार जिलापरिषद कार्यालय में अपना राजनीतिक का इतना विस्तार कर चुके हैं कि जिसका कोई हिसाब ही नहीं है।उनके राजनीत से कर्मचारी सहित कई लोग परेशान हैं क्योंकि अपने आप को भी जिला परिषद का उपाध्यक्ष बता कार्य में बाधा डालते रहते हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष वंदना राज के देवर ई०प्रभात कुमार अभी फिलहाल पीरो में पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता के पद पर कार्यकर्त है।परंतु उनके सिर पर राजनीत का मानो की भूत ही सवार हैं जो अपने विभागीय कार्य से अधिक जिला परिषद कार्यालय में राजनीत के मग्न में सवार हो जाते हैं और कर्मचारियों पर भी अपनी राजनीत साधते रहे हैं जिला लोगो को कई सारे परेशानियो का सामना करना पड़ता है।

# विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात जलाना पड़ा महंगा, लगा जुर्माना



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपूरा प्रदीप कुमार प्रजापति के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। ऊक्त दल द्वारा पंचायत-शिओबहार के ग्राम-कवई में पहुंच बकायेदार उपभोक्ताओं जांच किया गया। बताते चलें कि विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-कवई के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली जलाने को लेकर रामदुलार सिंह, पिता-जगबली सिंह पर 7762 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। आगे बताते चले कि श्री सिंह पर पूर्व से विद्युत विपत्र के मद में बकाया राशि 23583 था तथा दंडित राशि 7762 दोनों को समायोजित करने के पश्चात 31345 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें साथ ही साथ उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कार्यकर्ता नई दिल्ली के लिए रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** रविवार को बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन पर बिक्रमगंज नगर मंडल के कार्यकर्ताओं को पटना-सासाराम सुपर फास्ट पैसेंजर से श्रद्धापूर्वक दिल्ली के लिए रवाना किया गया । पार्टी के सभी कार्यकर्ता 31 अक्टूबर 2023 को मेरी माटी मेरा देश के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे । विदाई के समय सभी लोग राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत नारे भी लगा रहे थे । भारत माता की जय.... वंदे मातरम् ....वीर शहीदों अमर रहें । विदाई के समय भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र साह ने स्नेह पूर्वक पार्टी कार्यकर्ताओं को विदा किया तथा उनके मंगलमय यात्रा की कामना भी की । इस दृश्य को सभी यात्रीगण भाव विभोर होकर देख रहे थे । इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा, सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, बिरेंद्र ठाकुर, संजय चौरसिया, राम केश्वर , हरख पासवान,पप्पू ,अभिषेक राय आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

## बिमारी के कारण सब इंस्पेक्टर की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** नालंदा जिला निवासी सब इंस्पेक्टर की लंबी बिमारी के कारण उपचार के दौरान वराणसी के एक अस्पताल में मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है परिजन उनका अंतिम संस्कार के तैयारी में जुटे हैं। नालंदा जिला निवासी सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार रोहतास जिला स्थित दावथ थाना में तैनात थे। जिनकी तबियत लगभग 4 माह पूर्व गंभीर बिमारी के कारण हो गई। जिन्हें उपचार के लिए वाराणसी के एक अस्पताल में लाया गया था। विभाग द्वारा कोई सुधी नहीं लिया जा रहा था । परिजनों के अनुसार शुक्रवार की दोपहर अचानक तबियत बिगड़ गई जिसके तहत उन्होंने दम तोड दिया। अनिल कुमार का एक पुत्र व एक पुत्री है । घटना से गांव एवं श्रेत्र में शोक व्याप्त है। इस संबंध थाना प्रभारी कृपाल जी ने बताया कि दावथ थाना में कार्यरत एसआई अनिल कुमार जी मृत्यु हुई है व काफी ही मिलनसार व्यक्ति थे। वहीं एसआई प्रफुल्ल झा,समीर सिंह, जितेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, नितिश कुमार ददन राम, महिला सिपाही पनिका कुमारी ज्योति कुमारी व सुनील पासवान के द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

## भिखारी ठाकुर की जयंती सह सम्मान समारोह को ले भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, आरा/भोजपुर।** स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर आगामी 18 दिसंबर 2023 को भिखारी ठाकुर की जयंती सह सम्मान समारोह मनाने को लेकर आज संस्थान की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी निर्मल कुमार गुप्ता तथा संचालन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन गुड्डू ओझा के कविता पाठ से सम्पन्न हुआ। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान की आज की बैठक में 18 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार विमर्श करते हुए कई प्रस्तावों को लाया गया। इस बीच आयोजन को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में निर्मल कुमार गुप्ता का चयन किया गया जिस पर निर्मल कुमार गुप्ता ने अपनी सहमति प्रदान की।बैठक में शामिल वरिष्ठ रंगकर्मी कृष्णेंदु और पूर्व निगम पार्षद डॉ जितेंद्र शुक्ला ने भोजपुरी को मान्यता को लेकर 5 फरवरी 2024 को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा,पत्रकार नरेंद्र सिंह,गोपाल प्रसाद,सुरेश प्रसाद,गांधी जी,सेवा नृवित फौजी नागेंद्र ओझा,बिनोद सिंह,विजय बहादुर सिंह,अमरदीप कुमार जय, डॉ प्रेम शंकर पांडेय आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा की अगर भोजपुरी को मान्यता दिलाना है तो इसके लिए जन आंदोलन खड़ा करना होगा जिसका शंखनाद आज से ही इस मंच से शुरू कर दिया जाए। डॉ कुमार शीलभद्र वयोवृद्ध राज कुमार सिंह, राकेश कुमार ओझा ने कहा की ठाकुर जी की जयंती के बहाने भोजपुरिया समाज और संस्थाएं जो खंड खंड में विभक्त है को एक मंच पर लाने का प्रयास हो क्योंकि देश से लेकर विदेशों तक लगभग 15 करोड़ भोजपुरी भाषी और भाषायी क्षेत्र के लोग फैलें हुए यानी जनसंख्या भी बहुतायत है जिसमे करीब 5 करोड़ इस क्षेत्र के मतदाता है इन्हे केवल गोलबंद करना होगा जिसमे सिर्फ एक मुद्दा होगा की भोजपुरी को मान्यता कैसे दिलाई जाए।भोजपुरी के नाम पर बाजार में अश्लीलता फैलाने वाले लोगो से बचाना भी होगा क्योंकि उनका नजरिया व्यवसायिक है उन्हे भोजपुरी के मान सम्मान से कोई लेना देना नहीं है,वैसे लोगो से ही भोजपुरी बदनाम हो गई है। अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे निर्मल कुमार गुप्ता ने कहा की हमलोगो का प्रयास रहेगा की लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर ढंग से मनाया जाए। बैठक के दौरान ई संजय शुक्ला , डॉ के डी सिंह,केशव ठाकुर ने अपना अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### पूर्व विधायक ने मृतकों के आश्रितों से मिल सांत्वना दी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर ।** पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा कि कल हमारे बहुत अच्छे शुभचिंतक, सहयोगी, समर्थक मो फकीरा मिया के छोटे होनहार सुपुत्र का असामयिक निधन हो गया था आज उनके घर जगदीशपुर नगर पंचायत पहुंचकर संतावना दिया। कल ही जगदीशपुर नगर पंचायत के शंकर गोंड का 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार का झंझरिया पोखरा में शव बरामद हुआ था उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर संतावना दिए।घटना की जांच करवाने के साथ मृतक के आश्रित को आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपए जल्द मिले इसके लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। महुरही गांव पहुंच कर धनजी यादव के धर्मपत्नी के स्त्रधकर्म में शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दिए।शिवपुर श्री पयहारी जी के कुटिया पर पहुंचकर महान संत श्री छोटे बाबा और श्री संतोष बाबा का दर्शन किया।फिंगी गांव पहुंचकर मोहन पान दुकान के पुत्र के स्त्रधकर्म में शामिल हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दिए।श्री मोहन पान दुकान के पुत्र बैंक कर्मी महेश यादव का घटना का 14 दिनो के बाद भी हत्या का उद्भेदन नही होने पर आक्रोश प्रकट किया।पुलिस अधीक्षक भोजपुर से जल्द घटना का उद्भेदन करने के लिए बोले।साथ में लाल बहादुर सिंह, शैलेश कुमार, मंदिप यादव, अंजनी यादव, मंजी सिंह, मो करीम, महंत साह थे ।

### बाइक एवं कार की टक्कर में एक की मौत एक घायल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के मीरा सराय गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच टू सी पर रविवार की अहले सुबह बाइक और कार की टक्कर में एक युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संदर्भ में प्रत्यर्शियों ने बताया कि पयहारी जी के कुटिया के समीप शनिवार को रात आयोजित मेला में घूम कर करीब 2:30 बजे रात्रि में सौरभ यादव उर्फ नागराज एवं पुनपुन कुमार दोनों बाइक से लौट रहे थे। दूसरी ओर से काफी तेज़ रफ्तार से आ रही कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें 30 वर्षीय सौरभ यादव उर्फ नाराज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुनपुन कुमार को गंभीर स्थिति में नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनो मीरा सराय गांव का ही निवासी है। बताया जाता है, कि कार चला रहे ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण यह घटना घटित हुई है। गांव वाले ने बताया कि मृतक और घायल युवाक दोनों अपने घर के एक इकलोते पुत्र हैं। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है, जबकि घायल का इलाज निजी क्लीनिक में चल रहा है। क्षतिग्रस्त कर को छोड़कर चालक फरार बताया जाता है। क्षतिग्रस्त कार तिलौथू के एक व्यवसाई का बताया जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रभारी अंचलाधिकारी काराकाट जितेंद्र कुमार को सब रजिस्टार पद पर चयनित होने पर अधिकारियों ने दी बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट प्रभारी अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार को सब रजिस्टार के पद पर चयनित होने पर उक्त प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है । साथ ही साथ सभी अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है । श्री कुमार को काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह , कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी , प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अनुज कुमार , प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह , देवाशीष सिंह , शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित प्रखंड और अंचल के सभी अधिकारी व कर्मी लोग बधाई दी है ।

प्रतियोगिता | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता न्यू स्टेडियम फजलगंज सासाराम में संपन्न

## डीएवी स्कूल ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता न्यू स्टेडियम फजलगंज सासाराम में संपन्न हुआ। जिसमें डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल आरा रोड , तेंदूनी चौक के खिलाड़ियों ने अपना लहराया। अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले से कुल 22 टीमों ने भाग लिया। जिसमें डी.ए.वी बिक्रमगंज के खिलाड़ियों ने सभी टीमों को मात देते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। जिसमें उक्त विद्यालय की छात्रा आराध्या सिंह, अनुराधा कुमारी, आराध्या आर्या, सलोनी कुमारी, विधि मिश्रा, रिया कुमारी, प्रज्ञा पाण्डेय तथा सौम्य भारती शामिल है। जिनको नगर आयुक्त यतेन्द्र एवं जिला खेल पदाधिकारी भानु प्रताप सिंह ने खेलाड़ियों को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही साथ विद्यालय में इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था , जिसमें विद्यालय के चार हाउस- गंगा, यमुना, कृष्णा एवं कावेरी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित तथा अंग्रेजी विषय से चार-चार राउंड प्रश्न पूछा गया ,जिसमें सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर यमुना हाउस के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान कावेरी हाउस के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया तथा तीसरा स्थान गंगा हाउस जिसमें यमुना हाउस को कल 460 अंक, कावेरी हाउस को 413 अंक तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले गंगा हाउस को 291 अंक प्राप्त हुए। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रत्येक हाउस के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने बच्चों को तैयारी कराई थी। इस प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के शिक्षिका नीलम कुमारी तथा शिक्षक विनोद कुमार तिवारी ने किया। जिन्होंने कठिन मेहनत कर इस प्रतियोगिता के लिए उपरोक्त चारों विषय से प्रश्न तैयार किए थे और पूरे ईमानदारी से प्रतियोगिता का संचालन किया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया ने विजेता तथा उपविजेताओं को अपनी तरफ से बधाई और शुभकामनाएं भी दिया। तथा वहां उपस्थित सभी बच्चों तथा शिक्षकों को इसके लिए धन्यवाद और आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यालय में एक समय अंतराल के बाद होती रहनी चाहिए तथा विजेता टीम को जीतने के बाद भी झुककर रहना चाहिए। अपने आशीर्वचन में बच्चों को समझाते हुए कु. प्रिया ने कहा कि जब पेड़ पर फल पक जाते हैं तो पेड़ झुक जाता है, ठीक उसी प्रकार से विजेता टीम के लिए विनम्रता उतनी ही जरूरी है।

## स्तन कैंसर जागरूकता: जल्दी पता लगने से बच जाती है जान: डॉ. माधवी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिक्रमगज प्रखंड स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर घुसियां कला में स्तन कैंसर जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. माधवी कुमारी ने इस अवसर पर बताया कि अक्टूबर महीना को विश्व भर में स्तन कैंसर जागरूकता महीने के रूप में मनाया जा रहा है। इससे इस बीमारी के बारे में जागरूकता, शुरुआती पहचान और उपचार के साथ-साथ देखभाल में मदद होती है। जागरूकता की कमी और उचित समय पर उपचार के आभाव के कारण यह भारतीय महिलाओं के लिए घातक साबित हो रहा है। यदि महिलाएं अपने स्तनों में किसी प्रकार का बदलाव देखती हैं यानी स्तनों में गांठ, त्वचा का रंग बदलना, छिद्र जैसा होना, निप्पल अन्दर के तरफ मुड़ जाते हैं या आपके निप्पल से किसी प्रकर का रिसाव निकलता है, तो फिर विशेषज्ञ से यथाशीघ्र परामर्श लें। यह जरूरी नहीं है कि यह स्तन कैंसर ही हो । स्तन के कई सौम्य रोग भी होते हैं । जब किसी को स्तन कैंसर का पता चलता है तो वे अपने आप को हताश, शक्तिहीन, अलग-थलग महसूस करने लगते है ।लेकिन स्तन कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है । अगर इसका जल्द पता चल जाए तो आज चिकित्सा विज्ञान में नवीनतम प्रगतियों के कारण स्तन कैंसर का इलाज शतप्रतिशत संभव व कारगर है। इस अवसर पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की एएनम दीपमाला, कल्याणी, संजू कुमारी और आशा के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिती थी।

# ईंट लदी ट्रैक्टर की ट्राली पलटी, शराब सहित ट्रैक्टर जप्त, ड्राइवर हुआ फरार



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़ थाना क्षेत्र के खोरहरा नहर के समीप से एक एक दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर की ट्राली से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है, वही घटनास्थल से ड्राइवर फरार हो गया है। गौरतलब हो कि बिहार में 2016 से ही शराब बनाना, खरीद फरोख्त एवं सेवन करना पूर्णतः अवैध है बावजूद इसके बिहार में सुगमता से आज भी शराब मिल रहा है या यूं कहें कि बिक रहा है जिसकी वजह से पूरे बिहार में कई नए अवैध व्यापारियों ने जन्म ले लिया है, वही शराब का अवैध व्यापार करने वाले पकड़े भी जा रहे हैं और शराब तस्करी के नित्य नए तरीके भी अपनाय जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की सुबह एक ट्रैक्टर पर ईंट लादा गया था जिसमें ट्रॉली के नीचे शराब और ऊपर से ईंट रखकर ले जाया जा रहा था। हालांकि यह शराब कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था इसकी अभी कोई सूचना नहीं है वही शराब ले जाने के क्रम में खोरहरा गांव के समीप नहर पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया जिससे घटनास्थल पर मौजूद ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया वहीं घटनास्थल पर मौजूद कुछ नागरिकों द्वारा रामगढ़ थाने को सूचित किया गया। सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शराब बरामद किया। आपको बता दे की रामगढ़ प्रखंड यूपी की सीमा से सटा हुआ है जिसकी वजह से यहां शराब तस्कर भी काफी सक्रिय है वही इस घटना को पुलिस अपनी बड़ी सफलता बता रही है लेकिन स्थानीय नागरिक इसे "अंधे के हाथ बटेर लगना" बता रहे हैं। सबसे अहम सवाल है कि अगर सीमावर्ती क्षेत्र का जायजा ले तो दुर्गावती थाना अंतर्गत ककरैत घाट और रामगढ़ थाना अंतर्गत बडौरा घाट पर पुलिस चौकी है जो कि दोनों मद्ध निषेध विभाग के अधीन है और इन पर हमेशा जवानों की तैनाती रहती है. वही एकमात्र खाली सीमावर्ती क्षेत्र जंदहा स्थित कर्मनाशा नदी का पुल है जहां पर रामगढ़ थाने के चौकीदारों की हमेशा ड्यूटी रहती है लेकिन इसके बावजूद भी सीमा क्षेत्र में शराब का प्रवेश करना पुलिस के ऊपर सवालिया निशान खड़े करता है। फिलहाल तो पुलिस ने शराब बरामद कर लिया है और ट्रैक्टर को जप्त कर थाने लाई है। वही संबंध में थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि कल 35 पेटी शराब बरामद किया गया है और ट्रैक्टर को भी जप्त कर लिया गया है वही ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबर तथा ईंट के आधार पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## खास खबर

### टोडी पंचायत में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा जनसंवाद कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवादाता भभुआ।** टोड़ी पंचायत मुख्यालय में आज यानी कि सोमवार को एसडीएम अपने अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों के सहयोग से जन संवाद कार्यक्रम करेंगे। दरअसल इसको लेकर एसडीओ के कार्यालय से एक पत्र जारी किया गया है, जिसकी प्रतिलिपि प्रखंड स्तर के तमाम विभागों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सौंपी गई है। जिसके अंतर्गत संबंधित सभी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देशित किया गया है, वहीं आमजनों को भी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुटकर बिहार सरकार द्वारा संचालित तमाम तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर करने की बात कही गई है। इधर कार्यक्रम के दौरान आयोजन स्थल पर शांति व्यवस्था संधारण हेतु अपेक्षित संख्या में पुलिस बल जुटने की भी बात कही गई है।

### मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश कार्यक्रम में पुरे बिहार में रामगढ़ विधानसभा पहला स्थान प्राप्त किया है



**रामगढ़ कैमुर, शुभ भास्कर।** रामगढ़ के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश कार्यक्रम में पुरे बिहार में रामगढ़ विधानसभा पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्री मिथलेश तिवारी ने इसकी घोषणा पटना प्रदेश कार्यालय में की सभी कार्यकर्ता बंधुओ को उन्होंने बधाई दिया साथ में कार्यकर्ताओं को इसका श्रेय भी पूर्व विधायक के द्वारा दिया गया।

### राजपुर मोड पर दो बाइक एक्सीडेंट में दोनो चालक घायल



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे भगवानपुर-भभुआ पथ के राजपुर मोड़ पर दो बाईक आपस में जा भीड़ें। इस घटना की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ आरके पंडित ने दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में राजपुर गांव निवासी शिव गोविंद राम का पुत्र भीम राम नाम का घायल बाइक चालक उनके स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा था, जिसका उचित इलाज कर के उसे वापस भेज दिया गया। जब कि दूसरा बाइक चालक का इलाज किसी स्थानीय निजी अस्पताल में किए जाने की बात सुनने में आई है। जिसका नाम और पता ज्ञात नहीं है।

### ग्राम सावठ के जिला खेल प्रतियोगीता में 800 मीटर दौड़ में एजाज ने 3 स्थान प्राप्त किया



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** जिला में चल रहे खेल प्रतियोगिता में एजाज ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान पत्र अपने गांव सावथ का नाम रोशन किया । जिला पार्षद भाग 2 दीपक यादव ने इस खिलाड़ी के जीत पर उसके घर जाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण युवाओं से अपील की की आप सब युवा खेल के प्रति ज्यादा रुचि रखें और अभ्यास करें जिससे गांव का सम्मान बढे और आप सबका भविष्य उज्जवल हो

### 7 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार अपाची बाइक जप्त



**दुर्गावती सदर।** स्थानीय दुर्गावती थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर डहला मोड़ के समीप दुर्गावती पुलिस के द्वारा शराब जांच अभियान के तहत उत्तर प्रदेश की सीमा से आ रहे एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया बाइक सवार पुलिस देखकर भागने लगा पुलिस तत्परता दिखाते हुए धर दबोचा जब उसकी तलाशी ली गई उसके पास से 7 लीटर देसी शराब बरामद किया गया शराब तस्कर घेघिया गांव निवासी किशोर चौधरी के पुत्र रामानंद कुमार के पास से 7 लीटर ब्लू लाइन देसी शराब बरामद किया गया एवं एक मोटरसाइकिल अपाची जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UP67AA-1081 है। वही इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि शराब जांच अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या से दो से शराब तस्कर रामानंद कुमार के पास से 7 लीटर ब्लू लाइन देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर पुलिस कागजी प्रक्रिया में जुट गई।

## 67वीं BPSC में 50 वीं रैंक पाने वाले दुर्गावति के लाल रितेश यादव का एसडीएम पद पर चयन



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** स्थानिय प्रखंड के कल्याणपुर गांव के रहने वाले रितेश कुमार यादव 67वीं BPSC ( बिहार लोक सेवा आयोग) में 50 वीं रैंक लाकर क्वालिफाई कर एसडीएम बन गए हैं । जब एसडीएम बनने की जानकारी रितेश कुमार यादव के माता पिता को मिली तो खुशी के आंसू निकल पड़े। रितेश कुमार यादव के पिता हरिचंद्र यादव , ने जानकारी देते बताया कि मैं एक लघु किसान हूं और घर पर खेती बारी के साथ-साथ गाय भैंस का पालन करता हूं। इसी पैसे से अपने बच्चे को पढ़ाया लिखाया। आज मेरा बच्चा बिहार में एसडीएम पद पर चयन हुआ है मुझे बहुत ही खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि रितेश कुमार यादव वर्तमान में महाराष्ट्र के ओकला में C&AG (Comptroller & Auditor General) में डिविजनल अकाउंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इसके पहले 2014 में रितेश कुमार यादव कैबिनेट सचिवालय में कार्यरत थे। वही 2016 में इस नौकरी को रिजाइन देकर C&AG में डिविजनल अकाउंट ऑफिसर के पद पर चयनित हुए इसके बाद से हीं रितेश कुमार यादव इस पद पर पर अभी भी कार्यरत हैं। रितेश कुमार यादव जॉब के दौरान हीं बीपीएससी की तैयारी कर रहे थेऔर पहले ही प्रयास में क्वालीफाई कर लिया । उन्होंने बताया की मेरे पिता जी एक किसान है । कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता छोटा भाई व अपने दोस्तों को देता हूं। जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाया। आगे मेरा लक्ष्य है यूपीएससी क्वालिफाई करना । ज्ञात हो कि 2007 में दशवीं की परीक्षा उतीर्ण की है और 10 विं पढ़ाई गांव के ही शत्रुहरण उच्च विद्यालय कल्याणपुर से की है । उसके बाद बनारस रहकर 12वीं एवं स्नातक की पढ़ाई बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से कि ।

## कुम्हार प्रजाति ने लोस चुनाव में करेगी बड़ा रोलः डॉ महेश प्रजापति



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** रविवार को एक निजी होटल में कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मोहनियां प्रखंड के बिहार कुम्हार समन्वय में जन भागीदारी पार्टी के नेतृत्व में छात्र प्रतिभा सामान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख डॉ महेश चंद्र प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, भविष्य के साथ खिलवाड़ करना उचित नहीं है। जिस तरीके से बिहार में पढ़े लिखे नौजवानों को 10 लाख रोजगार देने की बात तेजस्वी सरकार ने किया था, आज यह खोखला साबित हो रहा है। जातिवाद में छात्र-छात्राओं के साथ ही नहीं अति पिछड़े महादलितों के साथ नीतीश गठबंधन सरकार ने धोखा किया है। जिस तरीके से प्रजापति समाज की आबादी 1.46%बतलाई गई है यह महज एक धोखा है। बिहार कुम्हार प्रजापति सम्मेलन समिति और भागीदारी पार्टी ने सर्वे किया तो यह बात निकाल कर आई, की जनगणना अधिकारी आए ही नहीं। 2024 लोकसभा चुनाव में 40 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने जा रही है। जिसमें सात लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की गई है, श्री प्रजापति ने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग सामाजिक न्याय की बात करते हैं, उनका सामाजिक न्याय यही है कि 36% अति पिछड़ों की आबादी है,लेकिन इनका राजनीति में प्रतिनिधित्व शून्य है। प्रजापति समाज का आजादी के 76 वर्ष बाद भी एक भी एमएलए नहीं बन पाए।उनके साथ-साथ तमाम अपेक्षित जातियों की भागीदारी देने का कार्य भागीदारी पार्टी करेगी। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी इंजीनियर रूपेश कुमार पंडित ने कहा कि प्रदेश में महंगाई चरणों पर है महिला आरक्षण भी एकमात्र दिखावा है इस अवसर पर कुम्हार (प्रजापति) जिला अध्यक्ष सह डंडवास पंचायत के मुखिया राजेश प्रसाद,जयशंकर अजीत जी रमाकांत,धर्मेंद्र,आदि लोग मौजूद रहे।

## स्विफट डिजायर कार के साथ पांच गिरफ्तार






**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** गस्ती के दौरान दुर्गावती पुलिस ने पांच लोगों को नशे की हालत में शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त खबरों के मुताबिक दुर्गावती पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर खजुरा बाजार के पास उत्तर प्रदेश बिहार की सीमा पर गश्ती कर रही थी उसी दौरान एक बाईक सवार को हल्का धक्का मार हाथों में शराब की बोतल लहराते हुए गाली देते हुए नशेड़ी भागने लगे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तैनात पुलिस को बाइक सवार ने फोन पर सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस कार की पीछा करना प्रारंभ की और दुर्गावती थाने को सूचना दी। सूचना पाकर दुर्गावती थाने की पुलिस थाना के सामने जाम लगा दी जिसके कारण कार में सवार सभी पांच व्यक्ति पकड़े गए। जब कर की तलाशी ली गई तो कर से तीन बड़ी बोतल अमेरिकन शराब और पीने की गिलास पकड़ी गई। गिरफ्तार सभी लोगो की जांच से पता चला कि सारे लोग शराब के नशे में धुत है ।यही नहीं पीने वाले शराबी हो हल्ला रोना और हंसना थाना परिसर के अंदर ही करने लगे। शराब के नशे में ही लोगों ने अपना निवास स्थान प्रयागराज उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस सभी गिरफ्तार व्यक्तियो को लॉकअप में बंद कर दिया पुलिस को शक है कि कहीं ये अपराधी किस्म के लोग तो नही है। शराब की नशा पूर्णरूप से उतरने के बाद ही उनके निजी आवास और उनके अपराधी इतिहास का पता चल पाएगा फिलहाल सभी पांच गिरफ्तार पुलिस के कब्जे में है।

### नदी पर पुल अगर बन जाता तो किसान हो जाते खुशहाल



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवादाता भभुआ।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोड़ी पंचायत स्थित भाराखाड़ नदी पर पुल नहीं बनने से सैकड़ो किसानों को आने जाने में और असुविधा होती है । बरसात के समय में नदी में पानी भर जाने पर,खेत जोतने के लिए ट्रेक्टर ले जाने मे बहुत ही कठिनाईयो का सामना करना पडता है। इस प्रकार किसानो को खेती करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है किसान दीपक चौरसिया गुड्डु सिंह पुहुप सिंह जितेंद्र उपाध्याय, अनुराग सिंह, प्रमोद तिवारी, ने कहा कि नदी पर पुल नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसे खेतों पर खाना पहुंचाना खेती करने के लिए ट्रैक्टर लेकर जाना बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है ।वहीं पर कच्ची सड़क से होकर नदी पार कर खेत पर जाने का रास्ता बहुत ही कठिन दायक है ।लेकिन उसके बावजूद भी खेती करने किसान जाते हैं क्योंकि उनके लिए तो रोजी-रोटी का सवाल है बहुत दिनों से कच्ची सड़कों से होते हुए जाया जाता है ।बरसात के दिनों में पूरा कीचड़ हो जाता है उसमें भी पार करके किसान जाते हैं। कुछ किसानों का कहना है कि यह दुडरिया सड़क बहुत ही पुराने समय से लगभग 70-75 साल से कच्ची सड़क है जो आज तक नहीं बन पाया। यह रामगढ़ पंचायत के मकड़ी खोह मे पड़ता है। यह सड़क और पुल निर्माण हो जाने से सैकड़ो किसानों को काफी सहूलियत मिल जाएगा। किसान खुशहाल हो जाएंगे। कहा जाता है कि किसान ही हमारे देश की नीव है।

### दो वारंटीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से, दो वारंटीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्याय हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि कोर्ट से निर्गत आदेश के तहत पूर्व के मामलों में कोर्ट से जमानत के उपरांत कोर्ट के सुनवाई में अनुपस्थित चल रहें। थाना क्षेत्र के डेरवां ग्राम वासी कुनाल सिंह उर्फ बिजली सिंह पिता अनिल सिंह व थाना क्षेत्र के घटांव ग्राम वासी सुदर्शन कहार पिता स्वर्गीय शिव मूरत कहार जो की पूर्व की आपराधिक मामलों में कोर्ट से जमानत के उपरांत कोर्ट की सुनवाई में,अनुपस्थित चल रहे थे। जिन्हें कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार कर स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### धनगड़ा मौजा में पानी के बिना सुख रहा है धान की फसल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, (कैमूर)।** जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगड़ा, बभनी, तिलपड़ा, देउआ जैसे क्षेत्र में पानी के अभाव में धान का फसल नष्ट हो रहा है जहां केवल पटवन का साधन मोटर पंप है। यहां कोई नाहर का कोई साधन नहीं है। और हर साल लास्ट में इसी तरह पानी का किल्लत होता है। इस शाल तो सबसे ज्यादा दिक्कत है। इस साल में कम वर्षा होने के अभाव में पानी का लेयर अभी नीचे की तरह तेजी से भाग रहा है। और बिजली वहां 8 घंटा प्राप्त होता है। जहां मोटर को चला चला कर धान का पटवन किया जा रहा है लेकिन पानी के अभाव में बहुत से धान सुख रहे हैं। वहीं धनगड़ा मौजा के किसान उपेंद्र कुशवाहा, अनिल, अजीत प्रसाद यादव, रामशीष यादव ने बताया कि बिजली 8 घंटा मिलता है। उसी में मोटर पंप को चलाया जाता है। लेकिन लेयर काम नहीं कर रहा है मोटर चलने के तुरंत बाद पानी खत्म होने पर बंद हो जाता है जिससे काफी परेशानियां हो रही है। किसानों ने सरकार से अपनी मांग कर रहे थे। कि इधर सिंचाई का साधन बनाया जाए ताकि हम सब गरीबों का फसल समय-समय से सिंचाई हो सके और हम लोगो को तत्काल बिजली का समय और बढ़ाया जाए

### चैनपुर पुलिस ने दो वारंटीयो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहो से दो वारंटीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रणबीर कुमार के द्वारा बताया गया कि, चैनपुर पुलिस द्वारा ने बड़े दिनु से तलाश करने के बाद ग्राम डीह भुजैना से काशीनाथ राम पिता बंसी राम को गिरफ्तार कर चैनपुर थाना लाया गया, वही एक वारंटी चैनपुर थाना क्षेत्र के रुपिन गांव का साक्ष्य वारंटी शिव वचन बिंद पिता स्वर्गीय रामाधार बिंद को गिरफ्तार कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में मेडिकल जांच करा कर भभुआ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बैठक | मुंडेश्वरी धाम स्थित आनंद लोक होटल के सभागार में एक बैठक

## मुंडेश्वरी में शाहाबादियों का होगा जुटान, शाहाबाद महोत्सव मनाने की चल रही तैयारी



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता भभुआ।** आगामी 2 दिसंबर को मुंडेश्वरी धाम में होने वाले शाहाबाद महोत्सव में देश के विभिन्न भागों से लोग शिरकत करेंगे और अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा को याद करते हुए यहां की मिट्टी की खुशबू बिखरने का संकल्प लेंगे। उक्त महोत्सव को सफल बनाने के लिए आज रविवार को मुंडेश्वरी धाम स्थित आनंद लोक होटल के सभागार में एक बैठक हुई बैठक को संबोधित करते हुए शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने बताया कि शाहाबाद के मूल निवासी बिहार के अलावे झारखंड उत्तर प्रदेश दिल्ली महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास लिख रहे हैं जिसमें राजनीतिक क्षेत्र में मनोज तिवारी सांसद दिल्ली अर्जुन सिंह सांसद बैरकपुर कोलकाता सुनील कुमार सिंह सांसद चतरा झारखंड सांसद बीडी राम पलामू झारखंड रॉन्ग साइड में पूर्व सांसद संजय निरुपम मुंबई दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश झारखंड के पूर्व डीजीपी कमल नयन चौबे भारत सरकार के पर्यटन सचियां अरविंद कुमार सिंह जैसे लोगों का नाम शामिल हैउन्होंने कहा कि इस समारोह में शाहाबाद क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसद विधायक के अलावा प्रशासनिक, साहित्य, कला संस्कृति, नृत्य संगीत आदि क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि हासिल करने वाले लोग शामिल होंगे। इस महोत्सव मे शाहाबाद के महापुरुषों के अलावा प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक तथा प्राकृतिक स्थलों का तैल्य चित्र व प्रमुख व्यंजन प्रदर्शनी का लागया जाएगा। बैठक के दौरान समारोह की सफलता के लिए प्रचार प्रसार, अतिथि सत्कार और ठहराव, स्वागत आदि को लेकर मंथन हुआ। और आगामी 4 नवम्बर को मोहनिया में बैठक करने का निर्णय लिया गया। आज के बैठक की अध्यक्षता सुदर्शन सिंह ने किया जिसमें अखिलेश कुमार, रामप्रवेश सिंह,अजय शंकर पाण्डेय, धिरज सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह,भोला सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज सिंह, डि के मिश्रा, कमलेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजमणी सिंह,सभी लोग मौजूद रहे।

## बिगड़ते बोल फिसलती जुबान बढ़ती दूरियां क्या स्वस्थ लोकतंत्र के हित में है



**श्याम सुन्दर पांडेय, दुर्गावती सदर।** आज के परिवेश में क्या गलत है और क्या सही इससे देश का भला होगा या नुकसान राष्ट्र मजबूत होगा या कमजोर आपसी सद्भावना बढ़ेगी या नफरत इसकी चिंता किए बिना कुछ भी बोल जाना क्या सही है। आज के राजनीतिक परिवेश में प्रत्येक दलों में राजनीतिक प्रवक्ताओं की बहाली कर दी गई है ताकि उनके प्रवक्ता ऐसी भाषा बोले जिसे केवल वोट बटोर जा सके भले ही देश और समाज का बेड़ा गर्त हो जाय इसकी चिंता नहीं है। प्रवक्ताओं के अलावा भी राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे राजनेता और कार्यकर्ता भी समर्थन में कुछ भी बोल जाते हैं क्या उन लोगों को यह पता नहीं होता कि हमारे बगल में कुछ जनता या कुछ समाज के लोग भी हैं बैठे या नहीं।क्या संविधान की शपथ लेकर देश की एकता और अखंडता को और अक्षुण बनाए रखने का संकल्प का ज्ञान उन राज नेताओ के उस समय नहीं रहता या वह संकल्प भूल जाते हैं। बिचरणीय विषय यह है कि ऐसे राजनेता अपने बड बोले प्रवक्ताओं के ऊपर कोई कारवाई क्यों नहीं करते क्या इसे पार्टी के प्रमुख नेताओं को उसमें सम्मिलित होना मान लेना अनुचित होगा। इसका मतलब है न उन्हें राष्ट्र की चिंता है न समाज में बढ़ते नफरत की चिंता है । बिगड़ते बोल फैलती नफरत पर आखिरकार संवैधानिक पद पर बैठे लोग सब कुछ के बावजूद क्यों खामोश है। क्या किसी खास जाति और धर्म को गाली देकर उसजाती और धर्म के लोगोका वोट लिया जासकता है। क्या भारतीय न्याय प्रक्रिया भी स्वतंत्र संज्ञान लेने के दायरे में होने वजूद कोई संज्ञान नहीं ले सकता क्या न्यायालय भी लगता है भयभीत है। ऐसे मामलों पर जहां देश के ढांचे और देश के एकता के सम्मान की बात आती है तो न्यायालय को स्वत संज्ञान ले लेना चाहिए क्या यह उचित नहीं होगा। जातीय आधार पर अगर देश को बांट दिया जाए तो क्या उस जाति के लोग अपने ही जाति के नेता के आने वाली पीढियां को लगातार वोट देते रहेंगे लगता है यह भी नहीं सोच पाते जातिवादी नेता। एक तरफ बातें होती हैं संविधान सबको रहने का इजाजत और अधिकार देता है और सबको सही ढंग से सुविधा मिले समान रूप से सबकी मर्यादा और प्रतिष्ठा रहे अपने-अपने धर्म के अनुसार लोग जीवन जीये तो फिर नफरत की और जातिवादी का जहर समाज को क्यों दिया जा रहा है एक तरफ संविधान की दुहाई दूसरे तरफ नफरत दोनों क्या एक साथ चल सकता है। आज के बदलते परिवेश में जनता को भी सतर्क रहने की जरूरत है ताकि उन्मादी और नफरत की भाषा और बोली से देश में बढ़ रही दूरियां घटे और भाई चार कायम हो। यदि भारतीय लोकतंत्र में सही मायने में जनता फैसला लेना जब प्रारंभ कर देगी तो इन नेताओं की दुकान स्वत बंद हो जाएगी और कोई हिमाकत नहीं कर पाएगा की नफरत की बीज देश में फैलाएं और देश को कमजोर कर सके। यह नेताओं की ही नहीं हम सब की भी जिम्मेवारी है जिस पर हम सबको भी मिलकर काम करना होगा जिससे देश राष्ट्र और समाज का उत्थान हो सके।

## ख़ास ख़बर

### अपने बेटी को फोन पर किसी से बात करना और पूछना मां को पड़ा महंगा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, जखनिया गाजीपुर।** शादियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में आज रात एक बजे मोबाइल पर फोन पर बात कर रही बेटी को मां ने डांट कर पूछना पड़ा महंगा।रात में ही नाबालिग किशोरी हुई लापता।देर शाम शादियाबाद में पीड़िता की मां ने थाने पर तहरीर देकर बेटी को खोजने की लगाई गुहार।शादियाबाद एस ओ सतेन्द्र राय ने बताया तहरीर मिली है जांच किया जा रही है।

### सिपाही का बेटा बना डीएसपी, गांव का नाम किया रौशन, गांव में बना खुशी का माहौल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी।** गाजीपुर थाना भावरकोल अंतर्गत मलसा गांव के मूल निवासी है ।अभिषेक के पिता राकेश चौबे पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल हैं। अभिषेक ने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव में ही हुई है। और मेरे परिवार की दो पीढ़ी लगातार पुलिस में अपनी सेवा दे चुकी है, वर्तमान में मेरे पिता व चाचा एवं बड़े पापा भी उत्तर प्रदेश पुलिस में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। मुझे डीएसपी बनाने में मेरे मम्मी ,पापा व गुरुजनों का बहुत बड़ा योगदान है। प्रयागराज जनपद के कैंट थाने में में तैनात हेड कांस्टेबल राकेश चौबे के बड़े पुत्र अभिषेक चौबे ने बिहार पीसीएस की परीक्षा में डिप्टी एसपी के पद पर सातवीं रैंक हासिल की है। इसकी सूचना से गांव में खुशी का माहौल है। दरवाजे पर मिठाई बांट खुशी का इजहार किया गया।अभिषेक ने प्रशासनिक सेवा के स्थान पर पुलिस सेवा को ही प्राथमिकता दी है।

### रंगीला यादव को बनाया गया सपा का प्रदेश सचिव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मियनाबड़ा गांव के रंगीला यादव सपा के कर्मठ कार्यकर्ता को सपा के पिछड़ा वर्ग आयोग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा.राजपाल कश्यप ने रंगीला यादव को प्रदेश सचिव बनाए जाने से पार्टी होगी मजबूत। लोगो में खुशी।

### जाम की समस्या को लेकर नींद से नहीं जाग रहे अधिकारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मनोज कुमार, जमनिया।** जाम की समस्या को लेकर अनजान बने हुए हैं दुकान के सामने वाहनों के आड़े तिरछे खड़ा होने के कारण जाम के काफी परेशानी होती है जमानियां रेलवे स्टेशन गांधी चौक के सामने समस्या बनी हुई है वहीं दूसरी ओर रेलवे क्रासिंग से लेकर सब्जी मंडी तक दुकानों के सामने आडे तिरछे वाहनों के खड़ा होने व ठेला दुकानों के सड़क किनारे जाम की स्थिति हो जाती है इसके साथ ही मनमानी ढंग से वाहनों की आवागमन के कारण स्कूली वाहन और एम्बुलेंस कर्मी सुबह शाम परेशान रहते हैं इसके बाद भी आये दिन समस्या को लेकर चौकी प्रभारी से लेकर थाना प्रभारी अनजान बने हुए हैं।

# प्राचीन शिव सरोवर की दुर्दशा देख भाजपाई नाराज

**अनदेखी**

- सरोवर की साफ सफाई शुरू नही होने पर व्यापारियों में दुर्गंध से भारी रोष
- केन्द्रीय मंत्री के निर्देश पर भाजपाईयों ने सरोवर का किया निरीक्षण



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा।** स्थानीय कस्बा स्थित आस्था का केन्द्र रहा सैकड़ों वर्ष प्राचीन शिव सरोवर में गंदा नाला सीवर का पानी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ईंजन लगाकर बहा दिये जाने से सरोवर का अस्तित्व समाप्त होगया है। भारी दुर्गंध से सरोवर के पास रहने वाले दर्जनों परिवार का जीना दूभर होगया है। वही पूजा पाठ करने वाली महिलाओं को काफी समस्या हो रही है। रविवार को केन्द्रीय मंत्री व सांसद के निर्देश पर भाजपा नेताओं ने सरोवर की दुर्दशा देख नाराजगी जताया है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के खिलाफ मंत्री को अवगत कराने को कहा है। कस्बा के प्राचीन शिव सरोवर के समीप प्राचीन दुर्गा मंदिर, संतोषी माता का मंदिर ,भगवान भोलेनाथ का मंदिर, हनुमान और राधा कृष्ण का मंदिर व गायत्री परिवार का कथा स्थल है। मंदिर के समीप सैकड़ों वर्ष पुराना प्राचीन शिव सरोवर है। जहां सुबह शाम महिलायें पूजा अर्चना के साथ उक्त सरोवर पर छठ पूजा,देव दिवाली,गायत्री परिवार की ओर से भक्ति संध्या कार्यक्रम का आयोजन होता है। इसके अलावा अन्य धार्मिक कार्य होता रहता है। बीते दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से नवनिर्मित गंदा शिविर का दूषित पानी ईंजन लगाकर पाइप द्वारा सरोवर में बहा दिया गया। इसी दूषित पानी में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन को लेकर काफी हो हल्ला मचा। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर मजबूरी में पूजा कमेटी के लोगों ने मूर्ति विसर्जन किया। चार दिन बाद भी सरोवर की साफ सफाई तो दूर अधिकारी झांकने तक नहीं गये। तालाब की दुर्गंध और दूषित जल की साफ सफाई को लेकर व्यापारियों ने केन्द्रीय मंत्री व सांसद को अवगत कराया। केन्द्रीय मंत्री के निर्देश पर भाजपा नेताओं ने सरोवर का दुर्दशा देख नाराजगी जताया। डीएम और सीडीओ से मामले का निस्तारण कराने का भरोशा दिया। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, विजय गुप्ता, भानू प्रताप सिंह, पंमपंम सिंह, मोनू पांडेय सहित अन्य रहे।

**मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के तहत सरोवर है चयनितः** कस्बा का सैकड़ों वर्ष आस्था का केन्द्र प्राचीन शिव सरोवर मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के तहत चयनित है। इस सरोवर का सुंदरीकरण कार्यदायी संस्था परियोजना प्रबंधक यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटिड द्वारा पच्चास लाख रूपये खर्च करके किया गया था। बीते वर्ष 6 फरवरी 2021 में सांसद व क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से सुंदरीकरण का कार्य शुरू हुआ था। दो साल भी नही हुआ की सरोवर की दुर्दशा को लेकर लोगों में भारी रोष है।

# टीवी चैनल के पत्रकार को सोशल मीडिया पर बनाया गया तथाकथित पत्रकार

- मेरी छवि को बदनाम करने की रची गई साजिश - पत्रकार अमित उपाध्याय
- मेरी छवि धूमिल करने वाले के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष



**दैनिक शुभ भास्कर, गाजीपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिले के एक टीवी चैनल के संवाददाता के छवि को लेकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक ANB NEWS टीवी चैनल के संवाददाता अमित उपाध्याय के खिलाफ कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर तथाकथित पत्रकार व वसूली का आरोप लगाकर छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। जरा आप भी सोचिए एक टीवी चैनल का पत्रकार तथाकथित पत्रकार कैसे हो सकता है। इस संबंध में पत्रकार अमित उपाध्याय ने बताया कि पिछले दस दिनों से लागातार एक बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे मयंक पैथालॉजी सेंटर की खबर चलाई जा रही थी। जिसको लेकर पहले कुछ लोगों द्वारा मेरे खबर न चलाने को लेकर दबाव बनाया गया। जो व्यक्ति मेरे छवि को धूमिल कर रहा है। उनके द्वारा भी खबर न चलाने के लिए फोन करके मना किया गया था लेकिन खबरें लागातार प्रकाशित हुई फिर आये दिन कुछ लोगों के द्वारा फोन करके दबाव बनाया जा रहा था। जिसकी आडियो रिकार्डिंग मेरे पास उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों से लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते आ रहा हूं। मेरी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं है, मेरी लड़ाई भ्रष्टाचार से है। एक सवाल पर उन्होंने बताया कि मेरे छवि को बदनाम करने वाले का साक्ष्य रख लिया हूं।आगे जो का कार्यवाही करना है उसको किया जायेगा।

# चाकू मारकर अधेड़ की हत्या, हत्यारा गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** बहादुरगंज के पुरानीगंज मुहल्ले में मनबढ़ ने चाकू मारकर अधेड़ की दिनदहाड़े हत्या कर दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मनबढ़ हत्यारे को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामभानू राय उर्फ गुड्डु राय 50 वर्ष निवासी पुरानीगंज जो अपने घर जा रहे थे, रास्ते में एक मनबढ़ युवक ने उनके चाकू से मारकर हत्या कर दी। इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद ने पूर्वांचल न्यूज डाट काम को बताया कि हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की छानबीन हो रही है। यह हत्या क्यों की गयी और हत्या में कौन-कौन लोग शामिल हैं। घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

# मंझनपुर कला में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां-गाजीपुर।** भुडकुडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझनपुर कला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नपूर्णा फैमिली मार्ट सिद्धिदात्री के सौजन्य से जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन , इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वानंद सिंह उर्फ झुन्ना, अंकुर सिंह, रिपुंजय सिंह रहे । जनपद से बाहर की आने वाली टीमें वाराणसी आजमगढ़ गाजीपुर बलिया आदि काई जनपदों की टीमो ने बढ़ चढ़कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और और अपने कला का जोरदार प्रदर्शन दिखाएं । इस प्रतियोगिता के आयोजक रंजीत, प्रदीप सिंह, अच्छे लाल यादव,और इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजकमल ,सोनू ,अलोक, संतोष, अरुण ,वरुण ,हरि गोविंद ,धर्मेंद्र, प्रदुमन ,पिंटू का काफी योगदान रहा।

# मेडिकल वैन लगाकर 125 लोगों को निःशुल्क दवा कराई उपलब्ध



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनिया स्थित शिव मंदिर के परिसर में आज मातृभूमि संगठन के नेतृत्व में रिलायंस फाऊंडेशन और एलजी मनोज सिन्हा द्वारा मेडिकल वैन के द्वारा क्षेत्र के 125 लोगों को चेक कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। ज्यादातर लोगों को मौसमी बुखार और मलेरिया की दवा दी गई ।फाउंडेशन के डॉक्टर राज पांडे ने बताया कि बदलते मौसम में सर्दी और बुखार होने की चांस काफी बढ़ जाते हैं ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। बदलते मौसम में ठंडी चीजों से बचें।मातृभूमि संगठन के डायरेक्टर नीरज सिंह अजेय ने कहा कि क्षेत्र मच्छरो का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है किसी भी गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं हो रहा है। जिससे मच्छरों का तादाद काफी बढ़ गया है और लोग डेंगू और मलेरिया के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य महकमा से अपील किया कि गांव-गांव में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराई जाए लोगों से भी अपील किया कि मच्छरदानी का प्रयोग करें और मच्छरों से बचें ।इस मौके पर फार्मासिस्ट मिथलेश शुक्ला, स्टाफ नर्स मधु, इम्तियाज अहमद, शशि भूषण ,मेवालाल यादव,प्रमोद उपाध्याय,राम जी मिश्रा,आरिफ अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेहतर शिक्षा देने वाले शिक्षकों को किया गया लखनऊ मे सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** अक्टूबर को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रिवृत्ती परीक्षा 2022-2023 मे प्रदेश के सभी जनपदों में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद गाजीपुर के नोडल व शिक्षक को लखनऊ मे सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022-23 मे सर्वोत्कृष्ट कार्य करने के लिये जनपद गाज़ीपुर से जिला नोडल के रूप मे चयनित श्री विपिन कुमार शुक्ला सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय हथौड़ी देवकली व श्री मणिकांत चौबे सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय तरांव देवकली गाजीपुर, श्री विंध्याचल मौर्य सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिवार सादात को आज रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज लखनऊ मे श्री अजय कुमार सिंह के निर्देशन में प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया । मंडल वाराणसी के समस्त जनपद नोडल द्वारा श्री अजय कुमार सिंह को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। आयोजन में श्री मनोज बोस खण्ड शिक्षा अधिकारी ,श्री सचिन सिंह,श्री मनोज वैष्णव इत्यादि विभिन्न जनपदों से आये नोडल व शिक्षाधिकारी उपस्थित थे।

**मन की बात** 106 वां एपिसोड रेडियो पर राजमिस्त्री व मजदूरों के साथ सुना

# 'वोकल फॉर लोकल बनी देश की ताकतः प्रमोद वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनिया व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने मन की बात प्रधानमंत्री के साथ का 106 वां एपिसोड रेडियो पर राजमिस्त्री व मजदूरों के साथ सुना। उक्त अवसर पर प्रमोद वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को याद दिलाते हुए कहा कि इस बार त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की महक हो, देश के युवा का टैलेंट हो। इससे देशवासियों को रोजगार मिलेगा। भारत आज बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है और कई बड़े ब्रांड भारत में अपने उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन उत्पादों को अपनाते हैं तो इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सामान खरीदते हुए यूपीआई डिजिटल पेमेंट सिस्टम से ही भुगतान करें। पीएम मोदी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई। कनाट प्लेस के खादी स्टोर से ही एक दिन में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा का सामान बिका। खादी महोत्सव में भी बिक्री के अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है कि इसका फायदा शहर से लेकर गांवों तक पहुंच रहा है। इससे हमारे बुनकर, हस्तशिल्प के कारीगर, किसान सबको लाभ मिल रहा है। यही वोकल फॉर लोकल अभियान की ताकत है। प्रधानमंत्री ने त्योहारों पर स्वदेशी सामान ही खरीदने की अपील की ताकि सभी देशवासियों को इसका फायदा मिल सके। वर्मा ने लोगों से पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ने की भी अपील की और कहा इसमें 18 प्रकार के कारीगरों को उत्कृष्ट ट्रेनिंग दी जाएगी, साथ ही उनको पेयभत्ता, टूलकिट दिया जाएगा। और अपने रोजगार को शुरू करने के लिए न्यूनतम 5 के दर पर उनको 3लाख तक की लोन की सुविधा बिना गारंटी के उपलब्ध कराई जाएगी। मोदी ने एशियाई और पैरा एशियाई गेम्स के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी, भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं के समृद्ध इतिहास को याद किया, गुरु गोविंद सिंह की पुण्यतिथि, सरदार पटेल के जयंती एवं ए.के. पेरूमल के काम की तारीफ व देशभर में निकाली गई अमृत कलश यात्रा की चर्चा भी किया। उन्होंने कहा सरदार साहब की जन्म जयंती पर एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की न्यू रखी जाएगी, जिस संगठन का नाम होगा मेरा युवा भारत। यानी MY भारत संगठन। यह संगठन भारत सरकार के विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। यह युवा शक्ति को एक करने का प्रयास है, युवाओं से आग्रह करूंगा कि आप सभी मेरे देश के नौजवान माय भारत डॉट गवर्नमेंट डॉट इन पर रजिस्टर्ड करें और विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हो।

# समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ की हुई बैठक



**शुभ भास्कर चन्दौली/ सकलडीहा।** स्थानीय कस्बा में आगामी पांच दिसंबर को राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय के प्रांगण में पदाधिकारीयों को मनोनय पत्र समारोह पूर्वक देने का निर्णय समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र बिन्द ने कहा कि पांच नवंबर को पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी चारों विधानसभा के पदाधिकारी व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारीयों को समारोह पूर्वक मुख्य अतिथियों द्वारा मनोनय पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण राजभर होंगे। वही कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार कार्यकर्ताओं पदाधिकारी का सम्मान करने का काम कर रही है। कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का हौसला हमेशा समाजवादी पार्टी बढ़ाने का काम करती चली आ रही है। बैठक में मुख्य रूप से केदार यादव, कैलाश यादव, लालबरत, जोगिंदर, गुड्डू भाई, गंगाराम, दीपक कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस ने तीन वारन्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संवाददाता मो0अबूबक, रुदौली अयोध्या।** थाना मवई पुलिस ने तीन अलग अलग स्थान से तीन वारन्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मवई पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी स्थानीय थाना पर दर्ज मुकदमा 323/427/452/504 से सम्बंधित तीन वारन्टी अभियुक्तों अनीश पुत्र अल्ताफ,अल्ताफ पुत्र इकबाल निवासीगण पकड़िया गांव,जावेद पुत्र शहबान निवासी मवई को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गुलाम रसूल,उपनिरीक्षक विकास कुमार, हेड कांस्टेबल हैदर अली, का0 अनूप चौधरी मौजूद रहे।

### मोबाइल स्वामी को मोबाइल देती जीआरपी पुलिस



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट पर प्लेटफॉर्म ड्यूटी कर रहे हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह को एक टच स्क्रीन सैमसंग कंपनी की मोबाइल फोन कीमती -15000/ लावारिस अवस्था में बरामद हुआ। जानकारी हासिल करके मोबाइल स्वामी कर्ण बहादुर सिंह पुत्र राम प्रसाद सिंह निवासी मुरीदपुर थाना अहिरौली जनपद अंबेडकर नगर को खोई हुई मोबाइल सही सलामत चालू हालत में सुपूर्द किया गया ।मोबाइल स्वामी बुजुर्ग कर्ण बहादुर सिंह अपने मोबाइल पाकर जीआरपी अयोध्या कैंट पुलिस को धन्यवाद कहा।

### 07 दिवसीय वोटिंग/फीडबैक थाना मोतीगंज ने प्रथम, वजीरगंज ने द्वितीय स्थान किया प्राप्त

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोंण्डा अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री अंकित मित्तल के नेतृत्व में दिनांक 11.10.2023 से दिनांक 17.10.2023 तक चलाए गए 07 दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम (डायरेक्ट पोल, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, आईजीआरएस, एफआईआर पंजीकरण, पासपोर्ट चरित्र सत्यापन के संबंध में जनपद गोंडा के समस्त थानों की वोटिंग कराई गई थी जिसमे थाना मोतीगंज के निवासीयों ने वोटिंग कर थाना मोतीगंज पुलिस की कार्यशैली की सराहना की तथा थाना मोतीगंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व थाना वजीरगंज ने द्वितीय स्थान, थाना को0तरबगंज ने तृतीय स्थान, थाना इटियाथोक ने चतुर्थ स्थान व थाना कौडिया ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है।समस्त थानों के लोगो द्वारा की गई वोटिंग फीडबैक के लिए गोंडा पुलिस की ओर से सभी जनपद वासियों को धन्यवाद, गोंडा पुलिस समस्त प्रकरणों में त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही, सुरक्षा हेतु आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। जनपद के समस्त थानों द्वारा प्राप्त किए गए डायरेक्ट पोल वोटिंग फीडबैक का विवरण निम्नवत है।

### 2024 में भाजपा का देश से करेंगे सुपड़ा साफ:पंडित समरजीत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देशन में समाजवादी जनसंपर्क यात्रा को सपा प्रदेश कार्यालय से नरेश उत्तम पटेल द्वारा समाजवादी झंडा दिखाकर समाजवादी संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत को किया रवाना पंडित समरजीत ने कहा समाजवादी पार्टी को लोकसभा 2024 में सपा को विजय श्री दिलाने के लिए पूर्वांचल के कई जनपदों का करेंगे दौरा, गांव गांव समाजवादी नीतियों तथा विचारों को लोगों के बीच बताएंगे तथा गांव गांव संघर्षरत सपा कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात, सपा कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश। 2024 में भाजपा का देश से करेंगे सुपड़ा साफ।प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के इन जनपदों का करेंगे दौरा लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, मिर्जापुर, भदोही, बनारस, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, अंबेडकर नगर।

# 'जनता का सौभाग्य है कि पीएम मोदी और सीएम योगी जैसे नेता मिले'



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** शहर के मंगलम गेस्ट हाउस में सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन कार्यक्रम सांस्कृतिक गायन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम की आयोजक अध्यक्षा नीरजा त्रिपाठी व श्रीमती सुधा पाठक ने मुख्य अतिथि नम्रता पाठक व विशिष्ट अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी व कार्यकारिणी ढेर सारी शुभकामनाएं मेरे द्वारा संगठन के लिए जो सहयोग होगा वह हम करेंगे। महिला प्रकोष्ठ के शपथ ग्रहण समारोह में नारी शक्ति ने एक बार फिर हुंकार भरी है, महिला आरक्षण को लेकर नारी शक्ति ने पीएम मोदी व सीएम योगी की जमकर तारीफ किया है,अयोध्या पहुंची डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की पत्नी व भाजपा नेत्री नम्रता पाठक ने कहा कि हम प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने महिला बिल पास करवाया है, 33% महिला महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया है, आज महिलाएं घर से निकलकर के बाहर आ रही हैं, एक दूसरे की मदद करके समाज में अपना स्थान बना रही है, भाजपा ने महिलाओं को संरक्षण दिया है उनको किसी नेता के पास बैठने में डर नहीं लगता, महिलाएं निडर हैं,भाजपा के जो भी नेता है वह महिलाओं को अपनी बहन की तरह मानते हैं, महिलाओं को आदर्श मानते हैं, सम्मान देते हैं, इज्जत देते हैं, हर जगह महिलाओं को पूजा जाता है और यह कहते हैं जहां महिलाओं का सम्मान होता है वही देवता वास करते हैं,यही कारण है भाजपा में महिलाएं अधिक है क्योंकि उनको सम्मान मिलता है,सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक डा नीति शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 70 साल काम किया लेकिन महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया, जब मोदी की सरकार आई तो सबसे पहले महिलाओं के सम्मान के लिए काम किया, उनको शौचालय दिया, कांग्रेस सरकार ने कभी महिला बिल को पास नहीं होने दिया, स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेता सनातन धर्म पर टिप्पणी करते हैं, रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, 140 करोड़ जनता का सौभाग्य है कि पीएम मोदी और सीएम योगी जैसे नेता मिले हैं, 500 वर्ष की लड़ाई के बाद अब राम लला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, धारा 370 से निजात मिली है, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात मिली है, इस समय कैबिनेट में महिलाओं की फौज है, हर जगह महिलाओं को स्थान दिया जा रहा है, आज महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं, दरअसल आज सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की मनोनीत महिला सदस्यों ने शपथ ली है। इस अवसर पर महंत डॉक्टर ममता शास्त्री, शकुंतला त्रिपाठी, अशोका द्विवेदी, दिनेश शर्मा, राजरानी शर्मा अधिवक्ता मंदीप पाण्डेय आदि सर्व ब्राह्मण महासभा की तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं को किया जागरूक



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवो में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चैपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन आदि अधिकारो के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चैकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चैपाल के माध्यम से विभिन्न गांवो में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। आज दिनांक 29.10.2023 को जनपद के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारीगणों (शक्ति दीदी) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रैली निकालकर महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा 46 जगह चैपाल लगाकर व 28 गांव वार्डो बैंको स्कूल में भ्रमण कर 524 बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान 4.0 के बारे में पम्पलेट बांटकर व जनजागरूक करते हुए।

## अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह का भण्डाफोड़, 06 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों व वाहन चोरी/नकबजनी/लूट/डकैटी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे। जिसके क्रम में थाना तरबगंज पुलिस व एस0ओ0जी/सर्विलास की सयुक्त टीमों को बड़ी सफलता प्राप्त हुआ है। थाना तरबगंज पुलिस व एस0ओ0जी0/सर्विलास की सयुक्त टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी कर मुखबिर खास की सूचना पर चोरी करने वाले गैंग के 06 अभियुक्तों- 01. सुरेन्द्र, 02. शंकर, 03. मनोज, 04. राजा, 05. रामतीरथ व 06. अयोध्या को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु, 07 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 अदद सीकड़ सफेद धातु, 12 अदद अगूठी सफेद धातु, 05 जोड़ी विछिया सफेद धातु, 02 अदद मोटरसाईकिलें (कूटरचित) को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोगो द्वारा दिनांक 10/11.09.2023 की रात को थाना तरबगंज क्षेत्र के एक घर में घुसकर चोरी किया था चोरी के समय विरोध करने पर उन्हे मारा पीटा भी था, दिनांक 11/12.10.2023 को थाना करनैलगंज स्थित धौरहरा चौराहा बसेहिया रोड़ पर स्थित एक सोने चाँदी व बर्तन की दुकान के पीछे से नकब लगाकर व ताला तोड़कर सोने चांदी के गहने की चोरी किये थे। दिनाकं 22/23.09.2023 की रात्रि में थाना वजीरगंज स्थित इमिलिया में छत के रास्ते घर में घुस कर चोरी, बियर की दुकान व बगल के गाँव बटबभनी में चोरी किये थे, दिनांक 21/22.10.2023 को थाना इटियाथोक स्थित जनकौरा गाँव में चोरी करने की नियत से एक घर में घुसे की घर के लोग जग गये तब हम लोगो द्वारा घर के परिजनों को मारपीट करके घायल कर वहाँ से भाग गये।

# मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** प्रधानमंत्री के मन की बात के 106 वें एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा महानगर के 56 शक्ति केन्द्रों, 400 बूथों पर व जिले के 255 सेक्टरों व 1653 बूथों पर मन की बात को सुना। सांसद लल्लू सिंह ने करियप्पा मंडल के पूरे हुसैन, विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने महाराणा प्रताप वार्ड, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुण्ड तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व प्रदेश प्रवासी दिलीप यादव ने भाजपा कार्यालय सहादतगंज, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने रूदौली पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने तुलसी कन्या इण्टर कालेज में मन की बात को सुना।इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे है। मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा बताया गया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर मेरा युवा भारत संस्था की नींव रखी जाएगी। जिसके माध्यम से युवा वर्ग को सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका का अवसर मिलेगा। जिससे युवाओं में राष्ट्रवाद का भाव समाहित होगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए। हम सबका विश्वास हासिल करने की दिशा में बढ़ रहे है।पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार के नौ वर्षों में युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए है। किसान समृद्ध हुए है। गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। श्रमिको को सम्मान मिला है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र के विकास यह अभूतपूर्व यात्रा प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण संभव हुआ है। मन की बात में पुनः उन्होंने कहा है कि वही सामान खरीदें जिसमें देशवासियों का टैलेंट लगा हो। हम सभी को इस दीपावली देशवासियों द्वारा निर्मित वस्तुओं के प्रयोग का प्रण लेना होगा। इससे देश वासियों को रोजगार मिलेगा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि आज भारत की पहचान एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हो रही है। 2014 के बाद से भारत के प्रत्येक व्यक्ति ने विकास से हुए बदलावों को महसूस किया है।

### फिर गरजने लगे लोडर और जेसीबी, सक्रिय हुए अवैध मिट्टी खनन माफिया



**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** क्षेत्र में एक बार फिर अवैध मिट्टी खनन के माफिया तेजी से अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे हैं । क्षेत्र के रींवा, सरायखत्री, लोलपुर, इस्माइलपुर, व महेशपुर गांव में बड़े पैमाने तो दर्जनों अन्य गांवों में छोटे खनन माफिया धड़ल्ले से दिन-दहाड़े खनन की वारदात को मुकम्मल जामा पहना रहे हैं और इनके इस दुस्साहसिक कृत्य के पीछे कहीं ना कहीं स्थानीय जिम्मेदार ही इन माफियाओं के सरपरस्त बने हुए हैं । ताजातरीन खनन के जो मामले सामने आए हैं उनमें सरायखत्री गांव व दुर्जनपुर चौराहे के बगल पप्पू राजभर के घर के बगल लडडू चौहान निवासी सरायखत्री के खेत से लोडर मशीन लगाकर अवैध मिट्टी खनन किया गया। तीन दिन पूर्व सरायखत्री ग्राम सभा के मजरे जटमलपुर में लोडर मशीन लगाकर सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी का अवैध खनन किया गया वहीं शनिवार को लोलपुर बाईपास सड़क के बगल दिनदहाड़े लोडर मशीन लगाकर धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। इस संबंध में हल्का लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी ने बताया कि खनन के संबंध में किसी की कोई परमिशन नहीं बनी है। सरायखत्री के हल्का लेखपाल रविंद्र प्रजापति से संपर्क करने का कई बार प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिये थे।उक्त आदेश के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0- 472/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 120बी भा0द0वि0 से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त विनोद कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्तगण ने फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लिया था।

### शिक्षामित्र संघ अयोध्या मंडल के मंडलीय उपाध्यक्ष बनाए गए राम तीरथ बानौधिया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद अयोध्या की प्रांतीय संघ के निर्देशन पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने अपने प्रस्ताव पर और मंडलीय अध्यक्ष अयोध्या श्री विजयधर जी के अनुमोदन पर संगठन के वरिष्ठ साथी मिल्कीपुर के ब्लॉक अध्यक्ष रहे जिला महामंत्री पद पर सुशोभित रहे श्री राम तीरथ बानोधिया जी को जनपद अयोध्या से मंडलीय उपाध्यक्ष मंडल अयोध्या का बनाया गया। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में मौजूद शिक्षामित्र संघ पदाधिकारी गण जिला कार्यकारिणी महामंत्री राम दर्शन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष क्रमशः आशुतोष प्रताप सिंह, विजय कुमार रणजीत तिवारी, यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव ने दी। उक्त कार्यक्रम अयोध्या नाका स्थित महादेव पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया।

### डीजे की चपेट में आने से दो बालिकाएं घायल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हैदरगंज में 2 दिन डीजे संचालकों में लगी होड़ में गिरे साउंड की चपेट में आने से दो बालिकाएं हुई घायल अयोध्या जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बे की है । जहां पर रविवार की बीती रात में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन यात्रा का कार्यक्रम चल रहा था । इसी दौरान कई डीजे विसर्जन यात्रा में शामिल थे । वहीं रात्रि में मूर्ति विसर्जन 2:40 के उपरांत होने के चलते राजा डीजे और महाकाल डीजे में बढ़िया बजाने को लेकर होने लग गई । जिसके चलते महाकाल डीजे का बगल लगाया गया साउंड टूट कर भीड़ के ऊपर गिर गया जिसमें पूरबपट्टी गांव की दो बालिकाएं विजयलक्ष्मी पुत्री मंत्र राम और श्रद्धा पुत्रियां अज्ञात घायल हो गई जिन्हें तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने इलाज के लिए सीएचसी रमवा कला भेज दिया । दोनों डीजे संचालकों को विसर्जन यात्रा से बाहर खदेड़ दिया । इसके बाद विसर्जन यात्रा सकुशल पुलिस की देखरेख में संपन्न हुआ ।

### अवैध स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** रसूलपुर मोड़ के पास से 50 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को हैदरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।अयोध्या पुलिस उच्च अधिकारियों द्वारा चलाई जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत हैदरगंज पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरशद ने बताया कि थाना क्षेत्र के रसूलपुर मोड़ से एक अभियुक्त इंतजार निषाद पुत्र रामजतन निवासी केवटहिया हथिगो को गिरफ्तार किया गया है जिसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कार्यालय भेज दिया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी में थाने के उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, कांस्टेबल दीपक कुमार प्रथम, कांस्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार द्वितीय शामिल रहे ।

स्वच्छता | मेला क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे 15 अस्थाई चिकित्सा शिविर

# दीपोत्सव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयार किया व्यवस्थाओं का खाका



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में आयोजित होने वाले सातवें दीपोत्सव पर बड़ी संख्या में देश-विदेश से राम भक्त अयोध्या आते हैं। इस वर्ष भी अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने एवं अयोध्या की स्वच्छता को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। दीपोत्सव पर अयोध्या में तीन बड़े अस्पतालों में में बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा 15 अस्थाई चिकित्सा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। किसी भी दुर्घटना के समय मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 10 एम्बुलेंस हर समय मेला क्षेत्र में उपलब्ध रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेला क्षेत्र की सफाई, फॉगिंगऔर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। अयोध्या में 9 नवंबर से 12 नवंबर तक दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मेले में स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था करने के लिए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राम मणि शुक्ला को मेला प्रभारी स्वास्थ्य बनाया गया है।मेले में स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 50 बैड किए गए आरक्षितदीपोत्सव मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में 20 बेड, जिला चिकित्सालय पुरुष में 20 बेड व श्री राम चिकित्सालय अयोध्या में 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अयोध्या मेला क्षेत्र में 15 स्थान पर अस्थाई चिकित्सा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ये अस्थाई स्वास्थ्य शिविर कंट्रोल रूम, हनुमानगढ़ी, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, राम की पैड़ी, विकास प्राधिकरण कार्यालय, कार सेवकपुरम, हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, दशरथ महल, बन्धा तिराहा, कनक भवन मंदिर परिसर, श्री राम जन्मभूमि, नागेश्वर नाथ, झुनकी घाट पर अस्थाई चिकित्सा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थाई चिकित्सालय स्थापित किया जाएगा।अस्थाई चिकित्सा केन्द्रों का संचालन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 54 चिकित्साधिकारी, एक महिला चिकित्सक, 54 फार्मासिस्ट, 54 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व छह सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने किसी भी घटना के समय घायल या मरीजों को जनपद स्तरीय अस्पतालों या मेडिकल कॉलेज में पहुंचाने के लिए 10 स्थान पर एंबुलेंस की व्यवस्था की है।

# पुलिस द्वारा गिरफ्तार न किए जाने के मामले में पत्रकार नीलम सिंह ने की प्रेस वार्ता



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सीएम योगी से महिला पत्रकार ने मांग की है कि हमें नहीं चाहिए ऐसा रक्षक जो भक्षक बनकर भगवान के लिबास में राक्षसो जैसा बर्ताव करे अयोध्या योगी सरकार चाहे जितना प्रयास कर ले लेकिन उसके कुछ भ्रष्ट पुलिस अधिकारी योगी सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे जबकि सीएम योगी द्वारा ट्विट किया गया है कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं रामराज्य की आधारशिला है। रामराज्य में दुःख का कोई स्थान नहीं है, इसलिए सरकार आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक तीनों प्रकार के दुःख से जनता को मुक्त करने का प्रयास कर रही है। परंतु यहां की पुलिस न तो न्याय करना जानती है और न ही नारी का सम्मान, अयोध्या पुलिस सिर्फ और सिर्फ सोशल मीडिया पर छाई रहना चाहती है। चाहे नारी सम्मान हो या कुछ और परंतु यदि देखा जाए तो जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मामला जनपद अयोध्या के थाना इनायतनगर क्षेत्र के पलिया जगमोहन सिंह मु0 कुचेरा का है जहां पत्रकार नीलम सिंह के पिता रामसिंह के पटीदार बीते दिनांक 17 सितंबर की शाम को राम सिंह वा बबलू सिंह को गाली दे रहे थे कि बबलू सिंह के मना करने पर पटीदार विकास सिंह, अंकुर सिंह, विकास सिंह की मां और उनकी दादी लंबरदारिन सब लोग मारने लगे कि हल्ला सुन बबलू सिंह के पिता खाना खा रहे थे कि बाहर निकले और बबलू सिंह को छुड़ाने लगे, बबलू सिंह को छुड़ाता देख रामसिंह के सभी उपरोक्त पटीदार बबलू सिंह को छोड़ राम सिंह पर हावी हो गए और राम सिंह को इतना मारा कि मर्णासन हो गए। बबलू सिंह द्वारा 112 डायल किया गया लेकिन नहीं मिला तो 108 डायल कर एंबुलेंस बुलाया और मिल्कीपुर सीएचसी ले गए जहां के डॉक्टरों ने इंजेक्शन देकर जिला अस्पताल रिफर कर दिया फिर वहां से ट्रामा सेंटर दर्शन नगर और फिर ट्रामा सेंटर दर्शन नगर से लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर किया गया। जहां राम सिंह का डॉक्टरों के बताने के अनुसार फेफड़ा फट जाने वा रीढ़ की हड्डी टूट जाने से ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान 18/19 सितंबर की रात्रि मौत हो गई। पिता के अंतिम संस्कार के बाद जब महिला पत्रकार दिनांक 20 सितंबर को जब शिकायत लेकर इनायतनगर थाना प्रभारी के पास गई तो थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने उस महिला की बगैर कोई बात सुने पीएम रिपोर्ट लाने को कहते हैं और उठकर चले जाते हैं। परंतु सीओ मिल्कीपुर द्वारा पुनः अगले दिन महिला को थाना भेजा जाता है जहां थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह द्वारा महिला पत्रकार को बेइज्जत कर भगा दिया जाता है। शायद पुलिस लाइन से कमाऊ थाना पाने का घमंड है। पत्रकार महिला का सवाल, क्या अयोध्या पुलिस द्वारा इसी तरह किया जाता है महिला का सम्मान? जब एक महिला के साथ वो भी पत्रकार महिला के साथ पुलिस द्वारा इस तरह की रवैया अपनाया जा रहा है तो आम लोगों के साथ किस तरह का बरताव किया जाता होगा।

# ख़ास ख़बर

## गुंदलीपहाड़ी गांव में मिला युवती की लाश, पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** घर से संथाली यात्रा देखने निकली एक आदिवासी युवती का शव संदिग्ध अवास्था में मिला है। शव जामताड़ा थाना क्षेत्र के गुंदलीपहाड़ी गांव के पास मिला है। जैसे ही इस बात की जानकारी लोगों को मिली इलाके में सनसनी फैल गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। साथ ही पुलिस मामले में विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुट गई है। शव की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के बधुडीह गांव निवासी लखी मरांडी के रूप में हुई है। घटना की सूचना युवती के परिजनों को दे दी गई है। विदित हो कि नारायणपुर से जामताड़ा संथाली यात्रा देखने युवती आई थी। दरअसल, जामताड़ा थाना क्षेत्र के गुंदलीपहाड़ीपहाड़ी गांव में संथाली यात्रा का आयोजन किया गया था। बताया जाता है की युवती घर से बिना कुछ बोले किसी के साथ संथाली यात्रा देखने गुंदलीपहाड़ी गांव गई थी। देर रात उसकी लाश गांव में संदिग्ध अवास्था में मिली। पुलिस ने मामले में परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की है लेकिन पूछताछ में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। साथ ही जामताड़ा पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर युवती किसके साथ संथाली यात्रा देखने के लिए जामताड़ा गुंदलीपहाड़ी गांव गई थी। फ़िलहाल युवती की मौत पुलिस के लिए पहेली बनी हुई है। देखते है जामताड़ा पुलिस युवती की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझा पाती है कि नहीं।

## खैरा सहित विभिन्न मंडलों में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** नाला प्रखंड के खैरा मंडल सहित विभिन्न मंडलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना गया।इस अवसर पर बूथ संख्या 223 के अंतर्गत पगला ग्राम में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मन लगाकर सुना एवं लोकल उत्पाद के उपयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप कुमार हेंब्रम , नित्यानंद सिंह,ओम प्रकाश सिंह, रविंद्र हेंब्रम ,श्रीमती सूरज मुनि टूडू, श्रीमती सुरभि हेंब्रम के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## किस्टोपुर में तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।**

बिरसा मुण्डा कल्ब किस्टोपुर की ओर से तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीम शामिल हुए। आज रविवार को फाइनल मैच में हाबा एकादश टीम दो (2) गोल से जीत हासिल की।वहीं उपविजेता के रूप में एसटी ब्रदर्स टीम घोषित हुए। फाइनल प्रतियोगिता में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर बड़ा रामपुर पंचायत के मुखिया दिलीप टुडू के कर कमलों द्वारा विजेता टीम हाबा एकदश तथा उपविजेता टीम एसटी ब्रदर्स के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुखिया दिलीप टुडू ने खिलाड़ियों को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन बल्कि खेल के जरिए खिलाड़ी अपना भविष्य भी बना सकते हैं। खेल मंत्रालय के द्वारा खिलाड़ियों के लिए बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर राज्य और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़ारामपुर पंचायत के मुखिया दिलीप टुडू ,बिधान मरण्डी, गणेश हांसदा, मनोरजंन मुमु,रंजीत कोड़ा,रामसुन्दर टुडू,परेश हांसदा,माझी हाड़ाम सोमलाल हांसदा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# झारखण्ड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला मे मिलन समारोह का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सदस्यता ग्रहण सह मिलन समारोह का आयोजन जिला झामुमो कार्यालय हीराबाग चौक में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य समन्वय समिति सदस्य दर्जा प्रात मंत्री फागु बेसरा एवं विशिष्ट अथिति केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक मंडली सदस्य संजीव कुमार बेदिया शामिल हुए। यह सदस्यता ग्रहण समारोह झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता सुमन्त कुमार पांडे के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता संजीव कुमार बेदिया व संचालन जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो ने किया। इस समारोह में बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य रूचि कुजूर, जिला संयोजक मंडली सदस्य कमल नयन सिंह, मो. इज़हार अंसारी, टेकोचंद महतो, रामकिशोर मुर्मु, सोनाराम मांझी व दिलीप वर्मा नगर संयोजक मंडली सदस्य सरफराज अहमद, कमाल कुरैशी, चंदन सिंह, शादाब हाशमी, मो. निशार, बड़कागांव प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य संजय सिंह व सैफुल्लाह अंसारी, रेशमी टुडू, इचाक संयोजक मंडली सदस्य मनोहर राम, कटकमसांडी संयोजक मंडली सदस्य नईम राही, सदर प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य अब्दुल्ला खान, चलकुस्सा संयोजक मंडली सदस्य नारायण दास, बरकट्ठा संयोजक मंडली सदस्य यासीन खान, कुद्दुस अंसारी व संजय साव, चुरचू प्रखंड सचिव आनंद मरांडी, जासो देवी, बिष्णुगढ़ संयोजक मंडली सदस्य रामकिशोर महतो,ने संबोधित किया।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने सरकार पर मान-सम्मान नहीं देने का लगाया आरोप



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राज्य के आंदोलनकारियों की बैठक जामताड़ा में हुई। इस दौरान उन्होंने सरकार से उनके मान-सम्मान और उचित अधिकार देने की मांग की। उनका कहना है कि उन्हें जो सम्मान सरकार की ओर से मिलना चाहिए था, उन्हें नहीं मिला है। झारखंड आंदोलनकारियों ने दुमका रोड पदोदिया धर्मशाला में आयोजित बैठक में जिले भर के आंदोलनकारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खुलकर अपनी समस्याएं रखी। उनका कहना था कि झारखंड अलग राज्य निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि जिस सम्मान के वे हकदार हैं उन्हें वो सम्मान नहीं मिल पाया है। आंदोलनकारियों ने सरकार से हक-अधिकार की मांग की है। साथ ही वैसे आंदोलनकारियों को चिन्हित करने की बात कही जिसे अभी तक पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। आंदोलनकारी ने उम्मीद जताई है कि उनकी जो भी मांग या समस्या है, सरकार समाधान करेगी। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जामताड़ा जिला अध्यक्ष मनोरथ मरांडी ने बताया कि झारखंड को नया राज्य बने लगभग 23 साल हो गए। इसके बाद इस भी आंदोलन में शामिल लोगों को उचित मान-सम्मान नहीं मिला है। मनोरथ ने कहा कि राज्य में आदिवासी सरकार है, इससे आदिवासियों और वंचितों समाज को भी मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। कहा कि सरकार पर उन्हें पूरा भरोसा है, उन्हें उनका हक और अधिकार मिलेगा। मनोरथ ने कहा कि अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले आंदोलनकारी जेल भी गए। इस लड़ाई में काफी लोगों ने अपनी शहादत भी दी है।

## जनहित के मुद्दों को लेकर दुर्गा सोरेन सेना संगठन ने किया आमसभा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हजारीबाग, रामगढ़।** दुर्गा सोरेन सेना के रामगढ़ जिला अध्यक्ष हसीबुल अंसारी ने जनहित की मुद्दों को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण और दुर्गा सोरेन सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी जन समस्याओं को निवारण के लिए पूरे समर्पित भाव से धरातल पर उतरकर कार्य करें ताकि किसी भी समस्या से जनता को निजात मिले। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर सभी कार्यकर्ता पूरी एकजुटता एवं निष्ठा के साथ समर्पित भाव से संगठन मजबूती को लेकर लगातार सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाएं और दुर्गा सोरेन सेना को मजबूत करने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम पायदान तक के व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव सभी कार्यकर्ताओं से प्रयासरत रहने का अपील किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल सके इसके लिए हर संभव प्रयास करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग दुर्गा सोरेन पर आस्था जताते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्य ग्रहण करें और संगठन मजबूती को लेकर संगठन के साथ जुड़े।

# जेबीकेएसएस की जिला बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जेबीकेएसएस की जिला बैठक स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनिल मुर्मू ने की ओर बैठक का संचालन रामचंद्र जी ने की।। जेबीकेएसएस जिला संयोजक मंडली के सभी सक्रिय सदस्यों ने अपनी बातों को रखा। साथ ही जेबीकेएसएस की जिला संयोजक मंडली जामताड़ा जिला के 6 प्रखंडों की मंडली के साथ पुनः बैठक करेगी और जल्द से जल्द पंचायत कमिटी गठन पूरा करेगी। बहुत जल्द जिला में जेबीकेएसएस कार्यालय का भी उदघाटन होगा। जेबीकेएसएस जामताड़ा जिला में मजबूती के साथ खड़ा है और टाइगर जयराम महतो के साथ को मजबूत कर रहा है। पूरे झारखण्ड के ख़ातियानी झारखण्डी भाई अपने हक अधिकार की जो लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ रहे हैं। और बाहरी अतिक्रमण जिस तरह हो रही है, जिला के रिक्त पदों पर, जेबीकेएसएस जामताड़ा जिला टीम चट्टान की तरह खड़े हैं और खुलकर विरोध कर रहे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में निश्चित तौर पर जामताड़ा जिला के दोनों विधानसभा सीटों पर जेबीकेएसएस के उम्मीदवार भी होंगे और हमलोग विजय भी होंगे।मोके पर सुमन चौधरी,मन्तोष कुमार महतो,अकबर अंसारी,हारून अंसारी,मुरशिद अंसारी,शांतिमय रुज,बबलू महतो,रघुवीर यादव,ललन महतो,विकास महतो,बहादुर मंडल,राजेश महतो,अर्जुन राय सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## चौकीदारी परेड संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** पुलिस अधीक्षक, रोहतास विनित कुमार के निर्देशन में रविवार को विभिन्न थाना परिसर में चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इसी क्रम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम द्वारा शिवसागर थाना पहुंच कर थानाध्यक्ष शिवसागर के नेतृत्व में आयोजित परेड में चौकीदारों को जेल से छुटे अपराधकर्मी, अवैध शराब में संलिप्त शराब कारोबारियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने एवं दिपावली/ छठ पर्व को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।

## परसियां पंचायत के सभी सरकारी योजनाओं का निरीक्षण डीडीसी शेखर आनन्द ने किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज प्रखण्ड के परसियां पंचायत के सभी सरकारी योजनाओं का निरीक्षण डीडीसी शेखर आनन्द ने किया। इस अवसर पर उन्होंने ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन इकाई, समेत, विधालय, आंगनबाड़ी, नलजल, समाजिक सुरक्षा, राशन किरासन, समेत सभी योजनाओं की समीक्षा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं सुचारु रूप से चल रहा है इसमें और अधिक सुधार लाने को ले पंचायत की मुखिया कहा गया है तथा इस सम्बन्ध में सभी अधिकारियों एवं कर्मियों निर्देश दिया गया है।सरकार के सभी योजनाओं को धरातल पर लाना एवं पंचायतवासियों को इसका लाभ दिलाना हमारा लक्ष्य है। मौके पर बीडीओ मो.जफर इमाम, सीओ अमित कुमार,मुखिया अनिता देवी,समाज सेवी कौशल कुमार,समेत सभी पंचायत कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दो छात्राओं को आगे पढ़ाई हेतु स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चार चार लाख की राशि सौंपी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** प्रखण्ड के धनाव स्थित खेल ग्राउंड में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रखण्ड की इटिम्हां निवासी दो छात्राओं को आगे पढ़ाई हेतु स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चार चार लाख की राशि सौंपी। उक्त छात्रा उक्त गांव निवासी रामगोविंद प्रजाप्रति की पुत्री लवली प्रिया और लालेश्वर प्रजापति की पुत्री दीपिका कुमारी बताई जाती है। दोनों को जीएनएम कोर्स के लिए आर.आर.बी.स्कूल ऑफ नर्सिंग,के सौजन्य से दिया गया है। उक्त अवसर पर डीएम ने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को शिक्षा हर हाल में दें। शिक्षा एक अनमोल धन है। सरकार भी छात्रों के शिक्षा ग्रहण करने में सहायता करने को ले कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि छात्राएं सभी क्षेत्र में विजय पताका लहरा रहीं हैं इन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वागत गान प्रस्तुत करने वाली उत्क्रमित मध्य विद्यालय की आधे दर्जन छात्राओं को पठन पाठन सामग्री दे सम्मानित किया तथा उनसे उनके पढ़ने की रुचि Sold तथा उनके मनपसंद विषय के प्रश्न भी पूछे और उनके द्वारा सही उत्तर देने पर उनकी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। मौके पर डीडीसी शेखर आनन्द, एसडीएम उपेंद्र पाल,डीईओ संजीव कुमार,प्रमुख योगेश कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष शशि कुमार,अफसाना खातुन,शाहिद हुसैन,अनिता देवी,कौशल कुमार,पंकज साह,समेत बड़ी संख्या में अधिकारी जनप्रतिनिधि,ग्रामीण उपस्थित थे।

कॉन्फ्रेंस | कॉन्फ्रेंस में अमन शांति भाईचारगी के लिए दुआएं की गई

# बेलपाड़ा नबी बख्श में उर्स पाक गोसुलवारा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** 11वीं शरीफ के मौके पर शहर के बेलपाडा नबी बख्श में उर्स पाक गोसुलवारा कॉन्फ्रेंस का पीरे तरीकत हजरत शाह शकील अहमद खान की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में अमन शांति भाईचारगी के लिए दुआएं की गई। इसके बाद शाम कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कुराने पाक की तिलावत से की गई। तिलावत के बाद बारी-बारी शायरों ने नाते पाक मन्क़बत अपनी अपनी सुनहरी आवाज से पेश किया। कॉन्फ्रेंस से संबोधित करते हुए पीरे तरीकत हजरत शाह शकील खान कादरी अपनी नूरानी इस्लाही बातों से पूरी महफिल को नूरानी बना दिया। उन्होंने कहा हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपने किसी जाति मुफाद या मसलेहत के लिए अपने किसी वसूल में बदलाव नहीं किया बल्कि इन वसूलों के लिए जान माल और दूसरी तमाम अपने अजीज चीजों को कुर्बान कर दी और वसूलों की हर हाल में हिफाजत कि आज पूरी दुनिया में इस्लाम के नाम लेवा है। उन्होंने गौसे आजम पीराने पीर दस्तगीर हजरत शेख मोहिउद्दीन अब्दुल कादिर जिलानी के शख्सियत पर बयान करते हुए कहा हजरत अब्दुल कादिर जिलानी रहमतुल्ला अले इस्लाम कि सहि शिक्षा सही चेहरा दुनिया को दिखाया है। शेख मोहिउद्दीन अब्दुल कादिर जिलानी की उम्र 18 वर्ष थी। आपने एहले इल्म की तरफ तरफ रूख किया और कुरान अजीम या तज्वीद आपने हासिल की। कॉन्फ्रेंस में हजरत मौलाना अल्लामा मुबारक रिजवी, हजरत मौलाना नईम कादरी, हाफिज व कारी शाहिद राजा, हाफिज कारी फहीमुद्दीन मिस्बाही, हजरत मौलाना मोइनुद्दीन मिस्बाही बंगाल, हाफिज व कारी जमशेद आलम, शाह फरीद रफकती साबरी, कई उलेमा एकराम शायरों ने शिरकत की महफिल को सजाने रचने में सरफराज अशरफी, मुस्ताक निजामी, मुमताज निजामी, अख्तर निजामी ने कॉन्फ्रेंस को सफल करने में अहम भूमिका निभाया।

# राकांपा के जिला अध्यक्ष बनी संगीता देवी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी रोहतास महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बनी संगीता देवी,घोषणा करते प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तय रोहतास जिला के बैठक आशुतोष सिंह उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश सह जिला प्रभारी रोहतास के नेतृत्व में आज सासाराम मे किया गया,जिसका संचालन रोहतास कार्यकारी जिला अध्यक्ष रामबाबू ने किया,इस बैठक में सभी महिलाओं और कार्यकर्ताओं की राय से बैशपुरा करगहर के संगीता देवी को महिला प्रकोष्ठ रोहतास जिला अध्यक्ष बनाया गया है,इस अवसर पर आशुतोष सिंह उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश सह रोहतास जिला प्रभारी ने कहा कि सभी महिलाओं और कार्यकर्ताओं के राय से आज से संगीता देवी ग्राम बैशपुरा प्रखंड करगहर को रोहतास जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता देवी को बनाया गया है,पूरा उम्मीद है कि रोहतास जिला में महिलाओं को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम संगीता देवी करेंगी,इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बनने के बाद संगीता देवी ने कहा कि जिस तरह सभी लोगों ने हम पर विश्वास करके मुझे महिला प्रकोष्ठ रोहतास जिला अध्यक्ष बनाया गया है,मे पूरा कोशिश करुंगी कि रोहतास जिला में पार्टी को हर प्रखंड,हर पंचायत,हर गांव में जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगी और पार्टी के हर छोटे बड़े बैठकों में शामिल होने का काम करूंगी और महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करुन्गि,इस अवसर पर शामिल मुख्य रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह,नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रोहतास संगीता देवी,कार्यकारी अध्यक्ष रामबाबू,भूतपूर्व सैनिक के जिला अध्यक्ष परशुराम सिंह,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमीर इकबाल बालीजी,सासाराम नगर निगम के नेता बंटी पाठक,वैजयंती देवी,रिंकू देवी,फूलतारा देवी,भारती देवी,संजुक्ता देवी,मुद्रिका राय,बंधन पासवान,ललिता देवी,द्रौपति देवी,आशा देवी,रंगीता देवी उषा देवी,प्रयागी देवी,देवमुना देवी ,संतोष राय,दीपक राय,पिंटू राय,चंदन राय,धना देवी,शांति देवी,संजय राय,अयोध्या शाह,चांदमूना देवी सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए।

# ख़ास ख़बर

### थाना गौरा चौराहा पुलिस द्वारा शांति भंग में 03 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 29/10/2023 को थाना गौरा चौराहा बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार कर अंतर्गत धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय तुलसीपुर भेजा गया।

### शांति भंग में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 29.10.2023 को थाना को0 गैसड़ी बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 02 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय उतरौला भेजा गया।

### शांति भंग में 02 व्यक्तियो को किया गया गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 29.10.23 को थाना रेहरा बाजार बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 02 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार व्यक्तियो के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

### परिवार परामर्श केंद्र में 02 पारिवारिक विवादों का हुआ सफल निस्तारण

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 02 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ, परामर्शन में देवतादीन दूबे, वन्दना मिश्रा, अरुण कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी श्रीमती विनीता चतुर्वेदी,म0उ0नि0 चाँदनी श्रीवास्तव , महिला कांसटेबल ज्योति, हेमा का सराहनीय योगदान रहा।

### समस्त थाना/ चौकी एवं सम्बन्धित कार्यालय/कार्यालय परिसर में सामूहिक श्रमदान कर साफ-सफाई की गई

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 29.10.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/समस्त चौकी प्रभारी गण के द्वारा सम्बन्धित कार्यालय/कार्यालय परिसर में सामूहिक श्रमदान करते हुए साफ सफाई की गयी ।

### वन्य जीव संरक्षण अधिनियम से संबंधित 01 वारंटी गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री दुर्विजय थाना हरैया के कुशल नेतृत्व में- आज दिनांक 29/10/2023 को थाना हरैया पुलिस टीम द्वारा (1) मामला स0 110/18,3335/21 धारा 26 फॉरेस्ट एक्ट 27,29,31,51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अभियुक्त राजेश उर्फ घुचडू पुत्र अर्जुन निवासी गढ़वा थाना हरैया जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### थाना को0 जरवा पुलिस द्वारा मामला संख्या 1573/2000 धारा 26 वन अधि0 से संबंधित वारण्टी गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे- आज दिनांक 29.10.2023 को उ0नि0पौहारी व उ0नि0 रमापति यादव मय हमराह हे0का0 चन्दन प्रसाद व हे0कां0 सुरेन्दर यादव द्वारा मामला संख्या 1573/2000 धारा 26 वन अधि० * वारंटी 1. *गोपाल पुत्र ननके नि0ग्रा0 पटखौली थाना को0 जरवा जनपद बलरामपुर को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। तथा थाना स्थानीय पर त्वरित विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त/वारंटी उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### धोखाधड़ी से सम्बन्धित अन्तर्जनपदीय अभियुक्तगण गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज श्री अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व मे दिनांक 29.10.2023 को श्री वाजिद अली पुत्र सत्तार निवासी भरपुरवा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत कराये गये मु0अ0सं0 145/2023 धारा 406/420 व 409 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त रनधर लाल वर्मा पुत्र छेदी लाल वर्मा निवासी कस्बा पेहर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया।

# जिला अल्पसंख्यक अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर।** भ्रष्टाचार मुक्त योगी सरकार के तमाम दावों पर कुछ भ्रष्ट मानसिकता के अधिकारी व कर्मचारी अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए न सिर्फ़ जहां प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं वहीं अपनी रिश्वतखोरी के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मोदी सरकार के दावों को भी खोखला साबित कर केंद्र और प्रदेश की सरकारों को बदनाम कर रहे हैं। भ्रष्ट कार्यशैली वाले इन दबंग अधिकारियों व कर्मचारियों के हौसले इस लिए भी बुलंद हैं कि पीड़ितों के द्वारा इनके अनैतिक, असंवैधानिक कृत्यों की तमाम शिकायतों को जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है यह कहना भी गलत न होगा कि मनबढ़ किस्म के यह भरष्ट अधिकारी व कर्मचारी न सिर्फ़ जहां अपने विरुद्ध की गई शिकायतों को धनबल और असर व रसूख से फाइलों में दबवा कर कार्यवाही से बच जाते है वहीं शिकायत कर्ता पीड़ितों का भी उत्पीड़न करते है जिसके कारण पीड़ित इनके भ्रष्टाचार के विरुद्ध विरोध तक दर्ज कराने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं। सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार और भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी के अनैतिक कार्यों का खुलासा अधिवक्ता के द्वारा शपथ पत्र देकर की गई शिकायत से हुआ है। अधिवक्ता आनंद उपाध्याय पुत्र शारदा प्रसाद उपाध्याय निवासी ग्राम सोनार जनपद बलरामपुर ने एक शपथ पत्र देकर ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बलरामपुर यशवंत मौर्या और लिपिक सुशील कुमार पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आनंद उपाध्याय एडवोकेट ने अपने शपथ पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में कार्यरत ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जनपद बलरामपुर यशवंत मौर्या द्वारा संबंधित विभाग, शासन, प्रशासन से छल कपट, कूटरचना कर, विभाग से तथ्यों का गोपन कर तथा उच्चाधिकारियों को भ्रमित कर विभागीय स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त किये जाने के नित्य नये प्रयास किए जा रहे हैं। भ्रष्ट मानसिकता वाले डीएमओ यशवंत मौर्या तथा पटल सहायक सुशील कुमार जो कि एक दबंग किस्म के भ्रष्टाचारी लिपिक के रूप में हमेशा ही विवादों में रहते है जिसके विरुद्ध भ्रष्टाचार की विभिन्न शिकायतें आज भी ठंडे बस्ते में धूल फांक रही हैं के साथ मिल कर सांठ गांठ करके, सुनियोजित ढंग से, कूटरचित षड़यंत्रों के आधार भ्रष्टाचारी कुछ मदरसा प्रबंधकों के साथ मिलीभगत करके मदरसा शिक्षकों का हर स्तर पर असंवैधानिक ढंग से अहित करते हुए उन्हें डरा धमका कर रिश्वत के रूप में ना सिर्फ़ मोटी रकम वसूल करते हैं बल्कि उनका मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न भी करते हैं। अपने शपथ पत्र में अधिवक्ता आनंद उपाध्याय ने डीएमओ यशवंत मौर्या और लिपिक सुशील कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों ही अधिकारी व कर्मचारी ने जनपद में अपने कुछ चुनिंदा पेशेवर शिकायतकर्ताओं का एक गिरोह बना रक्खा है, भ्रष्ट मानसिकता के कुछ मदरसा प्रबंधकों के साथ मिलीभगत कर इन कथित शिकायत कर्ताओं से पहले अनुदानित मदरसा के शिक्षकों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध कूटरचित शिकायत कराई जाती है और फिर कथित शिकायत पर पहले विभाग के यह दोनों अधिकारी कर्मचारी अभिलेख की जांच के नाम पर पीड़ितों को विभाग के चक्कर




लगवा कर उन्हें डरा धमका कर उनका उत्पीड़न करते हैं जब पीड़ित डर जाता है तब उससे धन उगाही की जाती है। शपथ पत्र में शिकायत कर्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यशवंत मौर्या और सुशील कुमार अपने चहीते रिश्वत खोर कुछ मदरसा प्रबंधकों से मिलीभगत करके कथित शिकायतों को आधार बनाकर कर मदरसा शिक्षकों और कर्मचारियों को कार्यवाही का डर दिखा के जबरन उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने पर विवश कर दिया जाता है। यही नहीं मदरसा शिक्षकों के वेतन भुक्तान करने के नाम पर भी 5% की रिश्वत वसूल की जाती है। अगर कोई मदरसा रिश्वत नहीं देता है तब फिर विभागीय स्तर पर वेतन भुक्तान में विलंब कर रुकावट पैदा कर उन्हें प्रताड़ित करके अवैध धन उगाही की जाती है और विवश होकर पीड़ित रिश्वत देकर वेतन भुक्तान कराते हैं। अधिवक्ता आनंद उपाध्याय के आरोपों के अनुसार डीएमओ यशवंत मौर्या और संबंधित विभाग का सहायक लिपिक सुशील कुमार कथित शिकायतों के आधार पर योगी सरकार और जिलाधिकारी का भय दिखा कर पीड़ितों से धन उगाही का खेल खेला जाता है। यशवंत मौर्या अपने निज निवास पर रात्रि 7:00 बजे के क़रीब पीड़ितों को बुलाते हैं और लिपिक सुशील कुमार की मौजूदगी में उनसे कहा जाता है कि यह प्रदेश में योगी सरकार है और जानते हो तुम मदरसा शिक्षकों को फर्जी प्रकरण में जेल भेजवा कर मदरसे में ताला लगवा दिया जाएगा और मुझे भी सरकार से शाबाशी मिलेगी प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसी भी तरह मदरसों को बंद किया जाए मगर हम तुम्हारे हमदर्द हैं जो थोड़ा बहुत पैसा तुम लोग देते हो उसमें से विधायक, मंत्री, डीएम, रजिस्ट्रार को भी हिस्से के रूप में रिश्वत की मोटी रकम हमलोगों को देनी पड़ती है। यही नहीं मोटी रकम लेकर यह रिश्वत खोर अधिकारी कर्मचारी पीड़ितों से कथित शिकायत पर समझौते के नाम पर भी मोटी रकम वसूल कर ली जाती है। शपथ पत्र के अनुसार मदरसा अहले सुन्नत फजले रहमानिया पचपेड़वा तीन अध्यापकों की फर्जी नियुक्ति का खेल खेला गया। विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत से कथित अध्यापकों के बिना संस्था को सेवा एंव योगदान के ही रजिस्ट्रार उ० प्र० मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदन करा लिया गया एवं अनुमोदन प्राप्ति के करीब 04 महीने बाद योगदान ग्रहण कराया गया। जिसके साक्ष्य स्वरूप मदरसे के CCTV फुटेज एवं प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी व कोषाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र विभाग में कथित जांच की फाइलों में आज भी धूल फांक रहे हैं। इसी तरह मदरसा दारुल उलूम सरकार-ए-आसी सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर में हुये फर्जी नियुक्तियों में ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या तथा लिपिक सुशील कुमार शिकायतों के बावजूद धन लाभ लेकर फर्जी निस्तारण कर दिया। यही नहीं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य एवं पटल सहायक श्री सुशील कुमार के हौसले इतने बुलंद हैं कि संबंधित विभाग की ईमेल आईडी पर भेजी गई शिकायत तक को मोटी रकम रिश्वत के रूप में लेकर डिलीट कर दिया गया जिससे शासन स्तर पर इन भ्रष्टाचारियों की पैठ का भी अंदाज़ा लगाया जा सकता है इससे यह साफ़ होता है कि ज़िला और प्रदेश स्तर पर भ्रष्टाचार की जड़ें फैली हुई हैं।(शासन के आदेश सं० 1834/52-3-2023 दिनांक 25/09/2023 जो कि शासन द्वारा ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जनपद बलरामपुर के e-mail पर भेजा गया) इसके अतरिक्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य तथा लिपिक सुशील कुमार ने रिश्वत के रूप में मोटी रकम लेकर नियम विरुद्ध तरीके से मदरसा अहले सुन्नत फखरुल उलूम जनपद बलरामपुर में 12(5) की व्यवस्था लागू कर दी गई जबकि सोसाइटी अधिनियम के अनुसार डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स द्वारा धारा 25(2) में स्पष्ट आदेश के बाद ही किसी प्रबन्ध समिति को अवैध कहा जा सकता है या प्रबन्ध समिति के विवादित होने का प्रमाण दिया जा सकता है। आरोप यह भी है कि इन भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी ने मदरसा माफिया के रूप में कुख्यात निलम्बित मदरसा प्रिंसिपल अब्दुल वहाब खां से रिश्वत के रूप में 3 लाख रुपए लेकर, प्रबंध समिति के संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हुए असंवैधानिक ढंग से जबरन चार्ज दिला दिया गया जबकि प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तथा मदरसा नियमावली 2016 के अनुसार प्रबंध समिति के द्वारा की गई संवैधानिक कार्यवाही नियुक्ति, निलंबन तथा निस्कासन आदि में DMWO को किसी तरह के दखल देने का अधिकार नहीं है। मदरसा फैजुल उलूम पिपरी बनघुसरी व मदरसा कासिमुल उलूम गुलरिहा में प्रधानाचार्यो से मिलकर मोटी रकम लेकर 12(5) की व्यवस्था भी लागू करते हुए प्रबंध समिति के अधिकारों का हनन किया गया। शपथ पत्र में लगाए गए आरोपों के अनुसार ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या और पटल सहायक सुशील कुमार के भ्रष्टाचार के आतंक से लोग भयभीत हैं। पूरे भ्रष्टाचार के खेल में सुशील कुमार को ही मास्टर माइंड बताया जा रहा है अब देखने वाली बात यह है कि इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध योगी सरकार क्या कार्यवाही करती है या यह शिकायती शपथ पत्र भी जांच के नाम पर विभागों की फाइलों में दबा दिया जाएगा और मदरसा शिक्षक व कर्मचारी उत्पीड़न के साथ ही जीवन व्यतीत करने पर विवश रहेंगे। बलरामपुर जिला अल्पसंख्याक अधिकारी ने अपने उपर लगे आरोपो को निराधार बताए।

## पुरानी रंजिश में चली गोली से 1 जख्मी

**बिक्रमगंज/रोहतास।** संझौली पुलिस कि सक्रियता से शनिवार को रात्रि में तेनुआ गांव रक्त रंजित होने से बच गया। ग्रामीण बतातें है कि 2 जातियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में पुरानी रंजिश में शनिवार को रात्रि में चली गोली से 1 ब्यक्ति जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार दल - बल के साथ मौके पर पहुँच स्थिति पर नियंत्रण करने में पाई सफलता। पुलिस सक्रियता को ग्रामीणों ने किया सराहना। जख्मी बिक्रमा सिंह के आवेदन पर 26 लोगों तथा सरिता देवी के आवेदन पर 29 लोगों के विरुद्ध सुसंगत धराओं में काण्ड दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं।

## क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक तत्व दिखाई दें या कोई आपराधिक गति विधि नजर आवें तो तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को देंः थानाध्यक्ष

**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने हेतु बिस्फी थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजकुमार राय की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष श्री राय ने कहा कि खुफिया विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधिक घटनाओं को लेकर एलर्ट किया गया है।उन्होंने बैठक में उपस्थित मुखियाओं से लूट,चोरी,डकैती जैसी घटना की पुनरावृति न हो इस तरह के अपराधिक घटना को नियंत्रित करने में सहयोग करने और एलर्ट रहने के साथ साथ पुलिस को सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि यदि क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक तत्व दिखाई दें या कोई आपराधिक गति विधि नजर आवें तो तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दें।सूचना मिलते ही पुलिस के द्वारा तुरंत करवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित मुखियाओं ने पुलिस अधिकारी को ग्राम रक्षा दल का गठन करने का सुझाव दिया।जिसपर सहमति जताते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि अपलोग एक्टिव होइए रात्रि में आवागमन बंद कीजिए और ग्राम रक्षा दल का



गठन सभी गांव में कीजिए।जब जहां बुलाइएगा हम आ जायेंगे।उन्होंने हरेक गांव से कुछ लोगों से सहयोग लेने जो रात्रि गश्ती में पुलिस को सहयोग कर सके।बैठक में सिमरी मुखिया सुधीर कुमार यादव,बेचन सहनी,मो सबाउद्दीन उर्फ सब्बू,अनिल यादव,पूर्व मुखिया शालिग्राम यादव,सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# साहरघाट में अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो को रौंदा

**मधवापुर।** रविवार की दोपहर साहरघाट थाना क्षेत्र के रामजानकी चौक से पीछे ढाबा के समीप एनएच 227 पर रसोई गैस लदे ट्रक की चपेट में आने से टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में टेंपो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कलुआही थाना क्षेत्र के हरिपुर नीम टोल निवासी मो. फारूक का 25 वर्षीय पुत्र सरफराज आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और टेंपो को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक अपनी बहन को टेंपो



से हरलाखी थाना के गंगौर छोड़कर वापस घर जा रहा था। जहां पीछे एक इंडियन गैस लदी ट्रक टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो के परखच्चे उड़ गए। वही दबकर टेंपो चालक की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। हादसे के बाद एनएच 227 मुख्य मार्ग पर अफरा तफरी का माहौल बनी रही। जिसके कारण कुछ देर तक गाड़ियों का परिचालन ठप रहा। घटना के बाद मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही साहरघाट थानाध्यक्ष अरविंद कुमार दलबल के साथ पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। वही घटना की जानकारी मिलते ही मृतक का बहनोई गंगौर निवासी मो. इलियास और मृतक की बहन बदहवास होकर पहुंची। जहां दहाड़े मार मार कर रोने लगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि ट्रक और टेंपो को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जायेगी।

### थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम द्वारा धोखाधड़ी से सम्बन्धित अन्तर्जनपदीय अभियुक्तगण गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज श्री अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व मेः- दिनांक 29.10.2023 को श्री वाजिद अली पुत्र सत्तार निवासी भरपुरवा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत कराये गये मु0अ0सं0 145/2023 धारा 406/420 व 409 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त रनधर लाल वर्मा पुत्र छेदी लाल वर्मा निवासी कस्बा पेहर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया ।

### नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

### जिला कारागार में स्वास्थ्य कैंप का किया गया उद्घाटन



**सम्वाददाता संतोष दुबे।** उत्तर प्रदेश जनपद बलरामपुर इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के उप सभापति अखिलेन्द्र शाही ने डॉ0 मुकेश कुमार रस्तोगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर के साथ जनपद जिला कारागार में आयोजित स्वास्थ्य कैम्प का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें लगभग 108 कैदियों स्वास्थ्य परीक्षण किया गया डॉ0 रत्नसेन वर्मा, चिकित्साधिकारी जिला कारागार एवं डा0 राजेश प्रसाद मनोरोग चिकित्सक ने किया। मा0 उप सभापति ने जिला कारागार में बंद कैदियों का हाल-चाल जना और रेडक्रास सोसायटी द्वारा कैदियों के भलाई के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी और डा0 मुकेश कुमार रस्तोगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर ने जिला कारागार में तैनात चिकित्सक एवं अन्य स्टॉफ को निर्देशित किया कि वह कैदियों के स्वास्थ्य के लिए जो भी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा सकी है उसे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उप सभापति ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ महिला कैदियो के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हे फल वितरित कर प्रोत्साहित किया कि वह कारागार में रहते हुए भी स्वयं की भलाई एवं समाज के भलाई के लिए कार्य कर सकती है। भ्रमण के समय एस0के0 सोनकर प्रभारी जिला कारागार अधिकारी ने सहयोग प्रदान किया और कारागार के बारे में बृहद जानकारी प्रदान की इस अवसर पर डा0 सतोष कुमार श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सचिव, जिला रेडक्रास सोसायटी बलरामपुर/डॉ0 जय प्रकाश/डॉ0 ए0के0 शुक्ला /अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर/डा0 अजय प्रकाश श्रीवास्तव रेडक्रास सोसायटी सदस्य बलरामपुर उपस्थित रहें।

कार्यक्रम | तिलौथू कुटिया के पुजारी महाराज श्री सदाकुमार दास जी के देख-रेख में आयोजन हुआ

# श्री बड़ी गद्दी ऋषिकेश आनंद कुटी धाम शरद पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजा महा भण्डार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू स्थित सोन नदी तट पर स्थित श्री बड़ी गद्दी ऋषिकेश आनंद कुटी धाम शरद पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजा महा भण्डार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे ऋषिकेश आनंदकुटी धाम तिलौथू कुटिया के पुजारी महाराज श्री सदाकुमार दास जी के देख-रेख में विधिवत हवन-पूजन और महा भंडारा एवं संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी गद्दी ऋषिकेश आनंदकुटी धाम के महाराज श्री सदाकुमार दास का सभी संतो और गृहस्थ लोगो को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा का भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व परंपरा में महत्व है। ज्ञान, भक्ति, वैराग्य और कर्म के मार्ग से जुड़ते हुए यह दिन ज्योतिष विज्ञान प्रकृति विज्ञान चिकित्सा विज्ञान तक में अपना



विशेष स्थान बनाता है। इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्णता अर्थात 16 कलाओं के साथ प्रकृति में उपस्थित होकर करुणा का प्रकाश बिखेर देता है। ज्योतिष विज्ञान में चंद्रमा को मन का देवता माना गया है इसलिए मन पर इसका प्रभाव सबसे अधिक होता है। इस दिन खीर खाने की परंपरा भी सदियों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान व मोक्ष की परिकल्पना अधूरी है। गुरु ही अपनी साधना की बदौलत अपने शिष्यों के उद्धार करता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन मे ईश्वर का बड़ा ही महत्व है। ईश्वर से साक्षात्कार एक सच्चा गुरु ही करा सकता है। इसीलिए गुरु का आदर करें। उनके आज्ञानुसार कार्य करने पर मानव जीवन मे सिद्धि की प्राप्ति होती है। मनुष्य हर कष्टों से मुक्त होता है। शरद पूर्णिमा पर शुक्रवार की देर रात सबसे पहले पूजन व हवन कार्य किया गया। और शनिवार को रात्रि में भजन कीर्तन एवं सस्कृतिकी कार्यक्रम का अयोजन किया गया। वही रविवार को सुबह में महा भंडार किया गया। जिसमे सुबह से रात तक भंडारे में प्रसाद वितरण चलता रहा। जिसमें जिसमे हजारों की संख्या में महिलाओं एवं पुरूषों ने प्रसाद पाया। वही संस्कृतिक कसर्यक्रम में गायक में अभिजीत राज ने श्री पयहारी जी महाराज, श्री महाबीर जी, रंगराज गुरु,महाराज गुरु सितराज गुरु के भजन से शुरुआत किया। और गोपाल यादव उर्फ गोपू गुरु के चरण में जेकर सच्चा लग्न रही जग जाल ना सताई चोला बदन रही और पूजला से मिलीहे नाही हरि के हो पथर भजन किया। और भी सिंगर मुस्कान सिंग,मुकेश मोहित,अपराजित जी,अखिलेश राज,नन्दकिशोर यादव,रितेश राज,मनीष ओझा,जितेंद्र मंजीर,अरविंद उज्जला, सीमा गुप्ता,हिना जी,दिब्य ज्योति, रिया गुप्ता वही दूर-दूर से आये हुए बहुत से ब्यास गायक का कायक्रम चलता रहा।

## धान फसल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन एवं किसान सम्मान समारोह



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के महाराजगंज तराई में ग्राम सभा पारसिया कला ब्लॉक तुलसीपुर में धान की उन्नत फसल लगाने एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए पायनियर बीज कंपनी कंपनी द्वारा एक भव्य आयोजन कर किसानों को जागरूक किया गया एवं फसल लगाने के लिए जानकारी दी गई एवं अच्छे उत्पादन को करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया जिसमें पानियार बीज कंपनी के 27 पी 37 धान एवं अन्य हाइब्रिड धान की तुलना करते हुए यह बताया है कि पनियार बीज कंपनी के 27 पी 37 धान की प्रजातिअन्य हायब्रिडचान के मुकाबले प्रति एकड़ 5 कुंतल अधिक पैदावार करता है । इस फसल प्रदर्शनी के अवसर पर पानियर बीज कंपनी के जिला प्रतिनिधि जनार्दन वर्मा ने किसानों को जागरुक करते हुए पैदावार बढ़ाने के लिए विविध प्रकार के उपाय बताएं क्षेत्रीय प्रतिनिधि कमलेश कुमार मिश्रा ने किसानों को पानियार बीज कंपनी के धान 27पी 37 के उपयोग प्रबंधन की जानकारी देते हुए किसानों को सम्मानित किया और उत्साह वर्धन किया साथ ही साथ पायनियर बीज कंपनी के हाइब्रिड धान 27 पी37 के उपयोग का किसानों से अधिक करने का आवाहन किया ।

## ख़ास ख़बर

### वरीय उपसमाहर्ता ने कई बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को कई तरह के निर्देश दिए



**बिस्फी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के निर्देश पर रविवार को प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया।अहर्ता तिथि पहली जनवरी 2024 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आयोजित इस विशेष कैंप का निरीक्षण वरीय उपसमाहर्ता सह प्रभारी अंचलाधिकारी नसीन कुमार निशांत के द्वारा की गई।उन्होंने बिस्फी विद्यापति स्मारक भवन एवं मध्य विद्यालय बिस्फी पर बने बूथ सहित मध्य विद्यालय बसवारिया,उत्तक्रमित मध्य विद्यालय नूरचक, प्राथमिक विद्यालय कोरियानी के अलावे कई बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को कई तरह के निर्देश दिए।मौके पर उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2024 के आधार पर जिनका उम्र 18 साल पूरी हो चुकी है वैसे मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु तथा मृतक मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने के साथ साथ दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने को लेकर निर्वाचन आयोग के आदेश दिशा निर्देश पर इस विशेष कैंप का आयोजन किया गया है।

### एक समारोह में विधायक निधि से विभिन्न गांवों में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया



**सिकन्दरपुर,बलिया।** समारोह में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सिसोटार, काजीपुर,खड्सरा,एकसार,आराजी करियापार सहित लगभग गांवों में कुल 1.52 करोड़ रुपये के हुए विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ।लोकार्पण के बाद मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विकास और खुशहाली लाना है ।जहाँ आज भी नाली व खड़ंजा नहीं बन पाया।जनसम्पर्क हेतु विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जाने पर कुछ गॉव ऐसे है जो विकास कार्यों से कोसों दूर है।ऐसे गावों का चयन कर विकास कार्य कराये जा रहे हैं।बताया कि इसके पूर्व भी 5 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 100 गांवो में विकास कार्य कराए जा चुके हैं। कहा कि विकास से अछूते अन्य गांवों का भी क्रमशः काम कराए जाएंगे।

### अपने नाम के अनुरूप राजकीय सेवा में बाईस वर्षों तक खरे उतरे उनियारा



**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान /उदयपुर।** बाईस वर्ष पूर्व आज के दिन राजकीय सेवा में लगे वर्तमान उपखण्ड अधिकारी, उनियारा,जिला-टोंक श्री त्रिलोक चन्द मीणा का जीवन संघर्षरत रहते हुए बेदाग रहा।जिस प्रकार से ईश्वर तीनो लोक में निवास करते है इसलिए उनको त्रिलोकीनाथ कहते है ठीक उसी तरह अपने नाम के अनुरूप एसडीएम त्रिलोक चन्द मीणा इन बाईस वर्षों में परिवार छोड़कर पूरे राजस्थान में कई जगह सेवाए देते रहे।सबसे बड़ी विशेषता ये है कि इनकी बाईस वर्षों की सेवा गौरवमयी रही।अतिपिछड़ा जनजाति क्षेत्र झाड़ोल जैसे उपखण्ड में आज भी इनको याद किया जाता है इनके कार्यकाल में ही इनके करकमलों से लवीना विकास सेवा संस्थान का उदभव हुआ जो संस्थान आज सम्पूर्ण राजस्थान में ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध है।

### आम नागरिकों को मच्छरों से बचाव के लिए करें जागरूक - डॉ बामनिया

**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि जिले में मौसमी बीमारियों के प्रकोप को देखते हुए आज जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें जिले में जारी गतिविधियों पर चर्चा की गई।डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि जिले में हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान के तृतीय चरण में अक्टूबर माह में कुल 752 टीमें कार्य कर रही है और अब तक 322526 घरों का सर्वे किया गया है।17482 टेमिफोस,9320 एम एल ओ,3042 फोकल स्प्रे और 1380 क्षेत्रों में फोगिंग करवाई गई। 24583 गन्दे पानी के पात्रों को खाली करवाया गया।सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि सभी जिला स्तर के अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में चल रही गतिविधियों को निरीक्षण के लिए निर्देशित किया है। सभी चिकित्सा संस्थानों को सर्वे टीमों की मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तर की टीम ने अभी तक शहर और कोटड़ा क्षेत्र में क्रोस वेरिफिकेशन कर आवश्यक निर्देश दिए।नोडल प्रभारी डॉ गजानंद गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन सर्वे और एंटी लारवा, एंटी एडल्ट एक्टिविटी की रिपोर्ट जिले पर मंगवाई जा रही है। संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी के निर्देश पर रिपोर्ट राज्य स्तर पर भेजीं जा रही है।

# फैशन शो के आयोजन में 90 प्रतिभागियों नें लिया भाग




**दैनिक शुभ भास्कर ,सुभाष चंद्र झा, सहरसा ।** जिले में पहले बार ग्लोबल गलमोर्स इकॉन्स फैशन शो का आयोजन डीबी रोड स्थित रॉयल बैंकेट में किया गया। एक दिन पहले प्रतिभागियों को मॉडल काजल सिंह द्वारा ग्रूमिंग क्लास दिया गया।वही कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में बाहर से आये हुई सुभम गुप्ता, देव शांतनु, पंकज आमेरिया, प्रीति साह और सहरसा की बेटी काजल सिंह व स्नेहा झा थे।इवेंट मैनेजमेंट शालिनी सिंह तोमर फाउंडर एंड डायरेक्टर गुंजन मिश्रा, इवेंट इन्वेस्टर अभिनव मिश्रा ,अनिल मिश्रा, बेबी मिश्रा और सभी निर्णायकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस फैशन शो में लगभग 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।मिस्टर सहरसा के प्रथम रनर अप शिलान्यास कुमार,द्वितीय रनर अप राहुल कुमार एवं तृतीय रनर अप अमन कुमार रहे।वही मिस सहरसा के लिए प्रथम रनर अप रितिका कुमारी,द्वितीय रनर, रौहिणी सिंह एवं तृतीय स्थान पर प्रंशा निगम रही।जबकि स्टार किडस गर्ल्स जुनियर सहरसा के प्रथम रनर अप प्रगति मिश्रा,द्वितीय रनर अप मिशिका और सृजा और तृतीय स्थान पर नामसवी और तृषा रही।जबकि स्टार ब्यॉज जुनियर सहरसा के प्रथम रनर अप शौर्या सागर,द्वितीय स्थान पर सौरभ सागर एवं तृतीय स्थान पर शौर्या और मिसेज सहरसा के प्रथम रनर अप डॉ० शालिनी झा,द्वितीय स्थान पर लवली गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर काजल चौधरी रही।इन सभी ने जीजीआई फैशन शो सहरसा का खिताब पर कब्जा किया ।सभी विजेताओं को सेस ,क्राउन ,शील्ड व सर्टिफिकेट देकर सम्मान दिया गया।शालिनी सिंह तोमर ने कहा मॉडलिंग एक ऐसा क्रिएटिव करियर हैं। जहां आपको ग्लेमर, फ़िल्म और टी वी इंड्रस्ट्री में नाम और पहचान बनाने का मौका मिलता हैं। सहरसा में टैलेंट की कमी नही हैं मै चाहती हूं इस प्रोफेशन में भी आगे आये और पहचान बनाई।गुंजन मिश्रा ने कहा इस तरह के प्रतिभा को हर वर्ष निकलने की कोशिश रहेगी साथ एक अच्छे मुकाम में पहुँचाने का काम हमारे टीम करेंगी।अभिनव मिश्रा ने कहा फ़ैशन शो का मकसद हमारे प्रतिभागियों को प्लेटफार्म देना है, ताकि वे भी ग्लैमर की दुनिया मे अपना कैरियर बना सके ।आयोजन में मंच संचालन के रूप में मुकेश मिलन,फोटोग्राफी में एसजी टीम के शिवम वर्मा, मैकेप आर्टिस्ट्स दिव्यंका गुप्ता अभिषेक मिश्रा , रिशु श्रीवास्तव और राहुल कुमार ने अपनी अहम भूमिका निभाई । डॉ रजनी रंजन, डॉ कुमार अनुपम , रूपज अन्द्रीयर , अकरम अली , सारिका सिंह, वैष्णवी सिंह, अभिषेक कुमार, सूरज शाण्डिय, रवि रॉय, अनिकेत गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चतरा जिला बैठक संपन्न



**चतरा।** विश्व में परिषद व बजरंग दल की जिला टोली की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साव एवं संचालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के प्रांत संयोजक श्रीमान दीपक ठाकुर जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख संजय चौबे एवं प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान जी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संयोजक श्री दीपक ठाकुर जी ने बताया कि अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर से आए अक्षत पत्रक एवं आमंत्रण को चतरा जिले के सभी प्रखंडो, पंचायतो और सभी गांवो के घर-घर तक पहुंचायेंगे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता । जनवरी 2024 में अयोध्या श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सभी राम भक्तों के घर और आस पास के सभी मंदिरो में दीप उत्सव का कार्यक्रम भी होगा। साथ ही साथ चौक चौराहों में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। साधु संतों के आह्वान पर अयोध्या में पूजे जाने वाले अक्षत को घर-घर तक पहुंचाकर इस शुभ घड़ी की बेला के लिए आमंत्रण करने की रूपरेखा तैयार की गई साथ ही उन्होंने विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इसके लिए सभी प्रखंडों के लिए पालक नियुक्त किया गया। चतरा नगर के लिए श्री अमित पासवान,ग्रामीण मृत्युंजय प्रजापति, जोरी पंकज सिंह जी, हंटरगंज राहुल ठाकुर, प्रतापुर अंकित पांडे, इटखोरी सुरेंद्र पासवान जी,लावालॉन्ग तारकेश्वर गुप्ता, सिमरिया नकुल राम जी, गिद्धौर शाश्वत पांडे जी, मयूरहैंड संतोष कुमार जी, टंडवा सुधीर कुमार, पत्थलगड़ा भुनेश्वर साव,कुंदा बंटी गुप्ता, पांडेपुरा भवानी जी एवं राहुल ठाकुर एवं कान्हाचट्टी ठाकुर राकेश रंजन को पालक के रूप में बनाया गया। साथ ही सभी प्रखंडों की बैठक 22 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख श्री संजय चौबे, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान, जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडे, जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख शाश्वत पांडे,जिला कार्यालय प्रमुख सुरेन्द्र पासवान,जिला सत्संग प्रमुख रोशन पांडे जिला सेवा प्रमुख राहुल ठाकुर, बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख ठाकुर राकेश रंजन, जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम, पत्थलगड़ा मंत्री मृत्युंजय कुमार, पत्थलगड्डा अध्यक्ष कैलाश दांगी, संयोजक मनोहर कुमार, लेखराज टाइगर, सिमरिया संयोजक सचिन श्रीवास्तव, गोरक्षा प्रमुख राजू साव,टंडवा प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता, सोनू भुईया, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज दांगी, दीपक कुमार, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्षकमलेश प्रजापति, ग्रामीण सहसंयोजक छोटू कुमार, दीपक दांगी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्य ने किया हो हंगामा, सूचना नही मिलने का आरोप



**मन्नी भगत, कलुआही।** कलुआही में रबी महाभियान के तरह होने वाले प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य ने जमकर हो हंगामा करते हुए नाराजगी जाहिर किया। उनका आरोप था, कि कार्यक्रम की सूचना उनको नही दिया गया था। जिसके कारण अधिकतर पंचायत के किसान को इस प्रशिक्षण से वंचित होना पड़ा। हालांकि प्रमुख के पहल पर मामला को शांत किया गया। और उन्होने विभाग के आयोजन कर्मी को फटकार लगाते हुए कहा की अगली बार से प्रचार प्रसार कर ही कार्यक्रम आयोजित करें। वही बीडीओ ने भी सभी को समझाबुझाकर शांत किया और कहा दोषी कर्मी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। शनिवार को कलुआही प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वाधान में रबी महाभियान 2023 के तहत रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कि गई। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ राकेश कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह, प्रमुख महेश चंद्र सिंह, उप प्रमुख चंदन प्रकाश कुमार, बीटीएम बिनोद कुमार यादव, एटीएम राहुल कुमार एवं अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह और संचालन किसान सलाहकार वरुण सिंह ने किया। आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में बीडीओ ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का मकसद कृषि क्षेत्र की विकसित तकनीक को किसानों तक पहुंचाना है, ताकि पैदावार को और बढ़ाया जाए और अन्नदाता को खुशहाल बनाया जा सके। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि बदलते समय के साथ कृषि के क्षेत्र में भी बदलाव की जरूरत है। कार्यशाला में उपस्थित वैज्ञानिकों की राय और प्रतिनिधियों की जानकारी किसानों तक पहुंचे हमें यह सुनिश्चित करना होगा। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई गई सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए, फसलों की अच्छी पैदावार और आय बढ़ाने को लेकर कई टिप्स दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान कृषि कार्यों के साथ-साथ सरकार के अन्य विभागों की योजनाओं का भी लाभ ले सकते है। वही इस कार्यशाला में बसैठ चानपुरा से आए हुए वैज्ञानिक राकेश कुमार ने किसानों को खेती का तकनीक बताते कहा कि जीरो टिलेट एवं सीड ड्रिल से खेती के महत्व, दलहन, तेलहन, उत्पादन, जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण, कृषि सिंचाई, कृषि ऋण, पशुपालन एवं रवि मौसम में कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। मौके कृषि समन्वयक संजीत कुमार, अजीत कुमार चौधरी और सभी किसान सलाहकार एवम् सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### चोरी की बाइक रखने के आरोप मे एक गिरफ्तार जेल



**शुभ भास्कर संवाददाता, अज़मेर आलम गौनाहा।** शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए गौनाहा थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान रामपुरवा बगीचा के पास से माधोपुर निवासी समसुद्दीन मियाँ का पुत्र मोनाब मियाँ को चोरी कि बाइक रखने के आरोप मे गिरफ्तार कर बाइक को जप्त करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है।

### गौनाहा प्रखंड के टहकौल गांव के प्रदीप गिरी ड्रीम-11 से रातों-रात बने करोड़पति




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अज़मेर आलम गौनाहा।** प्रखंड के मटियरिया पंचायत के टहकौल गांव निवासी जय नारायण गिरी के पुत्र प्रदीप गिरी उर्फ प्रदीप बाबा ने ऑनलाइन क्रिकेट मैच ड्रीम-11 में 1.5 करोड़ रुपये का इनाम जीता है। ड्रीम-11 में 1.5 करोड़ रुपये जीतने से जहा परिवार में खुशी का माहौल है वहीं क्षेत्र मे इसकी चर्चा जोरों पर चल रहा है। स्थानीय मुखिया दिवाकर पटवारी द्वारा इसकी पुष्टि करते हुए बताया गया कि प्रदीप बाबा मेरा बचपन का साथी और पंचायत चुनाव में मुझे विजयी प्राप्त करने में विशेष सहयोगी रहा है। ड्रीम-11 ऐप पर बीते कई महीनो से टीम बनाकर गेम खेल रहे थे। इसी बीच उनकी किस्मत ने साथ दिया और टीम नंबर वन पर रही जिससे मेरा मित्र रातों-रात करोड़पति बन गया। प्रदीप गिरी से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि मैं नीदरलैंड बनाम बांग्लादेश के बीच चल रहे मैच में ड्रीम-11 के माध्यम से अपना प्लेयर का चुनाव कर मॉनिटरिंग करता रहा हरासमेंट होने के कारण मुझे नींद आ गया लेकिन जब सुबह हुआ तो दोस्तों ने फोन करके बताया कि आपकी टीम ड्रीम-11 मे नंबर 1 मुकाम हासिल की है। परिवार वालों ने बताया कि हम लोग एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं घर परिवार के लोग खेती गृहस्ती के अलावा बाहर प्रदेशों में मजदूरी के लिए भी आते-जाते रहते हैं।

### नवानगर गांव में शनिवार की शाम हुई आग लगी की घटना में दो लोगों का आवासीय घर जलकर स्वाहा हो गया

**दरभंगा (मो.जीलानीअंसारी)अलीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के नवानगर गांव में शनिवार की शाम हुई आग लगी की घटना में दो लोगों का आवासीय घर जलकर स्वाहा हो गया. घर में जलाए गए दीपक से आग लग गया और वह फैल गया जिससे घर में रखा कपड़ा,अनाज, फर्नीचर एवं अन्य घरेलू सामान के साथ खाना बनाने के लिए रखा गया सिलेंडर में आग पकड़ लिया जब आग की लपटे काफी विकराल रूप धारण कर लिया तब लोगों की नजर उस पर गई लेकिन घर में रखे गैस सिलेंडर के कारण वहां जाने का कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था.कुछ ही देर में गैस की सिलेंडर में भयंकर विस्फोट हुआ और घर का एसबेस्टस को चकनाचूर करते हुए काफी दूर जाकर उसका टुकड़ा गिरा इसके बाद स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर आग बुझाने का काम किया.आग गणेशी राम के घर में लगा था.घर पर मात्र उनकी एक पुत्री माया कुमारी रह रही है जबकि गणेशी एवं उसकी पत्नी दूसरे प्रदेश में मजदूरी करने के लिए गया हुआ है. माया दीपक जलाकर घर को बंद कर दूसरे के घर चली गई थी जिसके कारण आग फैल गई.वहीं बगल के अर्जुन राम का घर भी इसकी चपेट में आ गया और घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया. घटना की जानकारी बहेड़ा अग्निशमन कार्यालय एवं भारत गैस एजेंसी अलीनगर को दिया गया तो दोनों जगह से अग्निशमन वाहन पहुंचकर बचे हुए आग को बुझाने का काम पूरा किया तब तक दोनों घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

### एन क्यू ए एस प्रमाणीकरण हेतु सीएमएचओ ने तैयारियों का किया निरीक्षण



**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच बामणिया ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटेवर पर दिनांक 30और 31 अक्टूबर को भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम की टीम द्वारा निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है ।इस संबंध में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करने हेतु अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल और भटेवर सरपंच सहित जिला स्तरीय टीम ने आज निरीक्षण किया। सभी ने अपने- अपने विभाग के अनुसार स्टाफ से बात की और कमियों को बताया एवं मार्गदर्शन प्रदान किया । डॉ मनीष सिंह चौधरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सारी तैयारियों के संबंध में टीमों को बताया और उसकी कमियों को सुधारने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अंकित अवाना ने बताया कि जिला क्वालिटी सेल चैम्पियन डॉ. मनीष सिंह चौधरी , डॉ शुभम गोयल,नर्सिंग ऑफिसर गणेश प्रकाश ,डॉ. पीयूष व्यास एवं नर्सिंग आफिसर सुनील शर्मा ने एन क्यू ए एस की चेक लिस्ट के अनुसार सभी प्रकार की ट्रेनिंग दी और चेक लिस्ट के सभी बिंदुओं पर चर्चा की।सीएमएचओ डॉ बामनिया ने सभी तैयारियां का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमियों पर तुरंत प्रभाव से पूरी करने के लिए खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए।

कार्यक्रम | चारों विधानसभा के 16 मंडल के सभी शक्ति केंद्र से मिट्टी लाई गई

## विभिन्न मंडलों से पहुंचे अमृत कलशों को जिलाध्यक्ष ने राज्यरानी ट्रेन से पटना के लिए किया रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला के चारों विधानसभा के 16 मंडल के सभी शक्ति केंद्र से मिट्टी लाई गई।वही इस अभियान में देश के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले बहादुरों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्मारक पट्टिकाएं 'शिलाफलकम' भी स्थापित की गई। विभिन्न क्षेत्रों से एकत्र की गई पवित्र मिट्टी के कलशों का पूजन करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर जिला स्तरीय "अमृत कलश यात्रा" को सहरसा से पटना उसके बाद पटना से नई दिल्ली के लिए रवाना किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने अमृत कलश रवानगी के अवसर पर वीरो के मिट्टी को नमन करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से आरम्भ हुआ 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के साथ-साथ देश की जनता में देशभक्ति का भाव जागृत किया है तथा युवाओं को अमर बलिदानियों की यादें भी ताजा कराया है।वही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में कर्त्तव्य पथ पर 7,500 गांवों में स्वदेशी और स्थानीय पौधों का एक उद्यान 'अमृत वाटिका' बनाई जाएगी। भाजपा मंत्री राजीव रंजन साह ने कहा कि सहरसा जिला के विभिन्न मंडलों से पहुंचे इन कलशों को भाजपा के जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं अन्य युवा कार्यकर्ताओं को सुपुर्द कर राज्यरानी ट्रेन से पटना के लिए रवाना किया गया।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद चौधरी माधव ,जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, भाजपा के वरिष्ठ नेता शशि शेखर सम्राट , जिला मंत्री रिंकी देवी, नगर अध्यक्ष भैरव झा, गोलू कुमार, राजकुमार साह ,नीरज राम ,राणा करणजीत सिंह, राकेश कुमार सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वाल्मीकि नगर में 122 वीं नारायणी गंडकी महा आरती संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में स्वरांजलि सेवा संस्थान एवं रुद्र नेचुरल हनी व शॉप उद्योग के संयुक्त तत्वाधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 122 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल के धर्मपाल गुरु वशिष्ट जी महाराज, आचार्य पंडित उदयभानु चतुर्वेदी, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, ठाकुरबाड़ी नेपाल के पुजारी आनंद गिरि , धरूहट के सामाजिक कार्यकर्ता होमलाल प्रसाद, यूट्यूबर लक्ष्मी थारू, गायक नंदकुमार महतो, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र शर्मा एवम् गायिका हिरवंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया । मुख्य अतिथि धर्मपाल गुरु वशिष्ठ ने कहा कि शरद पूर्णिमा के दिन ही आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का जन्म हुआ था। आज की यह महा आरती उनको समर्पित है जिनके नाम पर इस भूमि का नाम वाल्मीकि नगर पड़ा है । अश्विन पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा के दिन हम सब वाल्मीकि जयंती भी मनाते हैं। आश्विन पूर्णिमा का विशेष महत्व धार्मिक ग्रंथो में बताया गया है । पंडित उदयभानु चतुर्वेदी ने कहा कि संगम तट पर यह महा आरती पर्यावरण संरक्षण संवर्धन एवं प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा के निमित्त की जाती है। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि महा आरती सूर्यास्त के पूर्व कर रहे हैं । क्योंकि रात्रि 1:05 से चंद्र ग्रहण लगेगा। इस मौके पर गायिका हिरवंती देवी, गायक नंदकुमार महतो,गायक शिवचंद्र शर्मा ,गायक राजा ने कई भजनों को प्रस्तुत किया । धर्मपाल गुरु वशिष्ठ ने भी भक्ति मय प्रस्तुति में भाग लिया। रुद्र नेचुरल हनी के निर्माता सतेंद्र सिंह ने कहा कि लघु उद्योग को बढ़ावा मिले और यहां के लोग स्वावलंबी बने ऐसी कोशिश लगातार हमारे द्वारा की जा रही है। संस्था के एमडी संगीत आनंद ने कहा कि महा आरती वाल्मीकि नगर की पहचान बनती जा रही है।इस मौके पर रामबाबू गुप्ता , वन कर्मी अनमोल कुमार, तूफानी ठाकुर , राजेश यादव आदि भी मौजूद थे। भक्त राजेश यादव ने शाकाहार को सबसे उत्तम आहार बताया। संचालन संगीत आनंद ने किया। संस्था को समय-समय पर सहयोग देने के लिए सेलीस्टियल इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल थॉमस जॉन, राव एमआरआई सेंटर गोरखपुर ,वर्ल्ड मीडिया विजन दिल्ली के राजेश गुप्ता, वशिष्ठ डेरी उद्योग नेपाल के पवन भट्टराई ,नवरत्न प्रसाद ,जगदीश प्रसाद एवं सप्तचंडी ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष साधक बालकदास बाबा की भूरि भूरि प्रशंसा की । इन दोनों पुनीत कार्यों की चर्चा करते हुए दिल्ली से आए भक्त रामबाबू गुप्ता ने संस्था के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व घूमने आए सैलानी एवं शैक्षणिक परिभ्रमण में आए छात्र-छात्राओं ने भी इस महा आरती में भाग लिया।

# ख़ास ख़बर

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुगौली सेवा केंद्र द्वारा निकला परमात्म अवतरण संदेश यात्रा



**सुगौली, अशोक वर्मा।** ब्रह्माकुमारीज स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा नगर में बड़ा ही आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गई। परमात्म अवतरण संदेश यात्रा का शुभारंभ माई स्थान प्रभु भवन से हुआ।यात्रा नउआडीह,माई स्थान दीनदयाल पथ होते हुए सुगौली गांव, महावीर सथान,महादेव टोला,धनई होते हुए सेवाकेन्द्र पर पहूंची।यात्रा का नारा था-- जागो जागो भारत वासी धरती पर भगवान आये,कलयुग जा रहा है सतयुग आ रहा है आदि।यात्रा मे शामिल रहनेवालो मे मुख्य रुप से राम अयोध्या भाई,बीके राम ईकबाल भाई,बीके रामाधार भाई,बीके एस के सरराफ,शुभ लाल भाई, शंभू ,शिवनारायण भाई, बीके मीना खंडेलवाल, कृष्णा बहन,शयाम सुंदर भाई, बीके अर्चना बीके राजू भाई।

## तुरकौलिया की नगमा तबस्सुम 67 वीं बीपीएससी परीक्षा मे 52 वीं रैंक लाकर बनी एसडीएम



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के कवलपुर के पूर्व सैनिक सह वर्तमान रेलवे कर्मी सैयद निजामुद्दीन की पुत्री नगमा तबस्सुम ने 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में 52 वां रैंक लाकर बनी एसडीएम। सैयद मैनुद्दीन साहब का छोटे भाई हैं निजाम। बीपीएससी क्वालीफाई करने पर इलाके में है खुशी की लहर। नगमा ने प्रखंड व जिले का किया नाम रौशन। नगमा की सफलता पर मुखिया रामजन्म पासवान, व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख सुभाष सिंह कुशवाहा, जिला पार्षद सुमन वर्मा, आभा कुमारी, पूर्व जिला पार्षद अनिरुद्ध सहनी, जिला पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी हेमंत किशोर वर्मा, सीओ पिंटू कुमार, थानाध्यक्ष अनील कुमार व तुरकौलिया पूर्वी पंचायत की निवर्तमान मुखिया सह एबी हास्पिटल की निदेशक बेबी आलम ने दिया बधाई।

## कांग्रेस राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इन्जीनियर असलम अलीग को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाये जाने पर बधाई



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** कांग्रेस नेता इन्जीनियर असलम अलीग को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नेशनल कोआर्डिनेटर बनाये जाने पर किशनगंज जिला में आपार हर्ष पाया जा रहा है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। इस संबंध में इन्जीनियर नेहाल अख्तर, मोहम्मद इकबाल अहमद एवम सरवर मेंहदी ने कहा कि इन्जीनियर असलम अलीग एक सुलझे हुये जुझारू एवम अपने काम के प्रति इमानदार व्यक्ति हैं। उन्हें कांग्रेस पार्टी ने यह जिम्मेदारी देकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। उनके समर्थकों ने अत्यन्त खूशी जाहिर करते हुए कहा कि इन्जीनियर असलम अलीग एक बेबाक और निर्भय नेता हैं जो हमेशा गरीबों मजलूमों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते हैं। और उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह बखूबी निभाने में सक्षम हैं। इस संबंध में इन्जीनियर असलम अलीग ने कहा कि मैं आभारी हूं .

## भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अधिवेशन में विहार से सैकड़ो लोगों की भागीदारी होगी- जागाराम शास्त्री



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी पूर्वी चंपारण ईकाई की बैठक महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान अवधेश पुरी कॉलोनी में किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी मनोज कुमार अकेला ने किया। बैठक में विशेष रूप से राज्य अध्यक्ष जागारण शास्त्री उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष शास्त्री ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाए ,और 9 10 दिसंबर को दिल्ली के बुराड़ी के पंचशील आश्रम मे भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अधिवेशन मे पूर्वी चंपारण सहित बिहार से अधिक से अधिक भागीदारी होगी कार्यक्रम को जिला प्रभारी मनोज कुमार अकेला ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय दलित साहित्य अकादमी का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियां को समाप्त करना और सामाजिक समरसता कायम करना है। पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता मे होने वाले बोर्ड ऑफ गवर्नरस की बैठक में प्रसाद रत्नेश्वर भाग लेंगे

## ओडिशा के भुवनेश्वर में अप संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को रोकने का उपाय बताएंगे प्रसाद रत्नेश्वर



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** आधुनिक चम्पारण रंगमंच के ध्वजवाहक ख्यात रंगकर्मी-साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर बिहार सहित देश के नौ राज्यों के सांस्कृतिक विकास हेतु देंगे सलाह। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 20 नवम्बर को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता के शासक दल ( बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ) की बैठक में उन्हें आमंत्रित किया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आंनद बोस करेंगे जबकि ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुबरदास मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर बिहार,असोम,झारखंड,मणिपुर,ओडिशा,सिक्किम,त्रिपुरा ,पश्चिम बंगाल एवं संघ शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह राज्य सरकारों के सचिव स्तर के पदाधिकारियों के अलावे इन राज्यों के चुने हुए कला-विशेषज्ञों की उपस्थिति होगी। उल्लेखनीय है कि मोतिहारी निवासी प्रसाद रत्नेश्वर चालीस वर्षों से रंगमंच पर सक्रिय हैं। वे बिहार के पहले ऐसे कलाविद हैं जिन्हें संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का सदस्य बनाया है।

# फिलिस्तीन के पीड़ितों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का होगा आयोजन

**किशनगंज , (अली रज़ा सिद्दीकी)।** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादूल-मुस्लिमीन ने आगामी 31 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक फिलिस्तीन के पीड़ितों के समर्थन में एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन का घोषना किया है । . मजलिस इत्तेहादूल-मुस्लिमीन के सहयोग से जिन संगठनों के साथ यह कार्यक्रम हो रहा है उनमें मजलिस उलेमा मिल्लत किशनगंज, मजलिस अहरार इस्लाम बिहार, राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल बिहार, अमन इन्सानियत फाउंडेशन, बहादुरगंज, मौलाना सरवर इमाम कुमी शिया जामा मस्जिद किशनगंज एवम अन्य सामाजिक संगठन शामिल हैं।इस संबंध में आज एमआईएम के प्रधान कार्यालय, किशनगंज में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें



अख्तरूल इमान, मौलाना शमीम रियाज नदवी, आदिल हसन और डाक्टर मोहम्मद अली सिद्दिकी सहित उक्त संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे। सभी किशनगंज एवं सीमांचल वासियों से उक्त विरोध कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि मानवता का संदेश फैलाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को इस विरोध और प्रार्थना कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए और मजलूमों का समर्थन कर अपनी इंसानियत का सबूत देना चाहिए. इस अवसर पर श्री अख्तरूल इमान ने कहा कि जाति, धर्म और संप्रदायवाद से ऊपर उठकर मानवता के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में लोग भाग लें और अपने पीड़ित भाइयों के पक्ष में आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि आज इसरायल के क्रूर बमबारी के कारण सारी दुनिया दुख और गुस्से से भर गई है। दुनिया भर में न्याय प्रिय लोग इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, इसलिए अपने पीड़ित फिलिस्तीनी भाइयों के लिए एक मजबूत आवाज बनना हमारा महत्वपूर्ण कर्तव्य है। लिहाजा मजलूमों के हक में आवाज उठाकर अपने मानव होने का हक अदा करें। एक इंसान बनकर दुनिया के सबसे बड़ा हैवान इसराइल को उसकी क्रूरता से रोकने के लिए आवाज उठाएं। ताकि आने वाले समय में जब हम से हमारी नस्लें यह पूछेगी कि जब इन्सानियत को आतंकवादी इसरायल खत्म कर रहा था तब आपने किया किया था तो हमारे पास कहने के लिए यह शब्द हो कि हमने आवाज उठाई थी।

## 31 अकटूबर को होगा एतिहासिक जिला मंगल मिलन वार्षिक समारोह




**मोतिहारी, अशोक वर्मा।**हिंदू नवजागरण मंच द्वारा 31अक्टुबर को मोतिहारी में होने वाले जिला मंगल मिलन के आयोजन समिति की बैठक जिला कार्यालय नरसिंह बाबा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू प्रसाद जायसवाल ने की।बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई। स्वागत, सुरक्षा, पंडाल ,स्वच्छता,पंजीयन, प्रचार, भोजन ,आपुर्ति आदि विभागों के प्रमुख ने अपने विभाग के तैयारी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक मुरारी शरण पांडे ने कहा कि जिला मंगल मिलन मंच का वार्षिक कार्यक्रम है जो इस बार 31 अक्टूबर को नरसिंह बाबा मंदिर परिसर में आयोजित होगा जहां जिला के करीब पांच सौ गांवों से लोग उपस्थित होकर मंगल मिलन करेंगे। मुख्य जिला कार्यकारी दिनेश कुमार ने कहा कि समाज को संगठित एवं संस्कारित करने के सिस्टम का नाम मंगल मिलन है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शंभू प्रसाद जायसवाल ने आयोजन कि तैयारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि मंच का काम ईश्वरीय कार्य है एवं कार्यकर्ता देवदूत हैं हमें तन मन धन से आयोजन कि सफलता के लिए कार्य करना है।

## एनसीसी कैंप के तीसरे दिन जिला भ्रमण पर रहे कैडेट्स



**मोतिहारी, अशोक वर्मा ।** पीपराकोठी के जवाहर नवोदय विद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय स्तर के एन.सी.सी."एक भारतःश्रेष्ठ भारत"कैंप का तीसरा दिन परिभ्रमण कार्यक्रमों का रहा जिसमें उड़ीसा से आए कैडेटों को जिले के प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप केसरिया का भ्रमण कराया गया।विश्व के सबसे बड़े बौद्ध स्तूप केसरिया की संरचना देख कर कैडेट्स भाव विभोर हो गए।उन्होंने वहां सेल्फी ली, फोटो खिंचवाए और स्मृतियों को कैमरे में सुरक्षित कर लिया।बिहार के सांस्कृतिक वैभव को देख कैडेट्स भावुक हो गए।वहीं दूसरी ओर बिहार और झारखंड के कैडेटों को बापूधाम चंद्रहिया,गांधी स्मारक और चरखा पार्क का परिभ्रमण कराया गया जिन्हें देखकर कैडेट्स उस नील आंदोलन के ज़माने को याद करने लगे जब किसानों की दुर्दशा की जानकारी होने पर गांधीजी को चंपारण आना पड़ा था और उन्होंने सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा जैसे आयुधों के द्वारा लड़ाई लड़कर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया था विदित हो कि कैडेटों को और भी दर्शनीय स्थलों का परिभ्रमण करवाने की योजना है। कैंप को सुचारू रूप में संचालित करने में कैंप कमांडेंट ब्रिगेडियर नीलकमल और डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंहकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया

**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** कला ,संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार ,पटना एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा निर्गत वार्षिक खेल कार्यक्रम के आलोक में जिला शतरंज संघ एवं चेस क्रॉप्स के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा रविवार को खेल भवन खगड़ा में जिला-स्तरीय विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता संपन्न करवाने के पश्चात इसका परिणाम भी घोषित हुआ। इस संबंध में वरीय उप समाहर्ता- सह-जिला खेल पदाधिकारी रंजीत कुमार ने सूचित किया कि इस आकर्षक शतरंज प्रतियोगिता में अपने जिले के 21 सरकारी व निजी विद्यालयों से 170 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन्हें अंडर



14, 17 एवं 19 बालक व बालिका विभागों में बांटकर इस प्रतियोगिता को सुसंपन्न करवाया गया। प्रत्येक विभाग से शीर्ष के 4 खिलाड़ियों को राज्य-स्तर पर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित किया गया। अंडर 14 बालक में ऋत्विक मजूमदार, आयुष कुमार, नमन कुमार एवं फरान ए अहमदी का चयन हुआ। जबकि बालिकाओं में पलचीन जैन,रिया गुप्ता ,दृष्टि दिया प्रामाणिक एवं राधिका कुमारी ने बाजी मारी। वहीं अंडर -17 बालक में मोहम्मद अमानुल्लाह, दीपंकर बर्मन, आकाश कुमार एवं देवराज सिन्हा ने पात्रता अर्जित करने में सफलता पाई। बालिकाओं में तराशा कुमारी, आन्वेषा बनर्जी, रिया श्री एवं तृषा गुप्ता अव्वल सिद्ध हुए। अंडर-19 बालक में दिव्यांशु कुमार सिंह ,कन्हैया कुमार एवं प्रिंस कुमार यादव क्रमशः प्रथम से तीसरे स्थानों पर रहे। बालिकाओं में ज्योती कुमारी, संपूर्णा दास, लक्ष्मी कुमारी प्रामाणिक एवं रुचि कुमारी राय का चयन किया गया। इन सारे विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। व्यवस्था संभालने में जिला शतरंज संघ के महासचिव शंकर नारायण दत्ता, वरीय संयुक्त सचिव एवं चेस क्रॉप्स के सीईओ कमल कर्मकार, सहायक सचिव मुकेश कुमार, रुद्र तिवारी ,दीया दत्ता एवं अन्य सक्रिय रहे।

## ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरतः केपीएस सेगर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए रविवार को सब्जी एवं टमाटर बेल्ट नगर पंचायत क्षेत्र के सेमरा गांव की बाग में किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आए अधिकारियों द्वारा किसानों को जैविक एवं ऑर्गेनिक तकनीक से फसल उगाने के फायदे बताए गए। बताया की ऑर्गेनिक तरीके से फसल उगाने पर कृषि उत्पादों का स्वास्थ पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है तथा बीमारियों से बचाव होता है। उपज भी ठीक रहती है। पारालशर बायो प्रोडक्ट कंपनी के रिजिनल मैनेजर केपीएस सेगर द्वारा ऑर्गेनिक खेती के लिए किसानों का उत्साहवर्धन किया। तथा उन्हें जरूरी टिप्स दिया बताया कि फसल में रासायनिक और कीटनाशक का प्रयोग किए जाने से मिट्टी किसकी उर्वरता भी कम होती है तथा रासायनिक और कीटनाशक से पैदा किए गए कृषि उत्पादो के इस्तेमाल से स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एवं तमाम बीमारियां उत्पन्न होती हैं। दवा उपचार में भी काफी आर्थिक क्षति होती है। जबकि बायो तकनीक से खेती करने से किसानों का फायदा ही फायदा है।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर युवक की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** गोरखपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक युवक की मौत हो गई। हादसे में टीनएजर की मौत हुई है। नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के शिव नगर कॉलोनी पहाड़गंज नाका निवासी आर्यन जायसवाल का कहना है कि उनकी अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर माफी में खाद की दुकान है।शनिवार की देर शाम दुकान बंद करने के बाद वह मोटरसाइकिल से वापस अपने घर आ रहे थे। आदित्य मोहल्ला निवासी शुभम सिंह की बाइक पर बैठा था और वह अपनी मोटरसाइकिल से थे। इसी दौरान हाईवे पर केटी पब्लिक स्कूल के पहले एक ट्रक ने पीछे से शुभम की बाइक को टक्कर मार दी।

## छह आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारने पीटने, गाली गलौज करने और धमकी देने की धारा में केस दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भूमि विवाद को लेकर मां बेटी पर हमला करके घायल कर देने के आरोप में कोतवाली पुलिस द्वारा छह आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारने पीटने, गाली गलौज करने और धमकी देने की धारा में केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे विश्वेश्वर असकरनपुर निवासी श्याम पती पत्नी लाल बहादुर का आरोप है कि उनके विपक्षी पट्टीदार शिव बहादुर से उनका भूमि विवाद चल रहा है। भूमि विवाद को लेकर विपक्षी शिव बहादुर तथा उनके परिवार की साधना, अर्चना, वंदना, सालू और संतोष देवी 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे अचानक उनके घर के पास पहुंच गए। तथा गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान शिव बहादुर ने धारदार हसिया से हमला करके घायल कर दिया।

## पति-पत्नी के विरुद्ध गाली गलौज व मारने पीटने धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मकान के विवाद को लेकर मां और पुत्र की पिटाई करने के आरोप में कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी पति-पत्नी के विरुद्ध गाली गलौज करने, मारने पीटने और धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के लल्लू पांडे का पुरवा खजुरहट निवासी कलावती पत्नी राजकुमार का आरोप है कि उनके देवर रजनीश पांडे से मकान का विवाद चल रहा है। 25 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे उनके देवर आरोपी रजनीश पांडे तथा देवरानी ममता द्वारा उनका रखा गया ईंट और वेल्डिंग मटेरियल का सामान इधर-उधर फेंका जाने लगा।

## महिला संबंधी अपराधों में भी कार्यवाही करने से कतरा रही खंडासा पुलिस

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रदेश सरकार जहां एक ओर महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा को लेकर बृहद तौर पर मिशन नारी सुरक्षा अभियान चला रही है और उक्त अभियान के तहत चौथे फेज में उत्तर प्रदेश पुलिस सहित अन्य विभागों के कर्मियों द्वारा विविध कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के खंडासा थानाध्यक्ष महिला उत्पीड़न संबंधी अपराधों में भी कार्यवाही नहीं करना चाह रहे हैं। जिसके चलते पीड़ित महिला थाने का चक्कर लगाने को मजबूर है। बता दें कि खंडासा थाना क्षेत्र के कंजी गांव निवासी नव विवाहिता संगीतू पत्नी अनिल कुमार पुत्री हृदय राम ने खंडासा पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसका विवाह खंडासा थाना क्षेत्र के ही शिवदासपुर बनकटवा कीन्हूपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र राम यज्ञ के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था।

## नंदीग्राम महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने पेश किया धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** योगीराज भारत जी की तपोस्थली नंदीग्राम भरत कुंड में आयोजित किया जा रहे सप्त दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राज माधव श्री इंटर कॉलेज जलालपुर माफी की छात्राओं द्वारा मंच पर अपनी धार्मिक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर राज माधव श्री इंटर कॉलेज जलालपुर माफी के अध्यापक निरंकार उपाध्याय, कदम पांडे, डी.के पाल, अजीत यादव, देवव्रत पांडेय, कुनाल श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे नंदीग्राम महोत्सव के आयोजक श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर छोटी छावनी नंदीग्राम के मुख्य पुजारी परमात्मा दास ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव में श्री राम महायज्ञ, श्री राम कथा, विद्यालय छात्रों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या के साथ 31 अक्टूबर को दिव्य दरबार के साथ महोत्सव का समापन होगा। कार्यक्रम में अनंत विभूषित पूज्य महंत डॉक्टर रामानंद दास जी महाराज समेत तमाम साधु संतों द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है।

आयोजन | आई.एम.ए. हांल में डांडिया धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# लोकनृत्य "डोमकच" के साथ डांडिया धमाल कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा ।** इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन की तरफ से आई.एम.ए. हांल में डांडिया धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों का स्वागत चंदन टीका लगाकर निशा प्रकाश ने किया ।कार्यक्रम का आरंभ प्रेसिडेंट कुमारी अमृता, आईपीपी राखी शाह, वाइस प्रेसिडेंट मीरा सिंह, कोषाध्यक्ष चन्द्रलता वर्मा, आई.एस.ओ. नीलम वर्मा, एडिटर आबिदा शमीम, पीपी रजनी कौशल, पीपी आशा सिंह, पीपी धीरा गुप्ता,पीपी निशा देव, चार्टर ट्रेज़र लोकिता कुमारी ने संयुक्त रूप से मिलकर दीप प्रचलित कर किया। मंच संचालन एडिटर आबिदा शमीम ने किया। पीपी आशा सिंह ने मां दुर्गा की स्तुति किया। इसके बाद कार्यक्रम में सदस्य दीपा गुप्ता, बिंदु गुप्ता के द्वारा डांडिया के गाने पर नृत्य की प्रस्तुति हुई। हमारे परंपरा को दर्शाते हुए डोमकच नृत्य पीपी निशा देव, रंभा श्रीवास्तव, पूनम गुप्ता एवं अलका सिंह के




द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए क्लब एडिटर आबिदा शमीम ने सभी सदस्य को खेल के माध्यम से गरबा के गानों पर नृत्य कराया। अध्यक्ष कुमारी अमृता ने कहा कि हमारी संस्था हर साल की तरह इस साल भी डांडिया का आयोजन कर रही है, जिससे हम अपने संस्कृति से जुड़ते हैं ।कार्यक्रम की संयोजिका लोकता कुमारी,पीपी निशा देव, आई पीपी राखी शाह, के सहयोग से बहुत ही अच्छा आयोजन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रेसिडेंट मीरा सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रियंका गुप्ता, सरिता जायसवाल, वंदिता सिप्पी, तृप्ति सिंह, नंदिनी सिंह, अंजू श्रीवास्तव, करुणा कुमारी, सरोज जी, नम्रता कुमारी, मनीषा प्रसाद,अनुपमा जी आदि सदस्याएं शामिल थी।

# भारत विकास परिषद एवं साइकलिंग एसोसिएशन ने निकाली पोलियो जागरूकता मेगा रैली

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा ।** रोटरी मोतिहारी लेक टाउन, रोटरी मोतिहारी इनर व्हील ,मोतिहारी लेक टाउन रोटरेक्ट तथा भारत विकास परिषद एवं साइकलिंग एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से एक वृहद पोलियो रैली निकाली गयी जो सदर अस्पताल से निकलकर शहर के मुख्य मार्गो का परिभ्रमण करते हुए रेडक्रॉस भवन में समाप्त हुआ। विदित हो कि भारत में पोलियो वायरस पिछले 10 साल से नहीं पाई गई है परंतु पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और अफगानिस्तान मुल्क में पोलियो वायरस अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है इस परिस्थिति में हम भारतवासियों को सतर्क रहना है तथा अपने 5 साल के नीचे के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते रहना है। करीब 36 साल पहले रोटरी ने सपना देखा था कि विश्व से पोलियो को भगाकर ही दम लेना है और रोटरी का यह सपना आज साकार होते हुए नजर आ रही है। विश्व में दो ही ऐसा देश है जिसमें आज




भी पोलियो वायरस पाए जा रहे हैं इसलिए हमें सतर्क एवं सजग रहने की जरूरत है तथा पोलियो को विश्व से भगाना है। रैली में मुख्यतः रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के प्रेसिडेंट राकेश कुमार रामू ,सचिव डॉक्टर प्रिया प्रसाद , जिला चेयर देवप्रिय मुखर्जी , डॉक्टर आलोक कुमार, प्रियंका सरकार, रोहित कुमार ,राकेश कुमार सिन्हा , एन के अस्थाना, अरविंद कुमार, मधुर जायसवाल, इनर व्हील के अध्यक्ष अमृता कुमारी ,आशा सिंह, धीरा गुप्ता ,निशा देव ,चंद्र लता वर्मा, दीपा गुप्ता, मनीष सिंह, रोटरी मोतिहारी के अध्यक्ष डॉक्टर एल बी प्रसाद, डॉक्टर अमित ,डॉक्टर बिनेश कुमार चौधरी,साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव सिद्धार्थ वर्मा ,रोटरेक्ट मोतिहारी लेक टाउन के अध्यक्ष राहुल केसरी , मकबूल, अदिति, प्रसिद्ध, आदित्य,भावना,शिवांशू, राज इत्यादि ने इस रैली मे शामिल हुए।

## ख़ास ख़बर

### गैंगेस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां।** स्थानीय बलुआ थाना क्षेत्र के मथेला नहर से मुखबीर की सूचना पर कई धाराओं में वांछित अभियुक्तों को शनिवार की रात में गिरफ्तार कर लिया । आगामी कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया । पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देश पर चलाये जा रहे वांछितों की गिरफ्तारी का अभियान के क्रम में बलुआ इंस्पेक्टर बिनोद मिश्रा द्वारा मय फोर्स पैदल गस्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की मथेला से कैलावर जाने वाले नहर मार्ग पर गैंगेस्टर अभियुक्त जा रहे है । पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया । बलुआ इंस्पेक्टर ने बताया कि संजय यादव व राजकुमार यादव ग्राम कैलावर के निवासी है । ये दोनों गैंगेस्टर के अभियुक्त है । इनके खिलाफ जनपद के बिभिन्न थानों व अन्य जनपद में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत है । ये दोनों अभियुक्त वांछित है । इनके ऊपर कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है ।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया घर से गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/पीडीडीयू नगर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान दो वांछित वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। दो लोगो के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। बताया जा रहा है कि प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस की टीम ने वारंटी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विद्युत वाद अधिनियम के वांछित अभियुक्त पन्नालाल पुत्र स्वर्गीय छेदी को चतुर्भुजपुर से गिरफ्तार किया है, जबकि एक और वारंटी जयप्रकाश पुत्र गुलाब को हरिशंकरपुर से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी में देते हुए पुलिस ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार करने के बाद आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है, क्योंकि इन दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। मुग़लसराय पुलिस ने बताया कि इनको गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय सहित उप निरीक्षक राजकुमार शुक्ला, अनिल कुमार वर्मा के साथ-साथ हेड कॉन्स्टेबल विनय कुमार यादव और योगेश प्रताप सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### जीआरपी एवं आरपीएफ पोस्ट की संयुक्त टीम ने दो शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/पीडीडीयू नगर।** स्थानीय जीआरपी पुलिस ने देसी शराब के साथ दो तस्वीरों को किया गिरफ्तार । स्थानीय जंक्शन पर राजकीय रेल थाना पुलिस की टीम ने अपराध नियंत्रण और शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए गस्त रही थी तभी देखा की प्लेटफार्म नंबर 4/5 रोड फ्लावर ब्रिज के नीचे से शराब तस्कर को नजायज देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बदामदी के आधार पर स्थानीय थाने में कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त ने पूछताछ बताया कि" हम लोग बिहार राज्य में शराब बंदी होने के कारण उत्तर प्रदेश से शराब खरीद कर बिहार प्रांत में ले जाकर ऊंचे दामों में बेच कर अपना खर्चा चलाते हैं" दोनों तस्करों का 1- नाम विकास कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी चकिया थाना डेहरी जिला रोहतास उम्र 30 वर्ष 2- श्याम बाबू शाह पुत्र नंदलाल शाह निवासी ग्राम कुदरा जिला कैमूर बिहार उम्र लगभग 40 वर्ष के पहचान के रूप में हुई इनके पास से 40 ,50 टेट्रा पैक बरामद किया गया इसकी कुल कीमत लगभग 6300 बताई जा रही है।इनके उपर मुकदमा संख्या 314/ 23 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना जीआरपी डीडीयू में किया गया गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक हरिशंकर यादव प्रभारी चंदौली, थाना जीआरपी डीडीयू, हेड कांस्टेबल अनिल मौर्य, कांस्टेबल मुन्ना राय आरपीएफ पोस्ट सैयद राजा, संतोष कुमार आरपीएफ पोस्ट सैयद राजा।

### टांडाकला में मिले शव की हुयी शिनाख्त

**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां।** स्थानीय बलुआ थाना क्षेत्र के टांडाकला के सेमरी घाट पर मिले युवक के शव की शिनाख्त अदलहाट मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के नई बस्ती शेरपुर निवासी पवन प्रजापति ( 19 वर्ष ) के रुप में हुयी। मृतक के पिता समेत आये परिजनों ने शव को देखकर उसकी मोबाइल, सिम व उसके पहनावे से उसकी पहचान किया। शिनाख्त करने परिवार जनों के साथ आये पिता राजकुमार प्रजापति ने बताया कि मृतक पवन चार भाई बहनों अजय, पवन शुभम व अंजली में दूसरे नंबर का था। यह घर के पास एक कॉलेज से बीए की पढ़ाई के साथ साथ कंप्यूटर सीख रहा था। बीते बुधवार को शाम चार बजे कंप्यूटर पढ़ने के लिए घर से निकला लेकिन घर वापस नहीं आया। उसी दिन शाम 6:49 बजे उसकी बहन से मोबाइल पर बात हुयी लेकिन 6:55 पर फोन करने पर मोबाइल स्विच ऑफ़ हो गयी थी। जिसके बाद से खोजबीन करते हुए अदलहाट थाने में गुमसुदगी दर्ज कराया था। कल समाचार पत्रों में छपी खबर के आधार पर बलुआ पुलिस से संपर्क करके शव का शिनाख्त किया और चौकी प्रभारी मारूफपुर अभिषेक शुक्ला के साथ सेमरी घाट पर पहुंचकर कपड़ों व मोबाइल आदि को देखा।

# महायज्ञ के अंतिम दिन निवासचार्य महाराज ने आशीर्वचन दिया



**शुभ भास्कर चंदौली चहनियां।** क्षेत्र के कांवर स्थित महालक्ष्मी मां महड़ौरी देवी मंदिर परिसर में चल रहे चतुर्मासा महायज्ञ के पांचवे व अंतिम दिन देर शाम को पहुँचे गादी के स्वामी सन्त श्रीनिवासाचार्य व कांची मदुरई से पधारे बालक स्वामी का पुष्प वर्षा कर जमकर स्वागत हुआ । प्रबचन स्थल पर गद्दी पर विराजमान श्रीनिवासाचार्य महाराज का चार महीने तक कथा करने वाले अयोध्या के पीठाधीश्वर बिद्या भास्कर जी महाराज ने पांव पघार कर चरण स्पर्श किया । देर रात तक चले वैष्णव सन्त सम्मेलन में तमाम वैष्णव सम्प्रदाय के सन्तो,सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ,काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विद्वानों विद्वत सभा का आयोजन हुआ। लक्ष्मी नारायण व मां महड़ौरी देवी के जयकारों से स्थल गूंज उठा । गादी के स्वामी सन्त श्रीनिवासाचार्य महाराज ने पीठाधीश्वर बिद्या भास्कर महाराज ,यज्ञ समिति व क्षेत्र को सफल महायज्ञ कराने के लिए आशीर्वाद दिया । उन्होंने कहा कि महायज्ञ कराना बहुत बड़ी बात है । भारत मे अपनी संस्कृति बचाने के लिए सन्तो का योगदान रहा है । आज दुनिया मे जितना भी अत्याचार हो रहा है वो लालच और नशे में होता है । इसे बचाना हम सब का कर्तव्य है । कांची मदुरई के सन्त स्वामी बालक दास ने कहा कि वैष्णव समागम हर क्षेत्र में करना चाहिए । ताकि आने वाली पीढ़ी भारतीय संस्कृति,अपने पूर्वजों की बलिदान व सृष्टि चलाने देवो को याद रखे । इस दौरान समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, उपाध्यक्ष व प्रधानपति गृजेश सिंह,कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह, श्रीनिवास पाण्डेय, बलिराम पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, रामभजन पाण्डेय, विवेक यादव, अमित यादव, कौशल सिंह, कपिलदेव सिंह, संदीप सिंह, पवन सिंह, शिवशंकर पाण्डेय, हीरा सोनकर, रामसूरत राम, रामलाल आदि लोग उपस्थित थे ।

## ग्रापए की बैठक सम्पन्न, अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन आज



**शुभ भास्कर चंदौली/शहाबगंज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चकिया की आवश्यक बैठक रविवार को विकास खण्ड कार्यालय परिसर में जिलाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सोमवार को विकास खण्ड कार्यालय परिसर में होने वाली अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई तथा ग्रापए के सदस्यों व पदाधिकारियों को कवि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।इस दौरान जिलाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि आज के भागम-भाग की जिंदगी में हास्य कवि सम्मेलन कराया जाना सराहनीय कार्य हैं।हंसने से तनाव दूर होता है।उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से हास्य कवि सम्मेलन में भाग लेने की अपील की।हास्य कवि सम्मेलन में जाने-माने कवि राधेश्याम भारती प्रयागराज,प्रदीप महाजन बाराबंकी,डंडा बनारसी वाराणसी,हिना आरजू कानपुर,सोनी मिश्रा हरदोई,नजर इलाहाबादी प्रयागराज,बादशाह प्रेमी कुशीनगर भाग लेंगे।कवि सम्मेलन का संचालन प्रसिद्ध कवि अनिल चौबे करेंगे।बैठक में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष मुसाफ़िर विश्वकर्मा,विनोद सिंह,मंगला सिंह,उदय प्रताप सिंह,मिथिलेश,डॉ देवेंद्र नारायण सिंह,संदीप गुप्ता,मोहम्मद तस्लीम,राजन सिंह,रत्नेश यादव,तनवीर, इरफान ,राजन सिंह,श्याम यादव आदि उपस्थित थे।

## ब्रेन स्ट्रोक के मरीज आयुर्वेद का करें सेवन, रहेंगे निरोग, डॉ अशोक दुबे



**शुभ भास्कर चंदौली/इलिया।** स्थानीय कस्बा में ब्रेन स्ट्रोक दिवस पर रविवार को बरहुआ स्थित मृत्युंजय हॉस्पिटल पर मरीजों को रोग से बचाव की जानकारी दी गई। आयुर्वेद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अशोक दुबे ने कहा कि कि नशे की लत और गतिहीन जीवनशैली के कारण युवाओं में ब्रेन स्ट्रोक की घटनाएं बढ़ रही हैं। ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के इलाज में समय सबसे महत्वपूर्ण है और मरीजों के बीच अधिक जागरूकता की जरूरत है। "हम शीघ्र पहचान और उपचार के तहत विकलांगता को कम कर सकते हैं। ऐसे मरीज को समय पर अस्पताल लाया जाए तो परिणामों में काफी सुधार हो सकता है, "उन्होंने कहा ऐसे लोगों को पालक, बादाम, बीन्स, चुकंदर, का सर्वाधिक सेवन करना चाहिए इससे रक्तचाप को कम करने में मदद मिलती है। वही बिस्किट, केक ,पेस्ट्री ,बर्गर, पिज्ज़ा ,तले हुए खाद्य पदार्थ आलू के चिप्स, कुरकुरे, व अन्य स्वादिष्ट स्नैक्स का कम सेवन करना चाहिए। इसका आयुर्वेदिक उपचार ब्राम्ही वटी व अश्वगंधा का सेवन करें। व अपने दिनचर्या को सही रखने व योग करने की सलाह दी। इस दौरान आशीष कुमार, कमलेश पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद चौबे, अयोध्या प्रसाद सहित दर्जनो मरीज उपस्थित थे।

## पुलिस ने 15 हजार इनामिया दो गैंगेस्टर को किया गिरप्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/धीना।** पुलिस ने अभियान चलाकर रविवार को मुखबिर की सूचना पर 15 हजार के दो वांछित गैंगेस्टर आरोपियों को गिरप्तार किया।इसमें गुड्डू कुमार को आवास बहेरी से व ललई भाट राजभर को चन्दौली कचहरी से गिरप्तार कर अगली कार्रवाई में जुट गई।पुलिस दोनों आरोपियों का काफी दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक ड़ा0 अनिल कुमार के निर्देश पर वांछित गैंगेस्टर को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत मुगलसराय थाना में गोवध अधिनियम के तहत वांछित आरोपी गुड्डू कुमार निवासी बहेरी व कन्दवा थाना,धानापुर थाना में वांछित आरोपी ललई भट राजभर निवासी मुरारपुर थाना जलालपुर जौनपुर पर मुकदमा दर्ज था।दोनों वांछितों का पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी।पुलिस वांछित गैंगेस्टर पर 15 हजार का इनाम रखा था।धीना थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव दोनों वांछित गैंगेस्टर का काफी दिनों से तलाश कर रहे थे।मुखबिर की सूचना पर बहेरी निवासी गुड्डू कुमार को उसके घर से व ललई भाट राजभर को चन्दौली कचहरी से गिरप्तार किया।पुलिस दोनों वांछित गैंगेस्टर को गिरप्तार कर कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया।पुलिस टीम में धीना थाना प्रभारी रमेश यादव, उपनिरीक्षक हरिनाथ यादव, हेड कांस्टेबल दुष्यंत यादव, कांस्टेबल विपिन यादव, हरेंद्र यादव, कुलभूषण सरोज आदि रहे।

## स्वामी रामधनी जी महाराज का आगमन हुआ, ग्रामीणों में हर्ष



**शुभ भास्कर चंदौली/बबुरी।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के भटरौल स्थित स्वामी कबीर जी महाराज की जन्मस्थली पर रविवार को परम पूज्य स्वामी नामधनी जी महाराज का आगमन हुआ। आगमन के पश्चात भक्त कमला शंकर के आवास पर भी गए, जहां पर भक्तों ने स्वामी जी का फूल मालाओं से लाद कर स्वागत व वंदन किया। भंडारे में आए हुए सभी श्रद्धालु जनों, सत्संगी प्रेमियों, भक्त भामिनियों, बच्चे बच्चियों, बाल गोपालो एवं दीन दुखियों को आशीर्वचन देते हुए स्वामी नामधनी जी महाराज ने कहा कि इस धरातल पर यज्ञ,दान,तपादि कर्म धर्म जो है उससे बढ़कर तत्वदर्शी महापुरुष यानी सद्गुरु भगवान से उपदेश लेकर कर्म करें तो उसका फल सबसे उत्तम है जो मनुष्य बिना श्रद्धा के साथ तत्वदर्शी महापुरुष की पूजा करते हैं और जबानी मानते हैं ऐसा करने वालों को काल खा जाएगा तथा उनकी पूजा का कोई फल भी नहीं मिलेगा उसे मनुष्य का इस लोक में भला है न परलोक में! इसलिए अपनी भलाई के लिए हरी नाम के सुमिरन में,ध्यान में अधिकाधिक मन को लगाते हुए वर्तमान संत सतगुरु की प्रसन्नता के लिए तथा अपने जीव के कल्याण के लिए नियत कर्म को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ जीवन पर्यंत करता रहे। नामधनी दुर्लभ संसारा निमिष दंड सरी एकहूं बारा,श्रुति सिद्धांत मैं कहउ पुकारी, हरि भजो सब काज विसारी, बिनु श्रद्धा मम सेये स्वामी, नामि नमामि नमामि नमामि।

## उज्जवला योजना से महिलाओं में हर्षः सूर्यमुनी तिवारी



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा।** स्थानीय कस्बा में भारत सरकार के प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रविवार को सकलडीहा में दर्जनों लाभार्थियों को निःशुल्क गैस व चुल्हा सहित अन्य सामाग्री वितरण किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि सूर्यमुनी तिवारी ने सरकारी की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सरकार की उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिलने पर लाभार्थियों ने हर्ष जताया। शासन की ओर से साल में दो बार फ्री गैस सिलेंडर देने की तैयारी दिवाली पर शुरू होने वाला है। इसके पूर्व प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत सकलडीहा विकास खंड के दर्जनो लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेडर के साथ चुल्हा, रेगुलेटर, पाइप सहित अन्य सामाग्री का वितरण राजभारत गैस की ओर से वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि देश में मोदी सरकार महिला कल्याण के लिए अनेकों लोक कल्याणकारी योजना चला रही है । सरकार महिलाओं के लिए निः शुल्क गैस सिलेंडर, इज्जत घर, राशन कार्ड सहित अनेकों योजनाओं से लाभान्वित व आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है। वही भाजपा नेता विजय गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की उज्जवला योजना महिलाओं के लिये खुशहाली भरी योजना है। इससे काफी सहुलियत ग्रामीण अंचल पर मिल रहा है। इस मौके पर राज भारत गैस के निदेशक राजबहादूर सोनकर ,मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, विजय गुप्ता, कुमुद बिहारी सिंह, गया सिंह, मुसाफिर प्रजापति, मुन्नीलाल, रविशेखर राय, दीपक केशरी, राजबहादुर, मोनू पाण्डेय आदि रहे।

# ओएमआर शीट के माध्यम से होगा विद्यार्थियों का उपलब्धि आकलन - डा0 माया सिंह



**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद के चकिया में राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ० माया सिंह के निर्देशन में जनपद चंदौली के कक्षा 3, कक्षा 6 और कक्षा 9 के उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी, माध्यम के विद्यालयों में भाषा और गणित विषय का स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे 2023 दिनांक 3 नवंबर 2023 को किया जाएगा जिसमें जनपद चंदौली के लिए एन० सी ०ई०आर० टी०नई दिल्ली द्वारा कुल 627 विद्यालयों चयन किया गया है जिसमें 18510 विद्यार्थियों का उपलब्धि आकलन होगा इसके लिए जनपद के डी०एल०एड ०/ बी०एड० कालेज के 690 प्रशिक्षुओं को फील्ड इन्वेस्टीगेटर बनाया गया है जो सर्वे का कार्य करेंगे डा० माया सिंह ने बताया कि इस उपलब्धि आकलन को सफल बनाने के लिए जनपद में 02 जिला समन्वयक डायट प्राचार्य और जिला विद्यालय निरीक्षक 04 सहायक जिला समन्वाहक जिला बेशिक शिक्षा शिक्षा अधिकारी एंव डायट प्रवक्ता एवं 29 ब्लॉक कोऑर्डिनेटर खण्ड शिक्षा अधिकारी और ए०आर०पी० को नामित किया गया इस शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण विद्यार्थियों के भाषा, गणित का उपलब्धि आकलन होगा इस सर्वेक्षण में कक्षा 3 कक्षा 6 तीन-तीन सेट में प्रश्नपत्र होगे तथा कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए 4 सेट में प्रश्नपत्र का वितरण किया जायेगा डा० माया सिंह ने सभी ब्लॉक कोआर्डीनेटर एवं फील्ड इन्वेस्टीगेटर को सर्वे का कार्य शुचिता पुर्वक एवं नकल विहीन सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया सर्वे प्रभारी श्री राजेश कुमार सिंह प्रवक्ता बिजेन्द्र भारती, श्री कमर अयूब द्वारा एस०सी०ई०आर०टी० से उपलब्ध करायी गयी गाइडलाइन के अनुसार ब्लॉक कोआर्डीनेटर और फील्ड इन्वेस्टीगेटर को बैचवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है सर्वे को सफल सम्पन्न एवं कोई व्यवधान की स्थिति में निराकरण हेतु प्राचार्य द्वारा कन्ट्रोल रूम बनाया गया है जिसके सदस्य डा० जितेंद्र सिंह, डा० रामानंद कुमार, प्रवीण कुमार राय, अजहर सईद, कमर अयूब, अमित कुमार, रमाशंकर यादव है।

कार्यक्रम — मन की बात का कार्यक्रम का 106वां एपिसोड को भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कार्यकर्ताओं व आम जनता के साथ सुना

# 31 अक्टूबर को रखी जाएगी 'मेरा युवा भारत' संगठन की नींव, देश के कोने-कोने से आई मिट्टी से दिल्ली में बनेगी 'अमृत वाटिका'



**शुभ भास्कर चंदौली/बबुरी।** स्थानीय कस्बा में पीएम मोदी के मन की बात का कार्यक्रम का 106वां एपिसोड को भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर ( मुगलसराय) विधानसभा के बूथ संख्या 318 बबुरी में कार्यकर्ताओं व आम जनता के साथ सुना। पीएम नरेंद्र मोदी मन की बात को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस समय देश में स्पोर्ट्स का भी परचम लहरा रहा है। पिछले दिनों एशियन गेम्स के बाद पैरा एशियन गेम्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की, इन देशों में भारत ने 111 मेडल जीतकर एक नया इतिहास रच दिया। मैं पैरा एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने महान संत मीराबाई का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि देश इस साल मीराबाई की 525वीं जन्मजयंती मनाएगा। वो देशभर के लोगों के लिए कई वजहों से एक प्रेरणाशक्ति रही है। अगर किसी को संगीत में रुचि हो तो वो संगीत के प्रति समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण हैं, अगर कोई दैवीय शक्ति में विश्वास रखता हो, तो मीराबाई का श्रीकृष्ण में लीन हो जाना उसके लिए एक बड़ी प्रेरणा बन सकता है। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है. इसकी नींव सरदार पटेल की जन्म जयंती के मौके पर रखी जा रही है।इस संगठन का नाम- मेरा युवा भारत यानी MYBharat है। MYBharat संगठन भारत के युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म-जयंती है। उन्होंने कहा कि हम भारतवासी, उन्हें कई वजहों से याद करते हैं. उन्हें इसलिए भी नमन किया जाता है, क्योंकि उन्होंने देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, नीलम देवी, मालती देवी, रुकमिना देवी , बृजेश बिंद, वसीम अहमद, कामेश्वर तिवारी,रामबृक्ष राम, संजय राम, राजबहादुर राम, रमेश प्रसाद, श्रीप्रकाश राम, चंदू राम सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के बारे में लोगों किया गया जागरूक



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली तहसील सकलडीहा के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम सभा डेढ़ावल ब्लॉक सकलडीहा में डी एल एस ए स्थाई लोक अदालत के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया। तहसील से लेकर जिला मुख्यालय तक दीवानी न्यायालय परिसर एवं कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाली लोक अदालत में निम्नलिखित वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। जिसमें दाण्डिक शमनिय मामले, ई चालान एन०आई०एक्ट मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के मामले जिसमे दुर्घटना सूचना रिपोर्ट तथा राज्य परिवहन मामले भी शामिल है। वैवाहिक वाद / परिवाद न्यायालय के मामले, बम विवाद से सम्बन्धित मामले जिसमे नीति के अनुसार बिना पारिश्रमिक के पुनः नियोजन के मामले तथा औद्य मामले, भूमि अधिग्रहण मामले जिसमें औद्योगिक बोर्ड ओएनजीसी रेलवे से सम्बन्धित भूमि से वाद तथा उनसे सम्बन्धित निष्पादन वाद, दीवानी न्यायालय से सम्बन्धित बाद जिसमे किरायेदारी वसूली , राजस्व बाद, विद्युत पानी व बिल से सम्बन्धित बाद विद्युत चोरी, सेल्स टैक्स, इनकम टैक्स इनडायरेक्ट टैक्स रेवेन्यू से सम्बन्धित व अन्य कामर्शियल से सम्बन्धित टैक्स, सर्विस मैटर से सम्बन्धित वाद, वन अधिनियम से सम्बन्धित मामले, केन्टोमेण्ट बोर्ड से सम्बन्धित मामले, रेलवे क्लेम से सम्बन्धित मामले, आपदा क्षतिपूर्ति के मामले, अपील दाण्डिक, सिविल एवं प्रकीर्ण वाद, मूल वाद, याचिकायें लोक अदालत के निस्तारित किए जा सकते हैं। इसके संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएनवी संजीव कुमार शर्मा, चंद्रशेखर राय, खुशीहाल गुप्ता, विमल कुमार, अनुज शर्मा, अवधेश यादव, राकेश कुमार, धनंजय श्रीवास्तव, पवन कुमार दुबे साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।